


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते




वैशाख कृष्ण पक्ष 13, संवत 2081 | रांची, सोमवार, 06 मई 2024, वर्ष-25, अंक-92, पृष्ठ-12 | मूल्य ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित


सेंसेक्स 73,878.15 ▼ -732.96
डॉलर 83.422 ▲ +0.027

**रांची सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 67,545
चांदी (1 किलो) 86,500

## आज के मैच




**समय : 06 मई, 7:30 बजे से**
**स्थान : लखनऊ**

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्वाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।




# भाजपा झारखंड की संपदा लूटकर अडाणी-अंबानी को देना चाहती है

***बोले सीएम : यह चुनाव लोकतंत्र व संविधान को बचाने की लड़ाई, झांसे में न आएं***

***वे हमारी पारंपरिक मानकी-मुंडा व्यवस्था को खत्म करने की साजिश रच रहे हैं***

**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा**

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कोल्हान में पांव जमा दिया है। वह पूरे कोल्हान में गत विधानसभा चुनाव में झामुमो को मिली सफलता को इस लोकसभा चुनाव में दोहराने के लिए कटिबद्ध हैं। वह क्षेत्र में एक के बाद एक जनसभा कर न सिर्फ प्रधानमंत्री व राजग पर निशाना साध रहे हैं बल्कि चुनाव बाद राज्य सरकार की लागू होने वाली योजनाओं से लोगों को लुभा रहे हैं। रविवार को चाईबासा के मझगांव में इंडी प्रत्याशी जोबा मांझी के पक्ष में आयोजित जनसभा में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और भाजपा की नजर झारखंड की खनिज संपदाओं पर है ताकि वे इसे लूटकर अडाणी-अंबानी को दे सकें। उन्होंने कहा कि यह चुनाव झारखंड की अस्मिता के साथ संविधान को बचाने की लड़ाई है। इसलिए बिना विभ्रम में फंसे इंडी गठबंधन व झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी को भारी मतों से विजयी बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा हमारे जल, जंगल, जमीन को बेचकर अडानी अंबानी के हाथों में सौंपना चाहती है, जिसे कभी पूरा नहीं होने दिया जाएगा। भाजपा नहीं चाहती कि यहां के आदिवासी-मूलवासी आगे बढ़ें। वे हमारी हमारी मानकी-मुंडा व्यवस्था को खत्म करने की साजिश कर रहे हैं। कहा हमारी सरकार आगामी जून महीने से विद्यालयों में प्राथमिक कक्षा से जनजातीय भाषा की पढ़ाई प्रारंभ कराने जा रही है। इसके लिए विद्यालयों में शिक्षकों की बहाली होगी, स्थानीय मूल भाषा की पढ़ाई के लिए जहां 10 विद्यार्थी भी होंगे वहां एक शिक्षक नियुक्त किए जाएंगे। ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर

## भाजपा ने जानबूझ कर लाखों लोगों को अधिकार से वंचित रखा : कल्पना



**रांची।** गांडेय विधानसभा उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने रविवार को गिरिडीह प्रखंड के कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान कल्पना सोरेन ग्रामीणों से सीधे रूबरू हुई और ग्रामीण पुरूषों और महिलाओं के पेंशन से जुड़ी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। कल्पना सोरेन ने ग्रामीणों को भरोसा दिया कि इन समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाएगा। कल्पना सोरेन ने कहा कि आप सभी के बेटे और भाई हेमन्त सोरेन ने सर्वजन पेंशन योजना शुरू की है। जिससे राज्य के 36 लाख बुजुर्ग, विधवा, एकल और परित्यक्त महिला तथा दिव्यांगजनों को हक-अधिकार से जोड़ा गया है। कल्पना ने कहा कि भाजपा ने 20 साल राज्य में शासन कर जान बूझकर लाखों लोगों को अपने अधिकार से वंचित रखा था। भाजपा नहीं चाहती कि झारखण्ड आगे बढ़े और झारखण्डवासियों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हो।

## भाजपा को केंद्र से उखाड़ फेंकने के लिए सबको एकजुट होने की जरूरत : जोबा

जनसभा के दौरान महागठबंधन की प्रत्याशी जोबा माझी ने कहा की तानाशाह भाजपा सरकार को केंद्र से उखाड़ फेंकने के लिए हम सबों को एकजुट होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा की साजिश के तहत राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजने का काम किया गया है, लेकिन झारखंडियों के मान सम्मान के लिए

**हेमंत ने झारखंड का मान-सम्मान झुकने नहीं दिया**

हेमंत सोरेन भाजपा के सामने नहीं झुके। इसलिए यहां की जनता अपनी एक-एक वोट से इसका जवाब देकर हेमंत सोरेन को मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड की उन्नति, अपने शासन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए आगामी 13 मई को अपनी-अपने घरों से निकाल कर बूथ पर जाकर तीर धनुष छाप पर वोट करें।

# पीएम झारखंड के सिमरिया में 12 और बिरनी में 16 को करेंगे जनसभा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य की धरती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फिर आएंगे। वे 12 मई को चतरा लोकसभा क्षेत्र के सिमरिया प्रखंड स्थित मुरुवे मैदान में अपराह्न तीन बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद 16 मई को गिरिडीह जिला अंतर्गत बिरनी प्रखंड के पेशमअरवाड़ मैदान में सुबह आठ बजे से जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पूर्व प्रधानमंत्री ने दो दिवसीय दौरे पर तीन मई को सिंहभूम में जनसभा और राजधानी रांची में रोड शो किया था। साथ ही चाई मई को पलामू और सिसई क्षेत्र में जनसभा को संबोधित किया था। प्रधानमंत्री मोदी का झारखंड से गहरा लगाव है। उन्होंने इस धरती से ही आयुष्मान भारत योजना की लॉन्चिंग की थी। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के गांव उलीहातु जाने वाले वे देश के पहले प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को पूरे देश में जनजातीय गौरव दिवस के रूप मनाने की शुरूआत की। इतना ही नहीं मोदी ने राष्ट्रीय स्तर की कई योजनाओं की लॉन्चिंग भी झारखंड के धरती से की।

## सात को राहुल चाईबासा व गुमला में करेंगे चुनावी सभा



**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 7 मई को चाईबासा और गुमला में दो चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटि ने राहुल गांधी के एक दिवसीय दौरा पर कार्यक्रम को लेकर संबंधित जिलों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि राहुल गांधी सर्वप्रथम टाटा कॉलेज चाईबासा में झारखंड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार जोबा मांझी के समर्थन में पूर्वाह्न 11:30 बजे तथा लोहरदगा उम्मीदवार सुखदेव भगत के समर्थन में 2:00 बजे गुमला जिला के बसिया के कोनवीर में चुनावी सभा में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि दोनों जगह पर आमसभा को सफल बनाने के लिए रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा के कार्यकर्ता एवं नेताओं को निर्देश दिए गए हैं,साथ ही सभा स्थल पर तैयारी की समीक्षा भी लगातार की जा रही है। इसके अलावा इंडिया के घटक दलों एवं उम्मीदवार के साथ भी बेहतर समन्वय स्थापित कर सभा के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। झारखंड के प्रथम चरण में होने वाले चार सीटों के लिए राहुल गांधी का यह प्रथम दौरा है और होने वाली दोनों सभाएं अभूतपूर्व से सफल होंगी।



## रांची के बीएसएनएल ऑफिस के स्टोर रूम में लगी आग

**रांची । राजधानी रांची के मेसरा ओपी क्षेत्र अंतर्गत जुमार नदी के पास स्थित बीएसएनएल के हेड ऑफिस में रविवार की दोपहर भीषण आग लग गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद बीएसएनएल के कर्मचारियों ने पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। अग्निशमन विभाग की कई गाड़ियां और मेसरा ओपी प्रभारी समेत अन्य पुलिसकर्मी भी मौके पर आग बुझाने के कार्य में जुटे थे। आग की लपटें दूर से ही नजर आ रही थीं। आग लगने की सही वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाई है लेकिन शॉर्ट सर्किट होने की आशंका जताई जा रही है। आग से कितना नुकसान हुआ है, इसका आकलन के बाद ही पता चल पाएगा।**

## एक नजर



### बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर आई सामने, 29 जून से अमरनाथ यात्रा

जम्मू। पवित्र अमरनाथ गुफा में हिम शिवलिंग का निर्माण हो चुका है। इस बार शिवलिंग करीब 8 फीट ऊंचा है। अमरनाथ यात्रा के दौरान अमरनाथ गुफा में बनने वाले इस शिवलिंग के दर्शन और पूजन के लिए देश भर से लाखों की तादाद में श्रद्धालु अमरनाथ आते हैं। इस साल अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू हो रही है। यात्रा करीब 50 दिन तक चलेगी, जो कि इस साल रक्षाबंधन के दिन 19 अगस्त को संपन्न होगी।

विस्तृत खबर पेज 9 पर

## आजकल




# लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का प्रचार थमा, कल वोटिंग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का प्रचार रविवार शाम को थम गया। इस चरण में 11 राज्यों की 92 लोकसभा सीटों पर कुल 1331 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसमें मध्य प्रदेश की बैतूल सीट के आठ उम्मीदवार भी हैं। तीसरे चरण के चुनाव में गृहमंत्री अमित शाह (गांधीनगर), केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया (गुना), केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी (धारवाड़), शिवराज सिंह चौहान (विदिशा), सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव (मैनपुरी), कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी (बेहरामपुर), एआईयूएफ के नेता बदरुद्दीन अजमल (धुबरी), कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह (राजगढ़), एनसीपी नेता शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले (बारामती) समेत कई दिग्गजों के भाग्य का फैसला होगा।

### इन सीटों पर मतदान

असम की धुबरी, कोकराझार, बारपेटा और गुवाहाटी। बिहार की झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया। छत्तीसगढ़ की सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर। गोवा की दोनों उत्तरी गोवा और दक्षिणी गोवा। गुजरात की 26 में से 25 सीटों- कच्छ, बनासकांठा, पाटन, महेसाणा, साबरकांठा, गांधीनगर, अहमदाबाद पूर्व, अहमदाबाद पश्चिम, सुरेंद्रनगर, राजकोट, पोरबंदर, जामनगर, जूनागढ़, अमरेली, भावनगर, आनंद, खेड़ा, पंचमहल, दाहोद, वडोदरा, छोटा उदयपुर, भरूच , बारडोली, नवसारी और वलसाड में मतदान होगा। सूरत में भाजपा उम्मीदवार ने निर्विरोध जीत दर्ज की है।

# रांची व चतरा से 61 लाख के ब्राउन शुगर के साथ छह तस्कर गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

चतरा पुलिस ने 50 लाख रुपए के ब्राउन शुगर के साथ रविवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में नेसार अंसारी, पंकज कुमार दांगी और मो. रेहान शामिल हैं। इनके पास एक आई 20 कार, 568 ग्राम ब्राउन शुगर, तीन मोबाईल फोन सहित अन्य सामान बरामद किया है। वहीं रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने ऑपरेशन नारकोस के तहत रांची रेलवे स्टेशन से रविवार को 55.65 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया है। मामले में एक महिला सहित तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्करों में विकास कुमार, निलेश कुमार और सोनाली खलखो शामिल है। तीनों रांची के रहने वाले हैं। बरामद ब्राउन शुगर की कीमत 11 लाख 13 हजार रुपए आंकी गई है। आरपीएफ ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी की रेल परिसर में ब्राउन शुगर की खरीद फरोख्त हो सकती है। इसकी सूचना पोस्ट कमांडर रांची दिगंजय शर्मा ने सहायक सुरक्षा आयुक्त अशोक कुमार सिंह को दी। साथ ही इसकी सूचना स्थानीय थाना चुटिया को दी गई। अविलम्ब कार्यवाही करते हुए सहायक सुरक्षा आयुक्त के निर्देश पर टीम का गठन कर रेल परिसर में सघन जांच अभियान चलाया गया।

**रांची में 11 लाख के ब्राउन शुगर के साथ महिला सहित तीन धराए**



### कार पर था एंटी क्राइम ऑर्गेनाइजेशन का बोर्ड

चतरा में ब्राउन शुगर तस्करों से जब्त कार में एंटी क्राइम ऑर्गेनाइजेशन चतरा के प्रेसिडेंट का बोर्ड लगा हुआ था। चतरा एसपी विकास पांडे बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर सिमरिया थाना के बगरा चतरा रोड में बजराही मोड़ के पास कार से ब्राउन शुगर की खेप लेकर आने वाले हैं। इसके बाद एसडीओ सिमरिया के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने उक्त स्थान पर एक आई 20 कार की जांच की। जांच के दौरान ब्राउन शुगर बरामद किया गया। जांच के क्रम में यह बात प्रकाश में आई की ये लोग ब्राउन शुगर का सैंपल दिखाकर खरीदने वाले व्यक्ति से मोटी रकम मंगवाकर पुलिस का भय दिखाकर पैसा छिन लेते थे।

# रांची से यशस्विनी व गिरिडीह से चंद्र प्रकाश आज करेंगे नामांकन

**नवीन मेल संवाददाता।** रांची

राजधानी रांची लोकसभा क्षेत्र से आईएनडीआईए की कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। यशस्विनी सहाय नामांकन दाखिल करने जुलूस के साथ जायेंगी। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस के अलावा झारखंड मुक्ति मोर्चा और राजद के समर्थक मौजूद रहेंगे। वहीं गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के आजसू प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी भी सोमवार को नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान भाजपा प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, बिहार के उपमुख्यमंत्री सह बिहार भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी, पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो समेत गठबंधन के कई नेतागण शामिल रहेंगे।

## पहले प्रधानमंत्री के घर में ही प्रधानमंत्री पैदा होते थे, अब गरीब के घर में पैदा लेते हैं : अर्जुन मुंडा

**खूंटी।** केंद्रीय मंत्री और खूंटी लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने रविवार को तोरपा विधानसभा के पंडरा, ओकड़ा, डोड़मा, तिरला, सोनपुर गढ़, डोड़मा, चंपाबाहा, तपकारा आदि गांवों का दौरा कर लोगों से संपर्क कर उनसे बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना और उनके समाधान की बात कही। अर्जुन मुंडा ने कहा कि देश को लोकतांत्रिक तरीके से आगे बढ़ाने के लिए हम सभी को मतदान करना है। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से 13 मई को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज मुझे ऐसे सख्श के साथ काम करने का अवसर मिला है, जो दिन रात सिर्फ देश की जनता के लिए सोचते हैं। हमारे प्रधानमंत्री देश को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने लिए लगातार काम कर रहे हैं, क्योंकि इससे सभी क जीवन में सुधार आएगा। हमारा देश विकसित होगा, ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर

# गांडेय से निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश सिंह गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह के बेंगाबाद थाना पुलिस ने गांडेय विधानसभा उचुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश सिंह को रविवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इसके शहर के झंडा मैदान के समीप आवास में धावा बोला और इसे बेंगाबाद थाना कांड संख्या 122/22 के मामले में गिरफ्तार किया है। हालांकि आरोपित अवधेश सिंह इस दौरान पुलिस को चकमा देकर फरार होने के प्रयास में था। लेकिन तीन थानों की पुलिस ने इस आरोपित को फरार होने का मौका नहीं दिया और इसे इसके घर से दबोचने में सफल रही। फिलहाल आरोपित निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश सिंह को गिरफ्तार कर पुलिस बेंगाबाद थाना ले गई। जानकारी के अनुसार प्रखर किसान संघर्ष मोर्चा के बैनर तले आरोपी अवधेश सिंह ने दो साल पहले बेंगाबाद अंचल में घुस कर जमीन के कागजात में छेड़छाड़ किया था। उस वक्त इसके खिलाफ बेंगाबाद थाना में अंचल अधिकारी के आवेदन पर केस दर्ज किया गया था। जबकि कुछ दिन पहले इसके खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद इसे पुलिस ने गिरफ्तार किया। अवधेश सिंह के खिलाफ नगर थाना, मुफ्फसिल थाना और पचम्बा थाना में केस दर्ज है। हालांकि पुलिस की ओर से मुफ्फसिल थाना के एक मामले में इसके जमानत होने की बात कही जा रही है। लेकिन पुलिस मुफ्फसिल और पचम्बा थाना मामले में इसे रिमांड पर ले सकती है। जमीन के खतियान को लेकर गांडेय के इस निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश सिंह ने कई बार आंदोलन किया था, तो कई बार जिला प्रशासन की सख्ती के बाद भी अवधेश सिंह ने गलत तरीके से धारा 144 तोड़ा था।

**इंडिया**

# जातीय जनगणना और विकास की अवधारणा की लड़ाई



सुनील बादल

***भेदभाव*** रहित समतामूलक समाज के प्रवर्तक महात्मा गांधी के जन्मदिन 2 अक्तूबर को बिहार की जातीय जनगणना की रिपोर्ट सार्वजनिक कर समाजवादी पृष्ठभूमि से आए लगातार पार्टियां बदलने के कारण पल्टू चाचा के नाम से मशहूर बिहार के सबसे लंबे कार्यकाल तक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक संदेश देने का प्रयास किया था कि 2024 के चुनाव के लिए वह अपने पुराने विकास के एजेंडे पर नहीं बल्कि ताजा पार्टनर लालू प्रसाद यादव के पुराने सफल जात-पात एजेंडे पर तब अपनी बिसात बिछा चुके थे दिलचस्प संयोग यह है कि बिहार के डांडी से यात्रा निकालकर गांधीजी ने भारत की राजनीति में अंग्रेजों की नींव हिला दी थी और उनके आंदोलन को जाति झधर्म और क्षेत्र से ऊपर उठकर लोगों का समर्थन मिला था और उनके तत्कालीन पार्टनर चारा घोटाले में सजायाफ्ता लालू प्रसाद ने जाति आधारित समता के नाम पर अपने परिवार और अपनी जाति के दबंग लोगों को राजनीति में उतार कर बिहार की दुर्दशा की थी जिसके बाद उनके विरोध में नीतीश कुमार आए और बिहार को जातीय जकड़न से दूर




अपने विकास के एजेंडे से बदलकर रख दिया और सुशासन बाबू के नाम से मशहूर हुए ।अब नीतीश विकास को मुख्य एजेंडा बतानेवाले एनडी गठबंधन यानी भाजपा के साथ हैं पर मुद्दे सुलग रहे हैं ।जबकि उनके इस नए बदले हुए रूप से राजद प्रमुख लालू यादव की बांछे खिल गई थीं क्योंकि तब उनकी पुरानी मांग पूरी होने के आसार दिखने लगे हैं जब उनका पुराना एमवाइ गठजोड़ यादव(14.26) और मुस्लिम (17.70) सरकारी आंकड़ों में दिखने लगा है और अत्यंत पिछड़ा वर्ग (36.01) को तोड़कर अजेय लग रहे नरेंद्र मोदी के अभेद हिंदू (81.99) वोट को जातीय आधार पर हिस्सेदारी देने का लालच देकर तोड़ा जा सकता है । हालांकि राज्य सभा में ठाकुर का कुंआ कविता मामले को तूल देकर राजपूत नेताओं ने एक मुद्दा बनाने का प्रयास किया है ताकि नीतीश से नाराज राजपूत वोटरों ने जो पिछली बार के चुनाव में लालू यादव का ही समर्थन किया था अब शायद लालू यादव से दूरी बना लें और मोलभाव किया जा सके अब ठाकुरों का एक वर्ग भाजपा से नाराज है । प्रधानमंत्री बनने की आस लगाए नीतीश कुमार अपनी कुटिल राजनीतिक चालों के लिए जाने जाते हैं और बीच-बीच में कुछ ऐसा किया भी कि चर्चा तेज हो गई थी कि वे फिर भाजपा का दामन थाम लेंगे और हुआ भी यही ।जातीय जनगणना के आंखड़ों से जोखिम भी है क्योंकि मुस्लिम (17.70) एकमुश्त वोट देकर खेल कि दिशा बदल सकते हैं और खुद मुख्यमंत्री कि कुर्सी कि दावेदारी कर सकते हैं जिससे लालू यादव बचाव की मुद्रा में आ सकते हैं । केस मुकद्दमे में उलझे लालू यादव को पार्टी की ताकत बढ़ाने का अवसर नहीं मिलेगा और नीतीश कुमार के दोनों हाथों में लड्डू वाली स्थिति होगी ।चतुर खिलाड़ी लालू यादव इसे अच्छी तरह समझते हैं पर उन्हें विपक्षी गठबंधन इंडिया से भी उम्मीदें हैं कि वह यूपी,एमपी जैसे बड़े राज्यों इसे उछालकर भाजपा की जड़ें खोद सकता है। इन सभी के बीच पेंच भी है कि बिहार सदैव से राजनैतिक रूप से परिपक्व रहा है और युवा भारत भी अब इस बात को समझ रहा है कि तेजी से हो रहे निजीकरण के दौर में सरकारी नौकरियां कितनी बची हैं कि उसमें उसे रोजगार मिलेगा ? दूसरे ओबीसी समाज में बड़ा वर्ग व्यवसाय से जुड़ा है जिसे सरकारी नौकरी का झुनझुना नहीं व्यवसाय अनुकूल माहौल और बाजार चाहिए जिसकी झलक मोदी दिखा चुके हैं । मोदी जब राज्यों में चुनाव प्रचार में उतरे हैं तो कॉंग्रेस के पुराने राजपाट की फ्लॉप योजनाओं का उदाहरण देकर उसे बैकफुट में लाने का प्रयास कर रहे हैं ।हालांकि इसके और भी पहलू हैं जातीय जनगणना को आधार बनाकर ओबीसी समाज भाजपा पर भी दबाव बना सकता है कि इसे महिला आरक्षण के लिए होने वाले परिसीमन और जनगणना से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर उनकी राष्ट्रीय भागीदारी तय करे ।उनके साथ अन्य वर्ग भी ऐसा कर सकते हैं जिससे हिंदू वोट बिखरेंगे और सभी को यह लगेगा कि सरकारी नौकरी मतलब पावर सभी को चाहिए जबकि असलियत यह है कि राजनीतिक पहुँच से शक्तिशाली या संपन्न पिछड़ा या आरक्षित वर्ग अपने समुदाय के उन गरीबों का हक मारेगा जिसे सचमुच इसकी अवश्यकता है । ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### दो लोगों के अंतिम संस्कार में शामिल हुए डॉ परमेश्वर भगत

**बेड़ो।** बेडो निवासी पूर्वी जिला परिषद सदस्य पार्वती देवी की बीते दिन एक हादसे में निधन हो गई एवं बेडो के जहाना निवासी रामप्रवेश महतो की तालाब में डूबने से आकस्मिक निधन हो गई थी। उपरोक्त दोनों के अंतिम संस्कार में शामिल हुए पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत। डॉ परमेश्वर भगत ने शोक व्यक्त करते हुए मृतक के परिजन को ढांढस बंधाया और हर सुख दुख में साथ देने का भरोसा दिलाया।

### तपकरा में कांग्रेस के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**खूंटी।** तोरपा प्रखंड के तपकरा में रविवार को कांग्रेस के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता, दयामनी बारला, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के खूंटी लोकाभा को आर्डिनेटर वैभव शुक्ला और सुमैर सिंह ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर दयामनी बारला ने लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लेने की अपील कार्यकताओं से की। मौके पर जिला प्रवक्ता रविकांत मिश्रा, उपाध्यक्ष तैयब अंसारी, इमरान खान, पवन साहू, अख्तरी अहमद, नमन तोपनो, सलीम तोपनो आदि उपस्थित थे।

### विधि आयोग के अध्यक्ष प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने बासुकीनाथ में की पूजा-अर्चना

**दुमका।** वैशाख महीने के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि रविवार को उत्तर प्रदेश विधि आयोग के वर्तमान अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव बासुकीनाथ पहुंचे। उन्होंने सपरिवार पूरे भक्ति भाव के साथ फौजदारी नाथ के गर्भगृह में जलार्पण किया। इलाहाबाद हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश द्वारा बाबा को जल चढ़ाने के बाद माता पार्वती काली एवं दुष्टों का संहार करने वाली बगलामुखी की पूजा की गई।

खस्ताहाल सड़क, जनता बेहाल, बरसात में होगी काफी परेशानी

# उद्घाटन के दो माह बीत जाने के बाद भी नहीं बन सकी सड़क



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो** चोरेया समेत लगभग बीस गांव के लोगों को अभी भी सड़क की परेशानी को झेलना पड़ सकता है। तरंगा से चोरिया होते हुए राजकीय पथ बीजूपाड़ा खलारी को जोड़ने वाली सड़क बीते कई सालों से खराब है। शिलान्यास के दो माह बीत जाने के बाद भी चोरेयामोड़ से लेकर तरंगा तक की सात किलोमीटर लंबी सड़क का काम नहीं शुरू होने से ग्रामीणों में काफी रोष है। ग्रामीण जनप्रतिनिधियों के आश्वासन से तंग आकर खुद मुख्यमंत्री आवास में इस सड़क के निर्माण की मांग को लेकर पहुंच गए थे। ग्रामीणों ने इसी सड़क पर धान की रोपनी कर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को आईना भी दिखाने का प्रयास किया था। बड़े ही तामझाम के साथ विधायक और सांसद ने इस सड़क निर्माण की आधारशिला रखी थी। ग्रामीणों को बताया गया था कि शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू होगा। पर शिलान्यास के दो माह जाने के बाद भी सड़क निर्माण कार्य में कोई सुगबुगाहट न देख ग्रामीणों का आक्रोश एक बार फिर से बढ़ता जा रहा है।

**किसानों के लिए काफी महत्वपूर्ण है यह सड़क :** मांडर विधानसभा और कांके विधानसभा को जोड़ने वाली मुख्य सड़कों में से एक सड़क यह भी है। इस सड़क का उपयोग चान्हो और मांडर प्रखंड के दर्जनों गांव के लोग प्रतिदिन आने जाने के लिए करते हैं। आम आदमी हो या स्कूली बच्चे या फिर ऑटो या बाइक में या साइकिल में अपनी सब्जियों को ढोकर बाजार तक ले जाने वाले किसान, सभी इस सड़क की जर्जर स्थिति से तंग आ चुके हैं।

**शादी स्थल तक बदलना पड़ा था :** तरंगा पंचायत के एक लड़की के पिता को तो सड़क के कारण अपनी बेटी के शादी का जगह बदलना पड़ा था। शादी का दिन तय हो जाने के बाद जब वर पक्ष के लोग गांव पहुंचे तो सड़क की स्थिति देखकर उन्होंने गांव में बारात ही आने से मना कर दिया था।

कार्यकर्ताओं के बीच चुनावी तैयारी को लेकर बैठक आयोजित

# भाजपा के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें : विनय महतो



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** सिल्ली प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रविवार के दिन पतराहातू में भाजपा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय में कार्यकर्ताओं के बीच चुनावी तैयारी को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं द्वारा आए हुए अतिथियों को अंग वस्त्र तथा पार्टी का पट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। सभा का अध्यक्षता एवं संचालन विधानसभा संयोजक विनय महतो धीरज ने किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद डॉक्टर प्रदीप वर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता दीपक की ज्वाला का रूप है। कार्यकर्ता कमल के फूल को हाथ में लेकर भाजपा के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। जनता और आप लोगों के बीच भाजपा के प्रति जो निष्ठा है उसकी तुलना करना अतुलनीय है। धार्मिक मूल्यों का धारण करके आप लोगों ने आत्मसात किया यह एक उदाहरण स्वरुप है। हाल फिलहाल में पूर्व की जनसभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि मतदान को उत्सव के रूप में हम लोगों को मनाना चाहिए। सभी कार्यकर्ता वोट मांगने निकले तभी रांची लोकसभा में ज्यादा अंतर से जीत हासिल कर सकेंगे।

# पेयजल की किल्लत से परेशान ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**नवीन मेल संवाददाता। दुमका** भीषण गर्मी में पेयजल की समस्या को लेकर दुमका प्रखंड क्षेत्र के काठीजोरिया गांव की महिलाएं एवं युवतियों ने बाल्टी,डेकची आदि बर्तन लेकर सडक में उतर रविवार को विरोध प्रदर्शन किया और मुख्य पथ एनएच-114ए को जाम कर दिया। करीब तीन घंटे की सड़क जाम के कारण आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गयी थी। दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों को चलने नहीं दिया गया। सड़क जाम की खबर मिलने पर बीडीओ उमेश कुमार सहित मुफस्सिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क जाम को हटाने का प्रयास किया। काफी समझाने-बुझाने के बाद महिलाओं ने सड़क जाम को हटाया। 500 आबादी वाले काठीजोरिया के ऊपर टोला गांव में मात्र एक चापाकल है। एक चापाकल से सभी ग्रामीणों की प्यास नहीं बुझ रही है। इस भीषण गर्मी में पेयजल के लिए ग्रामीणों को भटकना पड़ता है। चापाकल खराब होने पर ग्रामीणों की स्थिति काफी खराब हो जाती है। वहीं सोलर पंप तो गांव में लगा है, लेकिन आजतक शुरू नहीं हो सका है, जिससे परेशान होकर चिलचिलाती भीषण गर्मी के बीच आदिवासी महिलाएं सड़क पर उतर आयी। ग्रामीण महिला ने जिला प्रशासन की उदासीन रवैए पर नाराजगी जाहिर की। महिलाओं का कहना है कि गांव में पानी नहीं रहने से बहुत दूर से पानी लाना पड़ता है। गांव में दो टोला है, जिसमें एक ऊपरी टोला में मात्र 1 चापाकल है। वह भी खराब हो चुका है, जिससे पानी की समस्या उत्पन्न हो गयी है। मजबूरन महिलाएं सड़क पर उतरी है। सड़क जाम रहने के कारण लगभग सैकड़ों ट्रक और वाहने जाम में फंसी रही।

# विकसित भारत बनाने के लिए भाजपा को विजयी बनाएं : अर्जुन मुंडा




**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** भाजपा देश में सरकार बनाने और विकसित भारत बनाने के लिए चुनाव लड़ रही है, जबकि अनय दल सिर्फ सांसद बनने के लिए चुनाव मैदान में हैं। ये बातें केंद्रीय मंत्री और खूंटी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने कही। मुंडा रविवार शाम तोरपा के विधायक और खूंटी लोकसभा प्रभारी कोचे मुंडा के आवासीय कार्यालय में आयोजित प्रबुद्ध जनों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता तो अक्सर बैठकों में भाग लेते रहते हैं, पर आज ऐसे लोगों की बैठक बुलाई गई, जिनके दिलों में भाजपा बसती है और उनके ही वोटों के बल पर सरकार बनती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कें नेतृत्व में देश लगातार विकास की ओर अग्रसर है। आज हम विश्व की पांचवीं सबसे बड़र अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। अर्जुन मुंडा नें कहा कि अधिकतर बीमारियां दूषित पानी के कारण होती है। इसके लिए प्रधानमंत्री ने लोगों के घरों तक स्वच्छ पानी पहुंचाया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार नें चुनौतियों को संभावना में बदला। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में भाजपा की विश्वसनीयता बढ़ी है। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि विपक्ष लोगों के बीच भ्रम फैला रहा है कि भाजपा की सरकार बनी, तो संविधान कों बदल देगी, आरक्षण को खत्म कर देगी। उन्होंने कहा कि जिस संविधान कों अंगीबार कर चुके हैं और आत्मसात कर चुके हैं,उसे भला कैसे बदला जा सकता है।

## न्यूज | बॉक्स

### गांव-गांव जाकर लोगों को राष्ट्रहित में मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे अभाविप के कार्यकर्ता




**मांडर।** अभाविप झारखंड प्रांत द्वारा शत प्रतिशत मतदान के ध्येय के साथ पूरे प्रदेश में मतदाता जागरण अभियान चलाया जा रहा है। परिषद के कार्यकर्ता गांव गांव जाकर छोटी-छोटी बैठक करके लोगों को राष्ट्रहित में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए आग्रह कर रहे हैं। परिषद के कार्यकर्ता संकल्प मतदान का राष्ट्र के उत्थान का₹ नारा के साथ लोगों के पास जा रहे हैं। वोट फॉर भारत का कैंपेन भी चला रहे हैं। गांव-गांव में जाकर उन्हें राष्ट्र हित में मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं आज मांडर इकाई के कार्यकताओं ने मांडर प्रखंड के विभिन्न गांव में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया लोगों को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए आग्रह किया। इस अभियान में मुख्य रूप से प्रांत कार्यकारिणी सदस्य आदर्श प्रसाद जिला संयोजक उत्कर्ष तिवारी कार्यकर्ता शिवम पाठक ओम प्रणव, धीरज, सीताराम, विक्की राहुल, कुणाल, राजा सहित दर्जनों कार्यकर्ता लगे हुए हैं।

### डॉ परमेश्वर भगत ने लापुंग के डरहा विरमकेल में ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**लापुंग।** प्रखंड अंतर्गत डरहा विरमकेल में पिछले 8 महीनो से ट्रांसफार्मर खराब थी जिसकी शिकायत लिखित तौर पर स्थानीय पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि को ग्रामीणों ने दी लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मायूस होकर ग्रामीणों का एक मंडल पिछले सप्ताह पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत से मिला और सभी समस्याओं से अवगत कराया। डॉ परमेश्वर भगत ने तत्कालीन कार्रवाई करते हुए विभाग के वरीय पदाधिकारी से मिलकर ट्रांसफार्मर जल्द लगे इस पर बात की। अतः रविवार को नया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन उक्त गांव में डॉ परमेश्वर भगत के द्वारा किया गया। उपरोक्त गांव के ग्रामीणों ने पीसीसी सड़क, पेयजल हेतु जलमिनार एवं विद्यालय में शिक्षक की कमी की पूर्ति के लिए भी डॉ परमेश्वर भगत ने आग्रह किया। श्रीमान ने सभी समस्याओं पर ठोस कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों ने माननीय महोदय डॉ परमेश्वर भगत का तहे दिल से आभार एवं धन्यवाद दिया। डॉ भगत ने भी इस काम को प्राथमिकता एवं गंभीरता देने के लिए संबंधित विभाग के सभी पदाधिकारियों को बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया।



PR No. 324421 (Health Med Edu and Family Welfare) 2024-25

# झारखंड में आज से चार-पांच दिनों तक बारिश होने की संभावना

## कई इलाकों में वज्रपात और ओला गिरने की भी आशंका, येलो अलर्ट जारी

### रांची में दो-तीन दिनों के बाद तापमान में गिरावट से मिलेगी राहत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में अभी गर्मी झुलसा रही है। लेकिन, मौसम विभाग के अनुसार, आगामी 6 से 10 मई तक गर्मी से राहत मिल सकती है। झारखंड में 6 से 10 मई तक बारिश होने की संभावना है। तेज हवाओं के साथ-साथ वज्रपात होने की भी आशंका है। 7 मई को कई क्षेत्रों में ओले पड़ने की भी संभावना है। इसे लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार, साइक्लोनिक सकुर्लेशन के कारण एक टर्फ मेघालय से मराठवाड़ा तक बन रहा है। इस कारण झारखंड, बंगाल और ओडिशा में बारिश होने की संभावना है। 6 और 7 मई को झारखंड के उत्तर-पूर्व (संताल-कोयलांचल) और दक्षिणी छोटानागपुर के क्षेत्र में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने के आसार है।

सोमवार (6 मई) को देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, गिरिडीह, जामताड़ा और साहिबगंज में कहीं-कहीं गरज के साथ बारिश हो सकती है। 30 से 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा भी चल सकती है। वहीं, 7 मई को राज्य के अधिकांश भागों में 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है। आंधी का असर देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, सिमडेगा जिलों में देखने को मिल सकता है। मौसम केंद्र रांची के अनुसार, 6, 7 और 8 मई को रांची व इसके आसपास के इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। साथ ही, बादल छाये रहने की भी संभावना है। छह और सात मई को रामगढ़, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, दुमका, देवघर जिले में कहीं-कहीं ओला पड़ सकता है। सात से नौ मई को कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। कुछ स्थानों पर 10 मई को भी बारिश हो सकती है।

इधर, रविवार को राज्य के सरायकेला खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज में कहीं-कहीं लू भी चला है। राजधानी रांची में भी गर्म हवाएं चलीं। रविवार को रांची में अधिकतम तापमान 39.2 और न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। दो-तीन दिनों के बाद रांची का अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। वहीं, न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है।

## झारखंड राज्य कबड्डी संघ की बैठक संपन्न




**रांची।** स्पेशल जनरल बॉडी मीटिंग की बैठक कचहरी चौक स्थित होटल में चंचल भट्टाचार्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न जिला के अध्यक्ष सचिव एवं क्लब के अध्यक्ष सचिव ने भाग लिया । सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार जिला संघ एवं राज्य संघ के संगठन के मजबूती पर अपने विचार दिए हाउस द्वारा सभी बातों को एक स्वर में बहुमत से प्रस्ताव पारित किया ।

## संत निरंकारी फाउंडेशन ने किया रक्तदान शिविर आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में रविवार को दिन में 9:00 से 2:00 बजे तक संत निरंकारी सत्संग भवन बुध विहार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के रक्तदान शिविर में 105 निरंकारी भक्तों ने रजिस्ट्रेशन करवाया, जिसमें जांच के बाद 66 यूनिट सदर हॉस्पिटल ने रक्तदान लिया। ज्ञात हो बाबा गुरबचन सिंह के उपदेशों को मानते हुए 1986 से लगातार रक्तदान कैंप का सिलसिला जारी है।

संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन रक्तदान देने वाली विश्व स्तर की अपनी किस्म की अग्रणी संस्था है। संत निरंकारी मिशन पूरे विश्व में इस आयोजन को सफलतापूर्वक अंजाम दे रहा है। रक्तदान शिविर के साथ-साथ सत्संग सभा का भी आयोजन किया गया था। इसमें गुरु के संदेश को बताया गया कि ज्ञान से मनुष्य का अज्ञान नष्ट हो जाता है। परमात्मा सूर्य की रोशनी के समान उनके अंदर ज्ञान प्रकाशित कर देता है। ज्ञान की रोशनी से अज्ञान का अंधेरा मिट जाता है।

# रांची के 21 केंद्रों पर हुई नीट-यूजी परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/नई दिल्ली**

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी, 2024 रविवार को दोपहर 2 से शाम 5:20 बजे तक आधुनिक तकनीक के कड़े सुरक्षा घेरे में शांतिपूर्वक आयोजित की गई। देश के 557 शहरों में 23.50 लाख (98 प्रतिशत) परीक्षार्थियों ने पेन-पेपर मोड में परीक्षा दी। विदेश के 14 शहरों में भी यह परीक्षा हुई। यह परीक्षा रांची के 21 केंद्रों पर हुई, जिसमें करीब 11 हजार परीक्षार्थियों ने भाग लिया। झारखंड में 22 जिलों में परीक्षा का आयोजन हुआ। रांची में डीएवी कपिलदेव, डीएवी धुर्वा, विवेकानंद विद्या मंदिर धुर्वा, आर्मी पब्लिक स्कूल, डीएवी आलोक, जेवीएम श्यामली, डीपीएस, केंद्रीय विद्यालय हिनू, डीएवी बरियातू, डीएवी नंदराज बूटी रोड, डीएवी गांधीनगर, टेंडर हार्ट स्कूल, जी एंड एच स्कूल, डीएवी हेहल, गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, डीएवी नीरजा सहाय, कैंब्रियन पब्लिक स्कूल कांके, एसआर डीएवी, सरला बिरला पब्लिक स्कूल और सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा केंद्र पर परीक्षा हुई।

एनटीए के जोनल कॉर्डिनेटर प्रदीपसिंह गौड़ ने बताया कि नीट-यूजी परीक्षा के लिए राजस्थान के 24 शहरों के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस द्वारा टेबलेट स्क्रीन पर परीक्षार्थी का डाटाबेस आ जाने से बायोमेट्रिक स्केनिंग तेजी से हुई। इस तकनीक से परीक्षार्थियों को कोई असुविधा नहीं हुई। जूमर के माध्यम से कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा हुई। इधर, एनटीए के अनुसार, राजस्थान के सवाई माधोपुर के एक केंद्र से परीक्षा शुरू होने के बाद कुछ परीक्षार्थी प्रश्नपत्र लेकर बाहर निकल गए। लेकिन, इससे बाकी परीक्षा केंद्रों पर हो रही परीक्षा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

इस वर्ष भी डॉक्टर बनने की दौड़ में बेटियां आगे रहीं। नीट-यूजी 2024 के लिए 24 लाख 6 हजार परीक्षार्थी पंजीकृत हुए, जिनमें 13.63 लाख छात्राएं एवं 10.18 लाख छात्र शामिल हैं। पिछले वर्ष इस परीक्षा में 20,87,449 पंजीकृत हुए थे। इस वर्ष 2,94,384 परीक्षार्थी बढ़े हैं।

एनटीए ने नीट-यूजी, 2023 में 20.87 लाख परीक्षार्थियों में से 11.45 लाख को काउंसलिंग के लिए क्वालिफाई घोषित किया था। इस वर्ष 2.94 लाख परीक्षार्थियों की संख्या बढ़ने एवं एमबीबीएस व बीडीएस की सीटें बढ़ जाने से 12 लाख से अधिक परीक्षार्थियों को काउंसलिंग के लिए क्वालिफाई होने का अनुमान है।

खास बात यह है कि मेडिकल कॉलेजों में 27 प्रतिशत आरक्षण होने से ओबीसी-एनसीएल वर्ग के सर्वाधिक 10,43,084 परीक्षार्थी रहे, जबकि सामान्य वर्ग में परीक्षार्थी घटकर 6,43,596 रह गए। इसी तरह, एससी वर्ग के 3,52,107 एवं एसटी वर्ग के 1,54,489 ने नीट-यूजी परीक्षा दी। सामान्य कमजोर आय वर्ग के 1.88.557 ने भी इसमें रुचि दिखाई।



### 720 अंकों के 200 प्रश्न पूछे गए

नीट-यूजी के पेपर में फिजिक्स, केमिस्ट्री, जूलॉजी व बॉटनी चारों विषयों से 720 अंकों के कुल 200 प्रश्न पूछे गए। प्रत्येक विषय के सेक्शन-ए में 35 प्रश्न एवं सेक्शन-बी में 15 प्रश्न रहे। इसमें से 10 प्रश्न हल करना था। प्रत्येक प्रश्न 4 अंकों का है। गलत उत्तर होने पर एक अंक की नेगेटिव मार्किंग होगी। अब परीक्षार्थी अपना संभावित एनटीए स्कोर पता करने के लिए अधिकृत 'आंसर की' का इंतजार कर रहे हैं।

### 10 वर्ष में दोगुना हुईं एमबीबीएस सीटें

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया के अनुसार, इस वर्ष देश के 706 सरकारी व प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की अधिकृत सीटें बढ़कर 1,08,940 हो गई हैं, जो 2014 में 51,348 थीं। इस तरह 10 वर्षों में 57,591 एमबीबीएस की सीटों में वृद्धि हुई है। इसी तरह, बीडीएस के 323 कॉलेज की 28,088, आयुष पाठ्यक्रम की कुल 55,851 सीटों पर भी नीट-यूजी में क्वालिफाई विद्यार्थियों को अवसर मिलेगा। नीट-यूजी 2024 का रिजल्ट 14 जून को घोषित किया जाएगा।

## हर ज्ञान अभिलाषी मनुष्य अर्जुन है और सृष्टि का कार्यक्षेत्र ही कुरुक्षेत्र : निर्मला बहन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजयोगी क्लेशपूर्वक शरीर को असहज अवस्था में रखते हुए ध्यान नहीं करता, बल्कि सुखमय आसन तथा उच्च चिंतन द्वारा मन को एकाग्र करता है। इस कारण उसकी अवस्था चैतन्य समाधि कहलाती है। ये बातें चौधरी बगान, हरमू रोड स्थित ब्रह्माकुमारी संस्थान में ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने प्रवचन के दौरान कही।

उन्होंने कहा, हर ज्ञान अभिलाषी मनुष्य अर्जुन है और यह सृष्टि कार्यक्षेत्र ही कुरूक्षेत्र है। परमात्मा शिव से योगयुक्त होने से पुनः इस भारत में श्रीकृष्ण व नारायण का स्वराज्य स्थापन हो सकता है। परमात्मा सृष्टि अंत से थोड़ा पहले इस संसार में आकर सर्व आत्माओं को ज्ञान तथा योग का सहारा देकर कर्म बंधनों से मुक्त करते हैं। अब वही कल्याणकारी शिव परिवर्तन का कर्तव्य पिता परमात्मा प्रजापिता ब्रह्मा के माध्यम से गुप्त रूप में कर रहे हैं, जिससे कि संसार में सुख-शांति का अखंड साम्राज्य स्थापित हो। ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि सुधार की प्रक्रिया बुद्धि की गलत धारणाओं को बदलने से प्रारंभ होगी। भौतिक जगत की अनेक विद्याएं सीख लेने के बाद भी मानव संकल्पों को शुद्ध, पवित्र और शक्तिशाली बनाने की विद्या से अनभिज्ञ है। इसीलिए वह गलत इच्छा की पूर्ति के लिए संस्कार को हथियार की तरह वैसे प्रयोग करने लगता है, जैसे एक उग्रवादी अल्पकाल के लिए छिपकर किसी को अपना निशाना बना लेता है। आवश्यकता इस बात की है कि हम अशुद्ध कामनाओं की पूर्ति के लिए गलत संस्कारों का सहारा लेकर संसार को न बिगाड़ें।

## लोकसभा चुनाव को ले 6 मई तक स्कूल बसों को जमा करने का निर्देश

**रांची।** लोकसभा चुनाव में गाड़ियों की जरूरतों को देखते हुए रांची जिला प्रशासन तैयारियों में लग गया है। रांची जिले के अंतर्गत संचालित सभी बस संचालकों (स्कूल बस) को कहा गया है कि छह मई की रात आठ बजे तक गाड़ियों को पुलिस लाइन, रांची में जमा कर दें। इस संबंध में रविवार को जिला परिवहन पदाधिकारी, रांची ने कहा कि पांच मई को सुबह 10:00 बजे से छह मई की शाम तक गाड़ियों को जमा कर देना है। परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में किसी बाधा के बगैर ससमय चुनाव कार्य पूरा कराना अनिवार्य है। ऐसे में वाहनों का अधिग्रहण लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 के अंतर्गत किया गया है। वाहन जमा करने के आदेश की लापरवाही चुनाव अपराध के तौर पर लिया जाएगा।

## झारखंड केंद्रीय विवि में मनाया जा रहा मतदाता जागरूकता सप्ताह




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूरे देश में चल रहे लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चत करने के लिए झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के मानविकी और सामाजिक विज्ञान स्कूल राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सहयोग से मतदाता जागरूकता सप्ताह मना रहा है। यह कार्यक्रम विगत 2 मई से शुरू हुआ था और आगामी 7 मई तक चलेगा।

विश्वविद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस जागरूकता सप्ताह मनाने का मुख्य उद्देश्य युवाओं के बीच मतदान के लिए जागरूकता उत्पन्न करना है।

जागरूकता दिवस के पहले दिन विश्वविद्यालय स्तर पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता का विषय 'निर्वाचन : भारतीय लोकतंत्र का जश्न' था। इसके अंतर्गत चुनावी ज्ञान, मतदान अधिकार, चुनाव आयोग की भूमिका, एक राष्ट्र एक चुनाव, ईवीएम बनाम मत पत्र, राजनीतिक दलों की भूमिका जैसे विषयों पर प्रश्न थे। इस प्रतियोगिता में सभी संकाय एवं विभागों के बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

मतदाता जागरूकता सप्ताह के दूसरे दिन 'निर्वाचन : भारतीय लोकतंत्र का जश्न' विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी संकाय एवं विभाग के विद्यार्थियों ने उत्साह से हिस्सा लिया। इस अवसर पर डीन डॉ अलोक गुप्ता, डॉ रवि रंजन, डॉ अपर्णा, डॉ बिभूति भूषण बिश्वास, डॉ सुभाष कुमार बैठा और शोध छात्रों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। आगे इस श्रृंखला में नुक्कड़ नाटक, ग्राम चौपाल, भाषण एवं लेख प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। नुक्कड़ नाटक एवं ग्राम चौपाल के माध्यम से झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं छात्र आसपास के गावों में जाकर लोकतंत्र के प्रति उनके उत्तरदायित्व एवं मत के महत्व से ग्रामीणों को अवगत कराएंगे।

# अपनी रुचि के विषय को केंद्र बिंदु बनाकर आगे बढ़ें : संतोष कुमार

### सत्र का उद्घाटन कॉलेज के एनएसएस संयोजक डॉ अनिर्बान गुप्ता ने किया

### संत जेवियर्स कॉलेज में करियर उत्थान पर संवाद सत्र आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

संत जेवियर्स कॉलेज, रांची में कॉलेज के आईक्यूएसी व एनएसएस यूनिट ने कॉलेज सभागार में विद्यार्थियों को प्रबंधन कोर्स को करियर के रूप में चुनने के लिए एकदिवसीय संवाद सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में 'करियर लांचर' के झारखंड प्रमुख संतोष कुमार उपस्थित थे।

सत्र के दौरान संतोष कुमार ने छात्रों को करियर में आगे के बेहतर भविष्य के लिए प्रेरक सुझाव दिए और प्रबंधन कोर्स संबंधी कुछ दिशा-निर्देशों का भी उल्लेख किया। उन्होंने छात्रों को बताया कि बिना मार्गदर्शन के आपके करियर उत्थान में कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए विद्यार्थियों को मार्गदर्शकों और अपनी रुचि के विषय को केंद्र बिंदु बनाकर उस दिशा में चलना चाहिए।

सत्र का उद्घाटन कॉलेज के एनएसएस संयोजक डॉ अनिर्बान गुप्ता ने किया। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप उस पड़ाव पर हैं, जहां आपको करियर संबंधी जानकारी लेना आवश्यक होता है, तभी सफल हो सकते हैं। छात्रों ने भी बताया कि करियर उत्थान के लिए कॉलेज में ऐसे आयोजनों का होना हितकारी व प्रेरक कदम है। सत्र में कॉलेज के एनएसएस वालंटियर्स व विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## दीपक प्रकाश ने कहा नरेंद्र मोदी को तीसरी बार बनाना है प्रधानमंत्री

**रांची/हजारीबाग।** भाजपा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि पूरे देश में केंद्र की मोदी सरकार के 10 वर्ष के कार्यकाल को सराहा जा रहा है। लोगों ने मोदी को 2024 में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है। दुनिया के बड़े-बड़े देश भारत के विकास में अपना विकास देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्ष में जिस गति और स्केल के साथ भारत में विकास हुआ है, वो अकल्पनीय है, ऐतिहासिक है। दीपक प्रकाश ने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता भाजपा का प्रत्याशी हैं। भाजपा सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ काम करती है। दीपक प्रकाश रविवार को हजारीबाग में भाजपा के कार्यकताओं की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

## सेल सैटेलाइट टाउनशिप में स्वास्थ्य वार्ता और योग सत्र का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की रांची इकाई ने रविवार को अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए सेल सैटेलाइट टाउनशिप के इस्पात कार्यपालक छात्रावास में स्वास्थ्य वार्ता और योग सत्र का आयोजन किया। डॉ जेके रथ, पूर्व सीएमओ, इस्पात हॉस्पिटल एवं योग विशेषज्ञ रितु रूंगटा ने क्रमशः स्वास्थ्य वार्ता और योग सत्र में सेल कर्मियों को स्वास्थ्य के नुस्खे दिए।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सेल, सीईटी के कार्यपालक निदेशक एसके वर्मा ने आज के कॉरपोरेट जगत में मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ रथ ने अच्छे आहार और नियमित व्यायाम के अलावा मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी जीवनशैली संबंधी बीमारियों को शुरुआती अवस्था में ही रोकने के लिए शीघ्र निदान और उचित चिकित्सा देखभाल पर जोर दिया, ताकि बाद में जटिलताओं से बचा जा सके। रितु रूंगटा ने सेल कर्मचारियों के लंबे समय तक डेस्क वर्क तथा जीवनशैली संबंधी बीमारियों की रोकथाम से संबंधित कुछ चुनिंदा श्वास तकनीकों और विशेष योग मुद्राओं का प्रस्तुतीकरण दिया। सेल, सीईटी कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने विशेषज्ञों का आभार व्यक्त किया और उन्हें धन्यवाद दिया।

# न्यूज बॉक्स

## जय मां रक्षाकाली मंदिर में पूजा कल, तैयारी जारों पर

**रांची।** मां एवं शिवकाली समिति के सौजन्य से जय रक्षा कालीमंदिर मेसरा में आगामी सात मई को धूमधाम से पूजा होगी। मंदिर के पुजारी रामकिशुन महतो ने बताया कि वैशाख अमावस्या पर इस मंदिर में हर साल पूजा होती है। उन्होंने बताया कि मंगलवार की रात 12:00 बजे से पूजा शुरू होगी। बुधवार सुबह से प्रसाद का वितरण होगा। मंदिर परिसर में झूला भी लगा है। पूजा को सफल बनाने में टीपू महतो, राजा महतो, तारकेश्वर महतो, गंगा कारमाली, प्रीतम लोहरा, गोपी महतो, प्रभात महतो, सूरज प्रकाश, सुरेंद्र महतो, श्याम कारमाली, राहुल प्रकाश समेत गांव के सभी लोग लगे हुए हैं।

## अग्रवाल युवा सभा ने निःशुल्क चलंत प्याऊ 'अग्रसेन धारा' का किया शुभारंभ



**रांची।** बढ़ती गर्मी के प्रकोप से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी अग्रवाल युवा सभा, रांची ने रविवार को महाराजा अग्रसेन की निःशुल्क चलंत प्याऊ का शुभारंभ 'अग्रसेन धारा' के नाम से भारतीय युवक संघ, बकरी बाजार, दुर्गा मंदिर के प्रांगण में किया। सचिन रौनक झुनझुनवाला ने बताया कि इस चलंत प्याऊ में शीतल पेयजल, सत्तू पानी, ग्लूकोज पानी, आम पानी एवं अन्य पेय पदार्थ की सुविधा रांची के विभिन्न स्थानों पर बारी-बारी से जाकर, वहां के नागरिकों, दुकानदारों एवं राहगीरों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रसिद्ध समाजसेवी एवं रांची गौशाला के अध्यक्ष पुनीत पोद्दार, भारतीय युवक संघ बकरी बाजार के अध्यक्ष अशोक चौधरी एवं अग्रवाल सभा, रांची के सचिव मनोज चौधरी ने किया। अध्यक्ष सौरभ बजाज ने अतिथियों को पौधा देकर और अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया और उन्हें प्रतीक चिह्न भेंट स्वरूप प्रदान किया। मयूर पोद्दार, मोहित अग्रवाल और निशान अग्रवाल 'अग्रसेन धारा' के प्रभारी बनाए गए हैं। कार्यक्रम में अग्रवाल युवा सभा के सदस्य उपस्थिति थे। यह जानकारी संस्था के प्रवक्ता सन्नी टिंबरडेवाल एवं अमित बजाज ने दी।

## मारवाड़ी ब्राह्मण सभा रांची ने महिलाओं एवं बच्चों के लिए प्रतियोगिता का किया आयोजन



**रांची।** मारवाड़ी ब्राह्मण सभा रांची के तत्वावधान में आगामी 10 मई को आयोजित होने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पूर्व सभा ने रविवार को मारवाड़ी ब्राह्मण भवन के प्रांगण में समाज की महिलाओं एवं बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में ब्राह्मण समाज की महिलाएं एवं बच्चों की सहभागिता रही। विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों के लिए इसके अंतर्गत भाषण, लेखन, कुर्सी दौड़ एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। युवा महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़ जैसे मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। समाज की विभिन्न स्कूलों की शिक्षिकाओं अनुभा शर्मा, रश्मि शर्मा, स्नेहा शर्मा ने आज प्रतियोगिता में निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## रांची समर्पण शाखा के नए सत्र की दूसरी कार्यकारिणी की हुई बैठक



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा के नए सत्र (2024-25) की दूसरी कार्यकारिणी की बैठक शाखा की नवनिर्वाचित अध्यक्षा विनीता सिंघानिया की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में पिछली बैठक की कार्यवाही सभापटल पर रखी गई। उसके बाद सचिव ने अप्रैल माह का प्रतिवेदन पेश किया। शाखा अध्यक्ष ने सभी प्रभारियों के अच्छे कार्य की प्रशंसा की और सभी दानदाताओं का धन्यवाद दिया । बैठक में मई माह में होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की गई, जिसमे विशेष रूप से मदर्स डे, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, स्थायी अमृतधरा, मंडलीय सभा में उपस्थिति, सावन मेला का आयोजन जैसे कई कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। कोषाध्यक्ष दीपिका टेकरेवाल ने अपनी रिपोर्ट पेश की। बैठक में उपस्थित शाखा के सभी पूर्व अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्यों को ससम्मान उनके नाम का बैच पहनाया गया।

## माहेश्वरी सभा ने मतदाता जागरूकता के लिए की बैठक




**रांची।** श्री माहेश्वरी सभा रांची, माहेश्वरी महिला समिति एवं माहेश्वरी युवा संगठन ने रविवार को संयुक्त बैठक की। इसमें चुनाव के महापर्व पर मतदाताओं को मतदान करने के लिए कैसे जागरूक बनाया जाए तथा उन्हें अपने मत के अधिकार का क्या महत्व है यह कैसे बताया जाए, इस पर विस्तृत चर्चा हुई। सभा की तीनों शाखाओं ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि सभा का प्रत्येक सदस्य अपने स्तर पर मतदाताओं से संपर्क करके उन्हें मतदान के दिन मत अवश्य दें, इसके लिए प्रेरित करेगा। साथ ही, अपनी अपनी पहुंच के क्षेत्र में मतदान के दिन यह सुनिश्चित करने की चेष्टा करेगा कि सब लोग मत देने के लिए अवश्य मतदान केंद्र पर जाएं।

## श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे में 1500 लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद



**रांची।** एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट रांची एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वावधान में रविवार को 148वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन किया गया। इसका आयोजन रांची के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम के परिसर में हुआ। संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल एवं सचिव मनोज कुमार चौधरी की देखरेख में संस्था की वरिष्ठ सदस्या बिमला जालान, सत्यभामा देवी, संतोष देवी अग्रवाल, सरोज पोद्दार ने अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का लगभग 1500 लोगों में वितरण किया।



# चुनावी दंगल से बड़े दिग्गज गायब, नए चेहरों पर दांव

**उपेंद्र गुप्ता। रांची**

**लोकसभा चुनाव में झारखंड के 14 सीटों पर इस बार एनडीए और इंडी गठबंधन दोनों में कई बड़े दिग्गज गायब हैं। दोनों गठबंधन ने पुराने चेहरों के बजाय नए चेहरों पर भरोसा जताया है। दोनों गठबंधन से कुल 17 नए चेहरे उतारे गए हैं। जिनमें 10 नए चेहरे को इंडी गठबंधन ने तो 7 नए चेहरे को एनडीए ने मौका दिया है।**





## 10 नए चेहरों को इंडी गठबंधन में मिला मौका



मंत्री सुबोधकांत सहाय की जगह उनकी बेटी यशस्विनी सहाय को मैदान में तारा है। वहीं धनबाद से पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह की बहू और बेरमो विधायक अनूप सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह को टिकट दिया है। दोनों नाम बेहद चौंकाने वाले रहे हैं। पूर्व सांसद रामटहल चौधरी टिकट की आस में कांग्रेस में शामिल हुए, लेकिन टिकट नहीं मिला तो फिर कांग्रेस भी छोड़ दिया। पिछली बार वे निर्दलीय चुनाव लड़े थे। इसी तरह कांग्रेस ने चतरा में पिछली बार चुनाव लड़ चुके मनोज यादव की जगह इस बार केएन त्रिपाठी को मौका दिया है। भाजपा से ही कांग्रेस में आए विधायक जय प्रकाश पटेल को पार्टी ने हजारीबाग से उम्मीदवार बनाया है। भाकपा (माले) के टिकट पर पिछला चुनाव कोडरमा से राजकुमार यादव लड़े थे। इस बार माले ने विधायक विनोद सिंह को कोडरमा सीट दे दी है। आरजेडी ने पलामू से पिछली बार घूरन राम को टिकट दिया था। इस बार उनकी जगह ममता भुइयां को अपना उम्मीदवार बना दिया है। झामुमो ने दुमका सीट से 2019 का लोकसभा चुनाव शिबू सोरेन लड़े थे। उनकी जगह इस बार पार्टी ने नलिन सोरेन को अपना उम्मीदवार बनाया है। गिरिडीह में मथुरा महतो झामुमो के इस बार उम्मीदवार हैं। पिछली बार इस सीट से दिवंगत जगरनाथ महतो चुनाव लड़े थे। सिंहभूम सीट से झामुमो ने जोबा मांझी को मौका दिया है।

इंडी गठबंधन में झामुमो,कांग्रेस, आरजेडी और सीपीआई (एमएल) शामिल हैं। कांग्रेस 7 सीट पर, झामुमो 5 सीट और आरजेडी-माले एक-एक सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस ने रांची और धनबाद में दो ऐसे प्रत्याशी इस बार मैदान में उतारे हैं, जिनके बारे में कोई कल्पना भी नहीं कर रहा था। कांग्रेस ने रांची से पूर्व केंद्रीय

## इंडी और भाजपा के कई बड़े नेता नहीं लड़ रहे चुनाव

कांग्रेस के कद्दावर नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, भाजपा के पांच बार सांसद रहे रामटहल चौधरी इस बार चुनावी मैदान में नहीं है। पिछली बार दोनों दिग्गज रांची लोकसभा सीट से आमने-सामने थे। धनबाद के भाजपा सांसद पीएन सिंह और चतरा के भाजपा सांसद सुनील सिंह भी इस बार चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। जमशेदपुर से पिछली बार मुख्यमंत्री चंपई सोरेन झामुमो के टिकट पर मैदान में थे। इस बार सीएम बनने के बाद चुनाव नहीं लडेंगे। पिछली बार कोडरमा से वर्तमान भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राजमहल से हेमलाल मुर्मू और दुमका से सुनील सोरेन और शिबू सोरेन मैदान में थे, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में इनमें से कोई आदिवासी नेता चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। दो दिवंगत नेता गिरिडीह से जगनाथ महतो, और चाईबासा से लक्ष्मण गिलुवा पिछली बार चुनाव मैदान में थे।

## चार सांसदों का कटा टिकट, 7 नए चेहरों को मौका

भाजपा जिन 13 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, उनमें सात सीटों पर भाजपा ने चार सांसदों का टिकट काटकर नए चेहरे को मैदान में उतारा है। धनबाद से पीएन सिंह की जगह बाघमारा के विधायक ढुलू महतो को उम्मीदवार बनाया है। दुमका में सीटिंग सांसद सुनील सोरेन की जगह शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन मैदान में है। सुनील सोरेन ने पिछली बार शिबू सोरेन को हराया था। भाजपा ने दुमका की तरह लोहरदगा में सुदर्शन भगत की जगह समीर उरांव को, हजारीबाग में जयंत सिन्हा की जगह मनीष जयसवाल को और चतरा में सुनील सिंह का टिकट काट कर इस बार कालीचरण सिंह को प्रत्याशी घोषित किया है। भाजपा ने राजमहल से पिछली बार हेमलाल मुर्मू को टिकट दिया था, इस बार पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ताला मरांडी को मौका दिया है। सिंहभूम से पिछली बार लक्ष्मण गिलुवा मैदान में थे, इस बार गीता कोड़ा अब भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही है।

# वोट की राजनीति ही झामुमो-कांग्रेस का उद्देश्य : सुदेश



**रांची ।** आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने इंडी गठबंधन सरकार पर निशाना साधा है। सुदेश महतो ने कहा कि चुनाव और वोट की राजनीति करना ही झामुमो-कांग्रेस का उद्देश्य रह गया है। झामुमो - कांग्रेस की सरकार के साढ़े चार साल होने को हैं। इस दौरान राज्य ने बहुत कुछ खोया और बहुत सहा है। अब वादाखिलाफी सरकार की विदाई का वक्त आया है। आजसू के हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में रविवार को मैट्रिक्स क्रॉप केअर प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक नवीन कुमार, निदेशक सतेंद्र कुमार नारायण समेत कई युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि सरकारी संरक्षण में खनिज संपदाओं का दोहन बदस्तूर जारी है। और इसने इतिहास बना दिया है। सरकार के पास युवाओं के नियोजन, सूखे खेतों में सिंचाई का प्रबंध करने के लिए कोई प्लान नहीं है। जिसका परिणाम है जनता, किसान, युवा सभी असहाय महसूस कर रहे हैं। राज्य में चौतरफा निराशा है। पार्टी के नीति सिद्धांतों को जन जन तक पहुँचाने का काम करूंगा। मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय महासचिव ब्रज मोहन कुमार, केंद्रीय सचिव रोहित प्रकाश प्रीत, जितेंद्र सिंह, केंद्रीय कार्यालय सचिव बनमाली मंडल, केंद्रीय प्रवक्ता डॉ.सुधीर यादव, केंद्रीय सह प्रवक्ता ज्ञान सिन्हा, केंद्रीय मीडिया संयोजक परवाज खान, केंद्रीय सदस्य शशि रंजन, अभिजीत वर्मा, रांची जिला उपाध्यक्ष सतेंद्र कुमार, अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच के सदस्य डॉ. साहब आर्यन, युवा आजसू प्रदेश संयोजक गौतम सिंह उपस्थित रहे।

## चंद्र प्रकाश के नामांकन में सम्राट चौधरी होंगे शामिल



**रांची ।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के आजसू प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी कल 06 मई दिन सोमवार को सुबह 11 बजे अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन के उपरांत बोकारो के जैना मोड़ स्थित बांधडीह स्कूल मैदान में जनसभा का आयोजन किया गया है। इस जनसभा को भाजपा प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, बिहार के उपमुख्यमंत्री सह बिहार भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी, पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो समेत गठबंधन के कई नेतागण संबोधित करेंगे। नामांकन कार्यक्रम में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र की जनता भी भारी संख्या में शामिल होकर अपना आशीर्वाद व समर्थन प्रदान करेगी।

## आदिवासी संगठनों ने पीएम नरेंद्र मोदी के भाषणों पर जताई नाराजगी



**रांची।** रविवार को मोरहाबादी चिल्ड्रेन पार्क स्थित विभिन्न आदिवासी संगठनों ने भाग लिया। केन्द्रीय सरना समिति सहित कई अन्य आदिवासी मूलवासी संगठनों ने नरेंद्र मोदी के झारखंड दौरे को विफल बताया। उनके भाषण सुनकर आदिवासी संगठनों ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब अदिवासी मूलवासी लोगों को असली मुद्दों से भटकाने के लिए झूठ का सहारा ले रहे हैं। बैठक में आदिवासी संगठनों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आदिवासियों की इतना ही चिंता थी तो सरना धर्म कोड बिल, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, 1932 खतियान पर आधारित स्थानीय नीति को विधानसभा में पारित कर राजभवन भेजा गया, पर रोक क्यों दिया गया। अजय तिर्की ने कहा कि झारखंड में आदिवासियों की कई समस्याएं हैं। झारखंड में सबसे ज्यादा राज करने वाला पार्टी बीजेपी ही रही लेकिन अदिवासी दबा कुचला से रहा। हम आज भी विस्थापन, जल-जंगल-जमीन पर कब्जा, फर्जी मुकदमेबाजी, मुठभेड़ और भूखमरी जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं।

## सोशल मीडिया पर 'मैं भी इलेक्शन एंबेसडर' विशेष अभियान आज



**रांची।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में स्वीप कार्यक्रम के तहत 7 मई 2024 को संध्या 6 से 8 बजे के बीच मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर विशेष अभियान का संचालन निर्धारित है। इस अभियान के तहत निर्वाचन से जुड़े सभी सोशल मीडिया हैंडल पर मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर हैशटैग के साथ लोकसभा चुनाव संबंधी कंटेंट पोस्ट कर इसे ट्रेंड में लाने का कार्य करें। यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने कही। उन्होंने सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर से भी अपील की है कि वे इस विशेष अभियान का हिस्सा बनते हुए उपरोक्त हैशटैग लगाकर अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट करें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार सहित आदि उपस्थित थे।

# हमें अंतरराष्ट्रीय सीमा की चौकीदारी कब मिली : सीएम



**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने राज्य में घुसपैठियों के मामले में रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि झारखंड सरकार को अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर चौकीदारी का जिम्मा कब मिला। यह गलती किसकी है। सीमा को सील क्यों नहीं किया जाता है। उलटे भाजपा आरोप लगाती है कि यहां की डेमोग्राफी बदल रही है।

भाजपा ही बताए गलती किसकी है। भाजपा के एजेंडे से महंगाई, बेरोजगारी और युवाओं की बदहाली जैसे मुद्दे गायब हैं। मुख्यमंत्री ने नसीहत देते हुए कहा कि जुमलों से बचिए। वैसे लोगों को सांसद चुनिए, जो आपके मुद्दों को देश की सबसे बड़ी पंचायत में उठा सकें। झारखंड के अधिकतर सांसदों ने जिस प्रकार राज्य की जनता की मांगों व अपेक्षाओं को लगातार नकारा है, जिस तरह से उन्हें महंगाई, 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति, ओबीसी आरक्षण, सरना-आदिवासी धर्म कोड समेत अन्य मुद्दों पर जुमले सुनाये गए हैं, उसका जवाब जनता देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में राशन कार्ड तक आधार संख्या के बिना नहीं बनते। जब आधार कार्ड बनाने वाली एजेंसी केंद्र सरकार के अधीन काम करती है, नागरिकता देना भी केंद्र के अधिकार क्षेत्र आता है, तो फिर इस प्रक्रिया में होने वाली गड़बड़ी के लिए कौन जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि इतिहास में पहली बार इतनी गरीबी देखी है। भाजपा सरकार के राज में एलपीजी सिलेंडर की कीमत 400 रुपये से बढ़कर 1100 रुपये हो गई। राशन से लेकर सब्जी-भाजी और तेल-मसालों का हाल भी लोगों के सामने है। ऐसे हालात बन गए हैं कि देश के इतिहास में पहली बार 80 करोड़ लोगों को पांच किलो अनाज देना पड़ रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### आईजी अभियान ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की



**रांची ।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर आईजी अभियान की अध्यक्षता में रविवार को समीक्षा बैठक हुई। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई। इसमें जिले के एसपी, रेंज के डीआईजी और जोनल आईजी शामिल हुए। इस दौरान चुनाव को लेकर क्या-क्या तैयारियां की गई हैं और क्या कमियां रह गई हैं, इस पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही कई दिशा-निर्देश भी दिए गए। झारखंड में 14 लोकसभा सीटें हैं, जिनमें पांच सीटें एसटी और एक सीट एससी के लिए आरक्षित है। राज्य में कुल मिलाकर 2.54 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। इनमें 22 लाख मतदाता पहली बार मतदान करेंगे। राज्य में चौथे, पांचवे, छठवें और सातवें चरण में मतदान होगा। चार लोकसभा सीटों सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में 13 मई को चौथे चरण में मतदान होगा। चतरा, कोडरमा और हजारीबाग में 20 मई को पांचवें चरण का मतदान होगा। गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर में 25 मई को छठवें चरण में मतदान होगा। इनके अलावा राजमहल, दुमका और गोड्डा में एक जून को सातवें चरण में मतदान होगा।

### मतदाता पहचान पत्र बांटने को अवकाश के दिन खुले रहे रांची के डाकघर



**रांची।** रांची डाक मंडल के डाकघर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रविवार को भी खुले रहे। निर्वाचन आयोग से भेजे गए 53 हजार मतदाता पहचान पत्रों को डाक के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने के लिए शनिवार को देर रात तक रांची जीपीओ कार्यालय खुला रहा और रविवार सुबह तक वोटर कार्ड डाकघरों तक पहुंच गए। डाकियों ने भी रविवार को घर-घर तक जाकर वोटर कार्ड का वितरण किया। वरिष्ठ डाक अधीक्षक उदयभान सिंह ने बताया कि डाक कर्मी, डाकिया और जीडीएस की मदद से 10 हजार वोटर आईडी कार्डों का वितरण घर-घर किया गया है। उन्होंने इस अद्वितीय पहल के लिए डाक कर्मियों, डाकियों और जीडीएस को धन्यवाद दिया। साथ ही, उनके सहयोग के लिए आम नागरिकों को भी धन्यवाद दिया। सिंह ने कहा कि इस महापर्व को सफल बनाने के लिए अमूल्य मतदान जरूर करें। इसके साथ उन्होंने आने वाले चुनाव में सुधारित सुविधाएं प्रदान करने का संकल्प भी दोहराया और कहा कि आने वाले चुनाव में डाक विभाग नागरिकों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए तत्पर रहेगा।

### चैनपुर में वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कांग्रेस के चुनावी कार्यालय का किया दौरा



**चैनपुर ।** कुरुमगढ़ रोड़ स्थित कांग्रेस के चुनावी कार्यालय में रविवार को इंडी गठबंधन के लोहरदगा विधायक सह वित्त मंत्री रामेश्वर उरॉव चैनपुर प्रखंड स्तरीय चुनावी कार्यालय का दौरा किया साथ ही साथ कांग्रेस कार्यकताओं से मुलाकात की। वहीं चुनावी रणनीति को लेकर चर्चा की गई। साथ ही इंडी गठबंधन की प्रत्याशी सुखदेव भगत की जीत के रणनीति को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर उन्होंने इंडी गठबंधन के सभी कार्यकताओं के साथ बैठक कर आगे की रणनीति बनाई। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता यमुना केशरी, कांग्रेस रघुनंदन प्रसाद, निरंजन तिग्गा, मंगरा खान, जावेद खान, मोबीन खान समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# चौतरफा भ्रष्टाचार और लूट के दलदल में फंसी झामुमो सरकार : प्रतुल शाहदेव



**रांची ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा और हेमंत सोरेन पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार चौतरफा भ्रष्टाचार और लूट के दलदल में फंस गई है। झामुमो की मान्यता अब जनता ही समाप्त कर देगी। वे रविवार को रांची के मारू टावर स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। प्रतुल ने कहा कि हाई कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका न सिर्फ खारिज किया है, बल्कि राजनीतिक बदले का जो आरोप लगाया गया था, उसे एक हारे हुए मुवकिल की आखिरी कोशिश की संज्ञा दे दी। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी में यह भी कहा कि ईडी ने अब तक जितने साक्ष्य जुटाए हैं उसमें प्रथम द्रष्टया हेमंत सोरेन की इस घोटाले में संलिप्तता उजागर होती है। कोर्ट ने हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास में ईडी की छापेमारी में 36 लाख की रुपये की रिकवरी पर भी बड़ा प्रश्न खड़ा किया। कोर्ट ने हेमंत सोरेन की दलील को अनटेनेबल यानी असमर्थनीय माना। प्रतुल ने कहा कि इसी तरीके से राज्य सरकार ने साहिबगंज के नींबू पहाड़ के अवैध खनन मामले में सीबीआई की जांच के आदेश को चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान जानना था कि राज्य सरकार इस जांच को रोकने के लिए क्यों इतनी उत्सुक है? अंततः राज्य सरकार की याचिका खारिज हो गई और सीबीआई जांच जारी रहेगी। इससे स्पष्ट है कि हेमंत सोरेन के कार्यकाल में जो भ्रष्टाचार हुआ था, अब उस घोटाले पर न्यायिक दृष्टिकोण भी सख्त होता जा रहा है और न्यायालय पैनी नजर रख रही है। प्रतुल ने कहा कि सदर थाने में जमीन घोटाले के संबंधित जो एफआईआर हुआ था, उसमें षड्यंत्र की धारा को जोड़ा गया था लेकिन इस षड्यंत्र की धारा (120 बी) को पेन से काट कर मिटाने की घटना को भी हाई कोर्ट ने बहुत गंभीरता से लिया है और कहा कि उसे समय हेमंत सोरेन की सरकार का कार्यकाल था।

## पांचवें चरण के लिए कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की सूची जारी

**रांची ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह सांसद के.सी वेणुगोपाल द्वारा 20 मई 2024 को पांचवे चरण के होनेवाले लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत झारखण्ड प्रदेश के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी गयी है। उक्त आशय की जानकारी प्रदेश कांग्रेस कमिटी, मीडिया विभाग के चेयरमेन सतीश पॉल मुंजनी ने दिया। उन्होंने बताया कि स्टार प्रचारकों में मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाद्रा, के.सी. वेणुगोपाल, गुलाम अहमद मीर, राजेश ठाकुर, भुपेश बघेल, सुखविंदर सिंह सुक्खू, ए रेवंत रेड्डी, सलमान खुर्शीद, जयराम रमेश, तारिक अनवर, डॉ. अजय कुमार, सुबोधकांत सहाय, राना के. पी. सिंह, आलमगीर आलम, डॉ. रामेश्वर उरांव, बादल पत्रलेख, बन्ना गुप्ता, इमरान प्रतापगढ़ी, सुप्रिया श्रीनेत, दीपिका पांडे सिंह, फुरकान अंसारी, चन्द्र शेखर दुबे, डॉ. प्रदीप क्र. बालमुचू, बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, रामचन्द्र सिंह, अंबा प्रसाद, उमाशंकर अकेला, योगेन्द्र साव, ममता देवी, अशोक चौधरी, जयशंकर पाठक, अमुल्य नीरज खलखो, केदार पासवान, गुंजन सिंह, अभिजीत राज, शामिल है।

# मणिटोला काली मंदिर में पूजा-अर्चना कर नामांकन के लिए निकलेंगी यशस्विनी

## सीएम चंपाई सोरेन सहित इंडी गठबंधन के बड़े नेता रहेंगे मौजूद



**रांची।** रांची लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सोमवार को नामांकन करेंगी। नामांकन जुलूस मणि टोला काली मंदिर से पूजा-अर्चना कर सुबह सात बजे प्रारंभ होगी। इसके बाद 7:30 बजे धुर्वा सेक्टर तीन स्थित आवास से प्रस्थान और दुर्गा मंदिर के दर्शन, 7:45 में बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा में माल्यार्पण, 8.00 बजे हिनू चौक स्तिथ (हनुमान मंदिर ,शनि मंदिर में दर्शन, 8:15 बजे डोरंडा एजी मोड़, 8:30 बजे स्वामी विवेकानंद चौक, 8:45 बजे बाबा साहेब आंबेडकर चौक, नौ बजे रिसलदार बाबा के मजार, 9:30 बजे कडरू ब्रिज, 9:40 में कडरू महावीर मंदिर में दर्शन, अरगोड़ा चौक, हरमू चौक, स्वामी सहजानंद चौक, कार्तिक उरांव चौक, भारत माता चौक, किशोरगंज चौक, रातू रोड चौराहा, जाकिर हुसैन पार्क होते हुए समाहरणालय भवन पहुंचेंगी। यहां यशस्विनी सहाय नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इसके बाद रांची के मोरहाबादी मैदान में एक जनसभा होगी। इसमें मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राजद के नेता और मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय सहित गठबंधन के अन्य नेता शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि रांची में लोकसभा चुनाव छठें चरण 25 मई को होना है। रांची के अलावा गिरिडीह, धनबाद और जमशेदपुर संसदीय सीटों पर भी इसी दिन वोटिंग होगी। छठे चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया 29 अप्रैल से चल रही है, जो छह मई तक चलेगी। सात मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नौ मई तक उम्मीदवार नाम वापस ले सकेंगे। रांची लोकसभा क्षेत्र में ईचागढ़, सिल्ली, खिजरी, रांची, हटिया और कांके विधानसभा क्षेत्र आते हैं।

## एक नजर

### चाची-भतीजा ने किया रिश्ते को कलंकित,साथ रहने को दोनों तैयार

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के मासीपीढ़ी स्थित ग्राम हरैयाटांड में चाची भतीजे ने रिश्ते को कलंकित करते हुए पंचायत में चाची भतीजे के संग रहने को तैयार हो गई। मालूम हो कि दोनों के बीच प्यार हो गया। 15 दिन पूर्व दोनों गांव से भाग गए। शुक्रवार के शाम को दोनों गांव पहुंचे। शनिवार के सुबह में चाची भतीजा दोनों थाना पहुंच गए। इसके बाद दोनों साथ रहने की बात कही। दोनों के परिजन भी थाना पहुंचे। जहां रिश्ते को देखते हुए समझौते को लेकर पंचायत हुई। पंचायत में दोनों साथ रहने की बात कहने पर समझौता नहीं हो पाया। महिला का एक बच्चा भी है। बच्चे को उसके पिता ने ले लिया। चाची भतीजा के साथ उसके घर चली गई। मामले को लेकर ग्रामीणों में तरह-तरह की चचाएं हो रही है।

### नाबालिग को भगाकर ले जाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

**रामगढ़ / गोला।** बरलंगा थाना पुलिस ने नाबालिग को भगाकर ले जाने वाले युवक को को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में रामगढ़ जेल भेज दिया है। वहीं पुलिस ने युवती को बरामद कर परिजनों के हवाले कर दिया है। पुलिस के अनुसार रांची जिला के राहे थाना क्षेत्र के गोमदा निवासी राजू नायक ने पिछले माह 11 अप्रैल को बरलंगबा क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। युवती के माता-पिता के शिकायत के बाद पुलिस दोनों को तलाश कर रही थी। इसी बीच गुप्त सूचना पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर युवती को बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया और मेडिकल जांच के बाद युवती को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### गोला में अलग-अलग गांवों में महिला से छेड़खानी करने वालों को पुलिस ने लिया हिरासत में

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र के दो अगल अलग गांवों में दो बच्चों की मां के साथ छेड़खानी करना शादीशुदा युवक को महंगा पड़ गया। पहली घटना बेटुलकलां क्षेत्र का है। महिला ने थाना में आवेदन देकर कहा है कि गत 21 अप्रैल की शाम मैं बकरी चरा कर घर लौट रही थी। इसी दौरान अकेला देखकर गांव का ही निरंजन महतो मेरे साथ बलात्कार करने का प्रयास किया। जिसके कारण मैं शोर मचाने लगी, हल्ला सुनकर आस पास के लोगों के अलावे उसकी पत्नी भी वहां पहुंच गई। इसी बीच निरंजन ने सिंदूर निकाल कर मेरे माथे में डाल दिया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने जबरन मुझे निरंजन के घर घुसा कर बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। इस घटना के बाद निरंजन की पत्नी प उसके परिजन मेरे साथ गाली ग्लोज व मारपीट करने लगे। मैं वहां से भाग कर अपने एक रिश्तेदार के घर चली गई। दूसरे दिन अपना ससुराल आई तो ससुराल वालों ने मेरे साथ जुल्म करना शुरू कर दिया। उन्होंने आप बीती सुनाते हुए कहा कि मेरे पति मुम्बई में मजदूरी करने गए हैं। मेरे छोटे छोटे दो बच्चे भी हैं। पुलिस ने मामले की जांच कर शनिवार को आरोपी निरंजन को हिरासत में लेकर पूछताछ कर उसे पीआर बौंड पर छोड़ दिया है।

स्वीप ने वोटर अवेयरनेस को लेकर किया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

# उपायुक्त ने मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने कर दिया निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में नोडल पदाधिकारी मतदाता जागरूकता कोषांग सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की के निर्देशानुसार सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर विक्रम सोनी द्वारा महर्षि परमहंस बीएड कॉलेज में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता को लेकर उपस्थित सभी बच्चों को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाया गया, इसके उपरांत आगामी 20 मई 2024 को अपने अपने आसपास के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने की अपील की गई। मतदाता जागरूकता के लिए बनाए गए पोस्ट के माध्यम से 'वोट करेगा रामगढ़, 20 मई' 'चुनाव का पर्व देश का गर्व' जैसी स्लोगन लिखकर वोट करने के लिए प्रेरित किया गया है। मैं भी इलेक्शन अम्बासडर थीम के तहत मतदान करने के प्रति मतदाताओं को जागरूक किया गया। मौके पर मुख्य रूप से पीपीआई फेलो श्वेता वर्मा, प्राचार्य डॉ जी आर चोरिया, शिक्षक नीलकमल सिंह, जय झा, चंचल कुमारी, डॉ पूनम सिंह, संजू उरांव, दिनेश बरमुंडा दिनेश बरमुंडा, जनसंपर्क कार्यालय से नीतीश कुमार पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।

आर्थिक तंगी से जूझ रहा था परिवार

# शिलाड़ीह निवासी चंदन की असाध्य रोग से मौत



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम शिलाड़ीह, पासवान टोला निवासी चंदन पासवान 25 वर्ष पिता श्यामलाल पासवान पिछले 1 वर्ष से असाध्याय रोग से ग्रसित थे।चंदन का दोनों किडनी खराब हो चुका था।वहीं परिजनों ने पीड़ित का इलाज कोलकाता, रांची और हजारीबाग में कराया। कुछ दिन पूर्व शिलाड़ीह के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राज कुमार गिरी उनकी स्थिति को देखते हुए हजारीबाग ले गए थे। जहां सदर अस्पताल में इनका इलाज चल रहा था।इस दौरान रविवार को अचानक निधन हो गया। जिससे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। ज्ञात हो कि मृतक के इलाज के दौरान परिजनों ने अपनी क्षमता से अत्यधिक पैसे खर्च किए जिससे पूरा परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। मौके पर राजकुमार गिरी पीड़ित परिवार से मिले तथा ढाढस बंधाया।

## न्यूज बॉक्स

### आग लगने से ट्रांसफार्मर सहित लाखों का नुकसान, बाल-बाल बचा फैक्ट्री



**बरही।** खोड़ाहर पंचायत के केवाल में स्थित राज सिंह चौहान की कैटल फीड फैक्ट्री के इर्द-गिर्द आग लगने से बिजली के ट्रांसफार्मर सहित लाखों की संपत्ति जलकर स्वाहा हो गया है. उक्त जानकारी देते हुए फैक्ट्री संचालक श्री चौहान ने बताया कि आग के कारण का पता नही चल सका है. आग की लपटे फैक्ट्री के पीछे जंगल की ओर से आई. इसकी सूचना उन्हे उनके कर्मियो में साढ़े ग्यारह बजे दिन में दिया. जिसकी सूचना उन्होंने अग्निशमन विभाग को दिया. परंतु अग्निशमन वाहन को पहुंचने तक आग की लपटे पूरी तरह फैल चुकी थी. जिससे फैक्ट्री के बाहर काटकर रखे गए लगभग एक लाख रुपए के अरहर के पौधे, 250 पीस आम के पौधे और फैक्ट्री का ट्रांसफार्मर बुरी तरह जलकर खाक हो गया. अग्निशमन दल ने किसी प्रकार आग पर काबू पाकर फैक्ट्री को जलने से बचा लिया. उन्होंने बताया की इस अग्निकांड में उन्हें लगभग चार से पांच लाख रुपए की संपति के नुकसान हुआ है.

### बरही के विभिन्न पंचायतों में कांग्रेस गारंटी कार्ड को लेकर चला अभियान



**बरही।** इंडी गठबंधन के धनवार पंचायत प्रभारी मो. वारिस अंसारी की उपस्थिति में बुथ अध्यक्षों की एक बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार जेपी भाई पटेल को हाथ छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजय बनाने को लेकर संकल्प लिया गया और राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करने पर चर्चा की गयी। साथ ही कांग्रेस पार्टी के गारंटी कार्ड को हर व्यक्ति तक पहुंचाने की बात कही गई। पंचायत प्रभारी मो वारिस अंसारी ने बूथ अध्यक्षों को निर्देश दिया कि हर घर-घर में कांग्रेस पार्टी के गारंटी कार्ड को पहुंचाना है। मौके पर महेश प्रसाद, अनिरुद्ध प्रसाद, खूबलाल महतो, हाजी मकसूद, महमूद मियां, कुर्बान मियां, तबारक खान, अयूब अंसारी, गुलाम मुस्तफा, फैयाज आलम, मो शहीद, अबु फजल, वकील महतो, गुलाम मुस्तफा, सफदर अली, लियाकत हुसैन, अब्दुल कादिर, मो असलम, मुस्लिम अंसारी, ताहिर हुसैन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### जारी रहा प्रशासन का अतिक्रमण हटाओ अभियान बस स्टैंड परिसर में बाजार हुआ शिफ्ट



**बरही।** स्थानीय प्रशासन का धनबाद रोड, हजारीबाग रोड़ सहित बरही चौक के इर्द गिर्द रविवार को भी अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रहा. इस दौरान धनबाद रोड, हजारीबाग रोड को पूर्ण रूपेण अतिक्रमण मुक्त करवाते हुए कई दुकानों को हटाया गया. इस क्रम में कई दुकानों के सीढ़ी को ध्वस्त किया गया, सुलभ शौचालय के सीढ़ी पर भी प्रशासन का बुलडोजर चला और तोड़ा गया. इसके साथ ही धनबाद रोड में लगने वाली बाजार को सरकारी बस स्टैंड परिसर में शिफ्ट किया गया. जिससे अचानक बरहीवासियों एवं राहगीरों को जाम से आराम मिल गया है, जिससे आम जन सहित राहगीर काफी खुश दिखे. वही सड़क पर दुकान चलाकर अपना जीविकोपार्जन करने वाले खोमचे, ठेले वाले आदि गरीब परिवारों के समक्ष रोजी रोजगार की समस्या उत्पन्न हो गया है.

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का किया गया पुनर्गठन,दीपक बने अध्यक्ष



**बरकट्ठा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई बरकट्ठा का पुनर्गठन सरस्वती विद्या शिशु मंदिर बरकट्ठा के प्रांगण में विभाग संयोजक सोनू राय व अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया। साथ ही लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरुकता अभियान को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा और रणनीति बनाई गई।वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई बरकट्ठा का चयन में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष दीपक पांडेय, उपाध्यक्ष दीपक कुमार, मंत्री सिकंदर मंडल, सहमंत्री विजय कुमार, बबलू कुमार, मीडिया प्रभारी दीपक कुमार, मुकेश पांडेय, खुबलाल पंडित, कार्यकारिणी सदस्य अशोक दास, एसपीएस संयोजक सुनील कुमार का चयन किया गया। मौके पर परिषद के पदाधिकारी गण समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### गिद्दी अस्पताल परिसर के झाड़ी में लगी आग, कर्मियों ने बुझाई

**गिद्दी।** आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल गिद्दी के परिसर में रविवार को दिन में लगभग साढ़े 11 बजे सुखे पत्ते और झाड़ी में आग लग गई। झाड़ी और पत्तों में लगी यह आग देखते देखते पेड़ के टूट कर गिरे सुखे मोटी डालियों को भी पकड़ लिया। जिसे देखने के बाद अस्पताल के कर्मियों ने जल्दी से मिल कर लगी आग को बुझाया। जिससे पास में स्थित बिजली का ट्रांसफार्मर के साथ जेनरेटर जलने से बच गया और बड़ी नुकसान होने से बच गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया झाड़ी में लगी आग धीरे-धीरे बिजली के ट्रांसफार्मर के पास पहुंच कर पेड़ के टूट कर गिरे सुखे मोटी डाली को भी पकड़ कर तेज लहरने लगा था। जिसे बुझाने में थोड़ी देर होने पर पास में स्थित ट्रांसफार्मर और जेनरेटर में आग लगने से काफी क्षति हो सकता था।

### प्रतिभावान और जरूरतमंद विद्यार्थियों को दे रहे हैं छात्रवृत्ति

**रामगढ़।** रामगढ़ के प्रतिभावान और जरूरतमंद विद्यार्थियों की छात्रवृति के लिए क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्यालय श्री कृष्ण विद्या मंदिर को 78, 510 रुपये का आर्थिक अनुदान दिया। इसी तरह श्री गुरुनानक पब्लिक विद्यालय को भी इस वर्ष मेधावी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति देने की योजना है। यह बात शनिवार को प्रेस बयान जारी कर हनुमान प्रसाद अग्रवाल ने कही। उन्होंने कहा कि हमारे पारिवारिक ट्रस्ट की रजत जयंती के अवसर पर रामगढ़ के गरीब और प्रतिभावान बच्चों के लिए यह योजना शुरू की है। हमारा ट्रस्ट सत्यनारायण श्रीनिवास है। जिसकी स्थापना वर्ष 1999 में हुई थी। बीते पखवाड़े श्री सत्यनारायण मंदिर एवं धर्मशाला संस्था में वाटर कूलर लगाकर लोगों की प्यास बुझाने की कोशिश की है। वाटर कूलर का उद्घाटन परिवार के वरिष्ठ सदस्य और उनके चाचा श्रीनिवास अग्रवाल ने किया। इससे पूर्व रानी सती मंदिर एवं श्याम मंदिर में प्रत्येक को आजीवन सदस्यता के निमित्त एक लाख रुपए दिए हैं।

# छात्र आर्यन की मौत के मामले में राधा गोविंद स्कूल ने दी जानकारी

विद्यालय प्रबंधन ने नहीं बरती लापरवाही : जांच रिपोर्ट

**◆छात्र की मृत्यु के बाद जिला शिक्षा विभाग की ओर से जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम बनाई गई थी**



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** राधा गोविंद स्कूल के पांचवी के छात्र आर्यन कुमार की मौत मामले को लेकर स्कूल प्रबंधन ने रविवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता में बताया गया कि छात्र की मृत्यु के बाद जिला शिक्षा विभाग की ओर से जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम बनाई गई थी। जिसमें जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी बबिता कुमारी एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुलोचना कुमारी शामिल थे। जिन्होंने जांच करने के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी व डीसी को इसकी रिपोर्ट सौंप दी है। प्रेस वार्ता में बताया कि रिपोर्ट में बताया गया है कि जांच समिति द्वारा सीसीटीवी का फुटेज देखा गया जिसमें हॉस्टल के सभी बच्चों को विद्यालय प्रांगण में स्टूडेंट काउंटिंग सेशन करने के लिए लाया गया। जिसमें छात्रों के द्वारा अपने इच्छा अनुसार रनिंग या वॉक किया जा रहा था। जिसमें छात्र आर्यन भी शामिल था। आर्यन मैदान में पैदल चलकर मैदान के चारों ओर टहल रहा था और टहलने के क्रम में अचानक गिर गया। जिसके बाद विद्यालय वार्डन की ओर से विद्यालय के मारुति वाहन से नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। प्रेस वार्ता में बताया गया कि जांच समिति द्वारा रिपोर्ट में कहा गया है कि फुटेज और छात्रों तथा विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य, वार्डन पीएचई शिक्षक के बयान से प्रथम दृष्टया स्पष्ट होता है कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा लापरवाही नहीं बरती गई है। प्रेस वार्ता में राधा गोविंद शिक्षा व स्वस्थ ट्रस्ट की सचिव प्रियंका कुमारी, रजिस्ट्रार डॉ निर्मल कुमार, प्राचार्य सुजीत कुमार महंती, प्रभारी प्राचार्य डीके सिंह, सीपी संतन, विनय सिंह, कृष्णा उपाध्याय, रवि साहू, संजीव सिंह आदि उपस्थित थे।

### स्वीप के माध्यम से मतदान के प्रति लोगों को किया जागरूक

**दुलमी।** लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ाने और वोटरों को जागरुकता के लिए सामान्य स्वीप गतिविधियों के माध्यम से दुलमी प्रखंड क्षेत्र के पोटमदगा व कुल्ही के गांवों में शनिवार को अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी मदन महली के नेतृत्व में बीएलओ, सुपरवाइजर सहित कर्मियों ने मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस दौरान व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से स्थानीय लोगों को जागरूक किया गया। 20 मई को शत-प्रतिशत मतदान कराने को लेकर सभी मतदान केंद्र क्षेत्र में अभियान चलाकर स्वीप के माध्यम से बैनर पोस्टर और पर्ची बांटकर ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। बीएलओ, आंगनबाड़ी सेविकाएं डोर टू डोर जाकर लोगों को मतदान के लिए अधिक से अधिक लोगों को मतदान में भाग लेकर मतदान महाकुंभ में शामिल होने को कहा गया। मौके पर प्रखंड को-ऑर्डिनेटर टिंकू नायक, सुपरवाइजर सोहितलाल महतो, बीएलओ, मुरेश चौधरी, अरविंद कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।

# मोटर गैरेज में लगी आग वाहनों को हुआ नुकसान



**नवीन मेल संवाददाता। दारु** दारु थाना क्षेत्र के पेटो में रामा बॉडी गेराज में रविवार की सुबह करीब 9 बजे आग लग गयी। इस आग में गेराज में खड़ी कई वाहन जलने से बाल बाल बच गये, जबकि कुछ वाहन और पार्ट्स को आग से नुक्सान पहुंचा है। आग लगने के बारे में बताया गया की गेराज में खड़े वाहन के बगल में रखे स्क्रेप सामान को जलाने की नियत से गेराज मालिक के द्वारा आग लगाया गया था पर हवा तेज चलने की वजह से इसकी लपटे दूर-दूर तक उठने लगी जिसने आसपास खड़े एक चेचिस और कुछ लोहे की रखे समान को चपेट में ले लिया। इस आग से काला धुआं आसमान की तरफ उड़ने लगा। इस नजारे को जिसने भी देखा वह अचानक उसी तरफ दौड़ पड़ा। गेराज के मालिक और आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से पानी डालकर आग पर काबू पाया गया । आग को वक़्त रहते बुझा दिया गया अन्यथा बड़ी क्षति हो सकती थी।

जागरुक्तकता की कमी : प्रखंड में मात्र 15 पोस्टल बैलेट के लिए चयनित, कई वंचित

# 9 से 15 मई के बीच कराया जायेगा पोस्टल बैलेट से मतदान : बीडीओ

**चुनाव कार्य में कवरेज कर रहे मीडियाकर्मियों के लिए भी पोस्टल बैलेट की व्यवस्था की गयी है**



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** 18वीं लोकसभा चुनाव में बरही विधानसभा से 15 मतदाता पोस्टल बैलेट से अपने उम्मीदवारों का चयन करेंगे. जिसमें 6 दिव्यांग और 9 वरिष्ठ है जिनके उम्र 85 वर्ष से ऊपर के है. उक्त जानकारी बीडीओ सी आर इंदीवार ने दी. उन्होंने बताया कि यह सभी मतदाता 9 मई से 15 मई के बीच अपना मतदान करेंगे. ऐसे मतदाताओं को किसी भी मतदान केंद्र पर जाने की जरूरत नहीं है. उनके मत उन्हे घर पर ही देने की व्यवस्था की गई है. ज्ञातव्य हो कि लोकतंत्र में मतदान की भागीदारी सभी मतदाताओं के लिए जरुरी है. इसी के तहत चुनाव आयोग ने इस बार पहली बार दिव्यांग, 85 वर्ष से ऊपर के असक्षम मतदाताओं सहित चुनाव कार्य में कवरेज कर रहे मीडियाकर्मियों के लिए पोस्टल बैलेट की व्यवस्था किया है. जीपीएस सावना मांझी ने बताया कि बीएलओ की मदद से ऐसे मतदाताओं का चयन किया गया है. सारी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, अब नए मतदाताओं का चयन नहीं किया जा सकेगा. वही रविवार को क्षेत्र भ्रमण के क्रम में हमारे संवाददाता को कई ऐसे वृद्ध व लाचार मतदाताओं की जानकारी मिली जो पोस्टल बैलेट की सुविधा से वंचित रहने वाले है. हरिला गांव की 90 वर्षीय चलने फिरने से लाचार वृद्ध दीपु महतो पिता स्व शूकर महतो, चंद्रिका देवी आदि ने मतदान केंद्र पर जाने से खुद को असक्षम बताया. परंतु जानकारी के अभाव में पोस्टल बैलेट की सुविधा से वंचित रहने वाले है.

'क्यों जरूरी है खुशी, इसे जिंदगी में लाएं कैसे' विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित

# खुश रहकर बांटें खुशियां : विजय



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** शहर के थाना चौक के पास स्थित होटल शिवम इन्न के सभागार में 'क्यों जरूरी है खुशी, इसे जिंदगी में लाएं कैसे' विषय पर बौद्धिक विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी सह लघु उद्योग भारती के झारखंड प्रदेश महामंत्री विजय मेवाड़ ने किया। संचालन प्रखर वक्ता डॉ (प्रो) संजय कुमार सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन अखिलेश ने किया। 'खुशी क्लास' के संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने अपने संबोधन में बताया कि 'खुशी मिशन' चलाने की जरूरत क्यों पड़ी। आखिर उन्होंने सबकुछ छोड़कर 'खुशी क्लास' क्यों प्रारंभ किया। उन्होंने बताया कि पत्रकारिता के क्रम में उन्होंने देखा कि तनाव, हाइपरटेंशन, आत्महत्या की प्रवृत्ति समाज को अंदर ही अंदर तोड़ रहा है। शायद ही कोई ऐसा घर बचा है, जहां तनाव प्रवेश नहीं किया है। छोटी-छोटी बातों पर लोग, छात्र सुसाइड कर ले रहे हैं। इन घटनाओं के बढ़ते आंकड़ों से विचलित होकर इसे रोकने की कोशिश के उद्देश्य से 'खुशी मिशन' शुरू किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे विजय मेवाड़ ने कहा कि जिंदगी जिंदादिली से गुजारने के लिए है, यूं ही गंवाने या गुजरने के लिए नहीं। हर व्यक्ति सिर्फ 5 मीटर की दूरी को गोद ले कर, यह सोच लें कि अगर यहां कुछ भी गलत होता है, तो हम टोकेंगे जरूर। कोई कुछ भी कहे, इससे मतलब नहीं। मतलब सिर्फ इतना है कि यहां बौद्धिक मदद की जरूरत थी और हमने दिया। अगर हम खुद खुश रहें और खुशियां बांटें, तो दुनिया में निश्चित बदलाव आएगा। संचालन कर रहे डॉ संजय सिंह ने कहा कि 'खुशी क्लास' समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में अग्रसर है। यकीनन 'खुशी क्लास', 'खुशी चौपाल' और 'खुशी संदेश' समाज के लिए मील का पत्थर साबित होगा। साहित्यकार सरोज झा ने 'कोई कहे पागल ...' गाकर लोगों को झूमा दिया। गोष्ठी को बसंत हेतमसरिया, अनमोल सिंह, गोविंद मेवाड़, अरुण राय, डॉ शैलेंद्र कुमार, अमित सिन्हा, विजय जायसवाल, बसुध तिवारी, मनोज मंडल, सरोज झा, मनजी सिंह, धनंजय पुटुस, छोटन सिंह, नंद किशोर जी नन्दू, शिक्षक बासुदेव , मनोज मंडल आदि ने भी संबोधित किया। सभी लोगों ने एक स्वर में 'खुशी दूत' बनने का संकल्प लिया।

### केदला वाशरी ने 164 करोड़ 49 लाख का कमाया मुनाफा

**रामगढ़।** सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र की केदला वाशरी वित्तीय वर्ष 2023-24 में रॉ कोल को वाश कर 164 करोड़ 49 लाख रुपए का मुनाफा कमाया है। वाशरी को इस सत्र में 31 मार्च तक 13 लाख एमटी कोयला वाश करने का लक्ष्य दिया गया था। जिसमें 31 मार्च तक वाशरी ने 10 लाख 26 हजार 475 एमटी मिले कोयला में 10 लाख 21 हजार 100 एमटी वाश कर एक नया किर्तिमान बनाया है। 2018 के बाद पहली बार वाशरी ने दस लाख एमटी से ज्यादा कोयला उत्पादन किया है। इस दौरान तीन लाख 96 हजार 626 एमटी क्लिन कोल का उत्पादन और डिस्पैच कर मुनाफा में 34 प्रतिशत ग्रोथ पाया है। केदला वाशरी क्लिन कोल, पावर कोल, रिजेक्ट और स्लरी का उत्पादन करता है। वहीं वाशरी के बेहतर परफॉर्मेंस के लिए जीएम ऑफिस चरही में पीओ पीके सिंह को जीएम केके सिन्हा सम्मानित किया। इस खुशी के मौके पर केदला वाशरी और चैनपुर साईडिंग में मिठाई का वितरण किया गया।

दंत चिकित्सक आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

# हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस एंड होस्पिटल की अनोखी पहल



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल द्वारा दिन रविवार को 'दंत चिकित्सक आपके द्वार' कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस कार्यक्रम के तहत 60 वर्ष से ऊपर उम्र के लोगों के लिए घर पर ही अनुभवी डॉक्टरों द्वारा जांच एवं इलाज होने के साथ ही इलाज के दौरान पिकअप और ड्राप एम्बुलेंस की सुविधा मिलेगी। वहीं तीन दिनों में संपूर्ण दांत डेन्चर के माध्यम से बनाया जाएगा। सामान्य रूप से सभी उम्र के लोगों के लिए प्रत्येक शनिवार को कॉलेज परिसर में इलाज के दौरान दंत चिकित्सा पर 40% छूट काविशेष ऑफर संचालित हैं। रविवार को 'दंत चिकित्सक आपके द्वार' कार्यक्रम तहत 60 प्लस उम्र के लोगों को घरों में जाकर दंत चिकित्सकों ने जांच किया। इलाज के दौरान पिकअप और ड्राप एम्बुलेंस की सेवा व सुविधाएं दी। इस सरहानीय पहल से वृद्धजनों में काफी खुशी की लहर है। कार्यक्रम से लाभान्वित लोगों ने डेंटल कॉलेज परिवार की काफी सरहाना की। लाभान्वित लोगों ने कहा कि वक्त की मांग को ध्यान में रखकर काफी अच्छा पहल किया गया है। इस पहल से वृद्धावस्था के कारण इलाज में समास्याओं को दुर करने का प्रयास करेगा। मौके पर सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि बढती उम्र के साथ शरीर में कई तरह की बिमारियां होने लगती हैं।

## एक नजर

### सिमडेगा के हज यात्रियों का टीकाकरण शिविर आज

**सिमडेगा।** इस वर्ष सिमडेगा जिला से जाने वाले हजयात्रियों को सोमवार को टीका लगाया जाएगा। सदर अस्पताल में सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे से हजयात्रियों को टीका लगाने के सिविल सर्जन द्वारा एक मेडिकल टीम का गठन किया गया है। सिमडेगा के खादिमुल हुज्जाज हाजी तौहिद आलम पम्मु ने बताया कि इस वर्ष सिमडेगा जिले से सात ग्रुप में 17 हजयात्री हज के लिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इनमें दस पुरूष और सात महिलाएं शामिल हैं। बताया गया कि इस वर्ष हजयात्रा में जाने वाले लोगों में मोहसीन आलम, मो साबिर अहमद, सीमा जेया, मो.शौकत अली, साबिर आलम, मो यासिन, इशरत बानो, मो.खालिद आलम, साबरिन खातुन, गुलजाम खान, मो.शहजादा सरफराज, अम्बिया बेगम, आरफा जन्नत, मो साकिर आलम, सबाना परवीन, मो परवेज और रजिया सुल्ताना शामिल हैं।

### महागठबंधन की बैठक में चुनाव के लिए बनी रणनीति

**कोडरमा/ सतगावां।** प्रखंड की ईटांय पंचायत के योगीडीह में लोकसभा चुनाव को लेकर रविवार को महागठबंधन की प्रखंड स्तरीय बैठक हुई। इसमें महागठबंधन समर्थित भाकपा माले उम्मीदवार विनोद सिंह के पक्ष में संचालित चुनावी गतिविधि को लेकर समीक्षा और प्रखंड के सभी बूथों पर महागठबंधन की मजबूती को लेकर चर्चा की गई। साथ ही माले प्रत्याशी विनोद सिंह के जनसंपर्क अभियान, जनसंवाद को लेकर रणनीति तैयार की गई। भाकपा माले के पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि भाजपा झूठ की ढ़ेर पर खड़ी है और केवल झूठ परोस रही है। कोडरमा की जनता भाकपा-माले और महागठबंधन के सच और संघर्ष के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सांसद ने कोडरमा को विनाश की राह पर लाकर खड़ा कर दिया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पलायन के मुद्दे पर भाजपा सांसद निष्क्रिय साबित हुई है। जिले के सुदूरवर्ती इलाका सतगावां के मान, सम्मान के साथ खिलवाड़ किया गया है।

### आदेश का उलंघन कर चल रहे कई स्कूल, पांच स्कूलों से स्पष्टीकरण मांगा

**कोडरमा।** राज्य में भीषण गर्मी को देखते हुए शिक्षा विभाग के सचिव द्वारा विगत 29 अप्रैल से सभी सरकारी और निजी स्कूलों में केजी से कलास आठवीं तक की कक्षाएं स्थगित रखने का आदेश दिया था। जिले के कई स्कूल इस आदेश की अवहेलना करते हुए कक्षा का संचालन कर रहे हैं। ऐसे में स्कूली बच्चों को इस भीषण गर्मी में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। कोडरमा के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जगन्नाथ प्रसाद ने पांच स्कूल संचालकों को स्पष्टीकरण पूछा है। बीईईओ ने किड्जी स्कूल विशुनपुर रोड झुमरी तिलैया, होली चाईल्ड स्कूल विशुनपुर रोड झुमरी तिलैया, प्वायनियर एकेडमी नवादा बस्ती झुमरी तिलैया, आरपी एजुकेशनल एकेडमी तिलैया बस्ती झुमरी तिलैया और मोहन अधारशीला ज्ञानपीठ स्कूल अड्डी बंगला झुमरी तिलैया के संचालक को स्पष्टीकरण भेजते हुए 24 घंटे के अंदर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

---

संत जोसेफ पर्व के अवसर पर आदिवासी नाच प्रतियोगिता का आयोजन

## अपनी संस्कृति, सभ्यता व संस्कारों को नहीं करना है दरकिनार : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
गरजा पंचायत के कटुकोना में संत जोसेफ पर्व के अवसर पर आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम सह आदिवासी नाच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमो ने भाग लिया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। सास्कृतिक नाच प्रतियोगिता में पहला तिर्रा सिकुटोली, दूसरा कटुकोना गिरजा टोली ,तीसरा कटुकोना बड़काटोली को मिला। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाली नृत्य मंडली को पुरस्कृत किया गया। अपने संबोधन में विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि आज हमारी भाषा, संस्कृति एवं विरासत के साथ जो खिलवाड़ हो रहा है। उसे बचाने की आवश्यकता है। आज संगीत वाद्यों, लोकगीतों और यहां तक खाने-पीने की संस्कृति का संरक्षण करना भी आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा की आधुनिकता की चकाचौंध में हमें अपनी संस्कृति, सभ्यता व संस्कारों को दरकिनार नहीं करना चाहिए। आज के समय में हम न सिर्फ भाषा संस्कृति बल्कि शिष्टाचार व नैतिकता को भी भूलते जा रहे हैं। शिष्टाचार व नैतिकता हमारे जीवन में बहुत अहम चीजें हैं। उन्होंने कहा कि आज हमारे बच्चों को यह बताने की जरूरत है कि हमारे समाज मे मांदर, ढोल, तबला, बांसुरी से नाच गान होता है।

### भाषा संस्कृति से है हमारी पहचान: जोसिमा खाखा

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि हमारी पहचान हमारी भाषा संस्कृति से है। रहन सहन, नाच गान से है। जंगल पहाड़ से है। हमारी बोली हमारे संस्कार हमारे शिष्टाचार से है। हम इसे हर हाल में बचाने का प्रयास करें। मौके पर उप प्रमुख सिलबेस्टर बघवार, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, विधायक प्रतिनिधि अरविंद लुगुन,मुखिया बसंती डुंगडुंग, पीटर बागे, प्रदीप कुजूर,खीस्थोपर केरकेट्टा, रंजिता खलखो, एलोइश कुजूर, सुमन मिंज, एल्बिस कुजूर,अग्नेश केरकेट्टा,प्रमिला कुजूर,उर्मिला केरकेट्टा उपस्थित थे।

## जंगली हाथी ने मचाया उत्पात,मुखिया ने की मदद



**नवीन मेल संवाददाता। बांसजोर**
प्रखण्ड के उरते पंचायत गिनिकेरा राजस्व ग्राम के विभिन्न गांवों में शुक्रवार की रात एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया है। साजबाहल में राजेश लकड़ा, एवं बरटोली में विलियम तिर्की, सरदार टोली में छबील बड़ाइक, के घर को एक जंगली हाथी ने ध्वस्त किया एवं घर में भंडारीत अनाज को बर्बाद कर दिया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी वन विभाग को देते हुए हाथी के कहर से स्थाई समाधान करने की मांग किया है। वहीं दुसरी ओर पंचायत मुखिया सीमा डुंगडुंग पिडित परिवार से मिली हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया कहा क्षतिपूर्ति के अनुसार जल्द से जल्द मुआवजा दिलाऊंगी तत्काल राहत के लिए सुखा राशन दी। बतातें चलें झुंड से बिछड़ा एक जंगली हाथी जलडेगा एवं बांसजोर प्रखण्ड ग्रामिणों के लिए लम्बे समय से परेशानी का कारण बना हुआ है। लोग इसको लेकर काफी परेशान हैं।

## न्यूज बॉक्स

### सिमडेगा पुलिस ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**सिमडेगा।** आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर सिमडेगा जिलान्तर्गत विभिन्न बूथों में जहां विगत लोकसभा चुनाव 2019 में सबसे कम मतदान हुआ है, सिमडेगा पुलिस के द्वारा कम्यूनिटि पुलिसिंग, मोर पुलिस मोय पुलिस के तहत तीन दिवसिय मतदाता जागरूकता अभियान के क्रम में, लोगों के बीच पंपलेट बांट कर तथा मतदाता जागरूकता हैंड बैंड पहनाकर मतदान के प्रति जागरूक करते हुए निर्भिक होकर बिना किसी दबाव में ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने हेतु लोगों को प्रेरित किया गया । साथ ही लोगों से अपील किया गया कि वे अपने आस-पास के लोगों तथा अपने परिवार के लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करें।

### लोकसभा चुनाव के गतिविधियों की जानकारी लेने के लिए व्यय प्रेक्षक पहुंचे सिमडेगा



**सिमडेगा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनज खूंटी क्षेत्र के व्यय गतिविधियों का आकलन के लिए व्यय प्रेक्षक एस आर नेदुमारन ने सिमडेगा जिला का भ्रमण किया। इस दौरान व्यय प्रेक्षक ने सिमडेगा परिसदन भवन सभागार में चुनाव व्यय अनुश्रवण टीम के पदाधिकारियों संग बैठक आयोजित किये। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि व्यय अनुश्रवण के लिए चिन्हित सभी संस्थाएं,आचार संहिता एवं विधि व्यवस्था कोषांग, मीडिया कोषांग, व्यय कोषांग, सहित सभी सर्विलांस टीम,फ्लाइंग स्कॉयड, वीडियो वीविंग टीम आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। सभी का एकीकृत उद्देश्य हो कि स्वंतत्र और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने एवं अनाधिकृत व्यय को रोकने के मद्देनजर बैंक में होने वाले बड़े ट्रांजेक्शन या निकासी की सूचना,नकदी वितरण व पेट्रोल पंप की निगरानी करते हुए जब्ती की सूचना व्यय कोषांग को उपलब्ध कराई जाए। चेक नाका और अपने सूचनातंत्र के आधार पर अवैध शराब, नगदी, उपहार की वस्तु, ड्रग्स सहित असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि अब तक 4 लाख 46 हजार मूल्य के अवैध शराब व जावा,महुआ व अन्य की बरामदगी की गई है। अनुमंडल पदाधिकारी ने अब तक 10 लाख नगदी बरामद करने की सूचना दी जिसमे 9 लाख मुक्त की जा चुकी है। उन्होंने फ्लाईंग स्क्वायड टीम तथा एस.एस.टी. टीम द्वारा आदर्श आचार संहिता व व्यय अनुवीक्षण का पालन कराये जाने हेतु संचालित की जा रही गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। व्यय प्रेक्षक ने मतदान के तीन दिन पूर्व आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम, सामाजिक कार्य, त्योहार आदि में जुटे लोगों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। पेट्रोल पम्पों में ट्रांजेक्शन व वितरण पर भी निगरानी रखी जाए। इसके अलावा व्यय प्रेक्षक ने बांसजोर प्रखंड के अंतर्गत इंटर स्टेट बॉर्डर पर स्थित चेकपोस्ट का निरीक्षण किया।

झापा के लोकसभा प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

### हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र विकास से कोसों दूर, करेंगे चहुंमुखी विकास : राजकुमार



**हजारीबाग।** झारखंड पार्टी (झापा) हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार उर्फ बब्लू कुशवाहा ने सदर और दारू प्रखंड के गांवों का सघन चुनावी दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने लोगों की जनसमस्याओं से रूबरू होकर हर संभव उनके निराकरण का भरोसा दिलाया। कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान हमने देखा है कि हजारीबाग में विकास नदारद है। कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र विकास से कोसों दूर है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता जनप्रतिनिधियों की अपेक्षा का लगातार शिकार हो रहे हैं। ऐसे में झारखंड पार्टी जो क्षेत्रीय पार्टी है जंगल जमीन की पार्टी है आप लोगों के बीच चुनावी समर में आपके जन समर्थन के लिए पहुंची है ताकि आप सभी के जन समर्थन से चहुंमुखी विकास किया जाए। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान सुदुरवर्ती क्षेत्रों में जनसंपर्क कर रहा हूं जहां पर ग्रामीणों की समस्यायों को काफी नजदीक से देखा है जो समस्याएं आजादी के पूर्व थी आज आजादी के 76 वर्ष बीत जाने के बाद भी बनी हुई है ऐसे में विकास के मायने अधूरे हैं।

## जय प्रकाश भाई पटेल ने केरेडारी क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
रविवार को इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल केरेडारी प्रखंड क्षेत्र में जनसंपर्क महाभियान चलाया. उन्होंने दर्जनों पंचायत का दौरा करते हुए जनसभा एवं डोर टू डोर कैंपेन किया. कैंपेन करते हुए कांग्रेस के पक्ष में हाथ छाप पर वोट देने का अह्वान किया. जनसंपर्क अभियान में बडकागांव विधायक अम्बा प्रसाद ने श्री पटेल का भरपूर साथ दिया वहीँ झामुमो के जिला प्रभारी संजीव बेदिया भी साथ कदम से कदम मिलाते नजर आये. कार्यक्रम में लोगों की भारी भीड़ जुटी रही. चिलचिलाती धुप और प्रचंड गर्मी के बावजूद हर जनसभाओं में लोगों का सैलाब उमड़ता रहा. सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने जेपी पटेल को आशीर्वाद देकर भरी मतों से जिताने का वादा किया. जय प्रकाश भाई पटेल जोर शोर के साथ जनसंपर्क करते नजर आये. इस दौरान उन्होंने विस्थापितों सहित आम लोगों से संवाद स्थापित किया. जनसभाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे पता है विस्थापन यहाँ की बड़ी समस्या है. इस समस्या की देन भाजपा है. हमने हमेशा टेकलाल बाबु के पदचिन्हों पर चलते हुए इसके खिलाफ लड़ाई लड़ी है. राष्ट्रीयकरण या सरकारी कम्पनियाँ तो फिर भी ठीक थीं, उनसे अधिकारों का हनन रोका जा सकता था परन्तु अदानी जैसे प्राइवेट कंपनियों के हाथों अब भाजपा की सरकार यहां की जमीनों को बेचने का काम कर रही है.

होम वोटिंग की सुविधा ने दूर की बुजुर्ग, दिव्यांग मतदाताओं की दुविधा

## 17 चिन्हित मतदाताओं ने घर में रहकर डाला वोट



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**
भारत निर्वाचन आयोग द्वारा होम वोटिंग की सुविधा की अभिनव पहल के तहत जलडेगा में 85 वर्ष से अधिक की आयु के बुजुर्ग मतदाता तथा दिव्यांग मतदाताओं ने घर से ही मतदान कर मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में अपना योगदान दिया। ऐसे लोगों को मतदान केंद्र जाकर मत डालने की परेशानी निर्वाचन आयोग के इस कदम से दूर हो गई। प्रखण्ड में चौथे चरण के लिए पोस्टल बैलेट से विकलांग और वरिष्ठ मतदाताओं के लिए 3 मई एवं 4 मई के बीच नियमानुसार होम वोटिंग कराना सुनिश्चित किया था। इस दौरान मतदान केंद्र संख्या 85 बलडेगा, मतदान केंद्र संख्या 113 सुखाझरिया, 93 जलडेगा पुर्वी भाग में बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस बल के साथ पहुंचकर होम वोटिंग के लिए चिन्हित पात्र मतदाताओं से वैलेट पेपर के माध्यम से मतदान कराया। इस दौरान वोटिंग का वीडियो रिकॉर्डिंग भी किया गया। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा आम चुनाव में पहली बार 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्गों और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगों के लिए होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की है।

### इन मतदाताओं ने किया होम वोटिंग

बेचन बिंझिया, बितन नायक, कल्पना कुमारी, शिवप्रसाद साहु, अनिता हेरेंज, फिलमोन बोदरा, विकलांग मतदाता एवं सिलबिया लुगून, फुलो मडकी, मुक्ती बागे, करनीला डुंगडुंग, अंथोनी बारला, सुगड जोजो, बिरसमनी देवी, सुबानी मुण्डा, बिरसमनी देवी, बिरसी देवी, महमुदा बेगम वरिष्ठ मतदाता जिन्हें पोस्टल बैलेट के माध्यम घर जाकर मतदान करवाया गया।

कुरडेग : कदमटोली के ग्रामीण नहीं करेंगे वोट बहिष्कार

## प्रशासन ने दिया आश्वासन



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग**
प्रखण्ड के कदम टोली दुर्गा मंदीर की प्रतिमा चोरी और पुलिस प्रशासन द्वारा मामले का उदभेदन नहीं करने और माता रानी की मूर्ति नहीं मिलने को लेकर कदमटोली के ग्रामीणों ने बैठक कर प्रशासन को ज्ञापन सौंप कर लोक सभा चुनाव में मतदान नहीं करने का निर्णय लिया था मामले को गंभीरता से लेते हुए रविवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्री ठाकुर गौरी शंकर शर्मा और थाना प्रभारी बिनायक कुमार पाण्डेय ने गाँव के ग्रामिणों के साथ बैठक कर अश्वासन दिये कि जल्द ही मामले का उदभेदन करते हुए अपराधी को गिरफ्तार किया जाएगा। मतदान के महापर्व के बाद प्रशासन और भी ताकत के साथ मूर्त्ति बरामद करने की कार्रवाई करेगी ।वहीं मतदान के महत्व के बारे विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए कहा कि आपका वोट कीमती है आप अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें आपका एक वोट देश की दशा एवं दिशा बदल सकता है। वहीं ग्रामिणों से कहा की मतदान पर्व के बाद प्रशासन माँ दूर्गा की मूर्ति और भी ताकत के साथ खोज एवं जाँच में तेजी लाकर मूर्ति चोरी की उदभेदन करते हुए ऐसे दुष्ट को सलाखो के पीछे भेजा जाएगा।

### नीट यूजी मेडिकल की परीक्षा संपन्न,13 छात्र रहे अनुपस्थित

**कोडरमा।** कोडरमा के दो परीक्षा केंद्रों पर रविवार को नीट यूजी की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। परीक्षा झुमरी तिलैया स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल और सेक्रेड हार्ट स्कूल में ली गई। परीक्षा में कुल 740 परीक्षार्थियों को शामिल होना था। लेकिन 13 परीक्षार्थी अनुपस्थिति रहे। यानी 727 परीक्षार्थियों ने सफलतापूर्वक परीक्षा दी। बच्चों को परीक्षा के दौरान कोई दिक्कत नहीं हो, इनका पूरा ख़्याल रखते हुए परीक्षा से संबंधित सभी व्यवस्था ससमय पूरा किया गया। परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने में सिटी को-कॉर्डिनेटर सह मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार, परीक्षा के पर्यवेक्षक सह विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल के प्रबंधक अनिल कुमार, राहुल मिश्रा, सेंटर सुपरिटेंडेंट मौसमी मल्लिक, प्रमोद शर्मा, सेंटर ड्यूटी सेंटर सुपरिटेंडेंट विनीत कुमार सिंह, मजिस्ट्रेट जगरनाथ प्रसाद, डीएवी स्कूल, सेक्रेड हार्ट स्कूल के शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का अहम योगदान रहा।

## खूंटी लोकसभा के स्वतंत्र प्रत्याशी बसंत लोंगा ने जनसंपर्क चलाकर मांग समर्थन



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा**
खूंटी लोक सभा के स्वतंत्र प्रत्यासी बसन्त कुमार लोंगा ने बोलबा प्रखण्ड के विभिन्न गांवों में चलाया जनसंपर्क और मांगा समर्थन इस मौके पर उन्होंने कहा कि जल जंगल जमीन, हासा-भाषा, झारखंडी अश्मिता की रक्षा एवं झारखंडी युवायों को स्वरोजगार, हर जिले मुख्यालय में बाईपास सड़क निर्माण, रेल सुविधा बहाल कराने आदि कई महत्वपूर्ण मुद्दे को लेकर मतदाताओ के पास जाकर लोगों जागरूक करते हुए जनसंपर्क करते हुए समर्थन माँग रहे है ।इस मौके पर विभिन्न प्रखण्ड एवं गाँव गाँव जाकर अपने जनसंपर्क चलाकर अपने पक्ष में समर्थन माँग रहे है ।जिसमे ठेठईटांगर, बांसजोर,बोलबा, केरसई, कुरडेग, पाकरटांड आदि प्रखण्डों में स्वतंत्र प्रत्यासी बसन्त कुमार लोंगा के साथ अल्टीयर बोदरा, प्रसन्न देमता, अब्राहम हंसा, पुष्कर महतो, सुबोध पूर्ति, तिमोथी खलखो, हलन बरला, आनंद सोरेंग, जॉनसन डांग, सुनील सिंह, लाला शाकिर, शौकत अंसारी नीरज लोहरा, ज्योति डांग, राजकुमार रौतिया, सरोज टोपनो, डेविड डांग, प्रफ्फुल मिंज आदि ने लोगो से जनसंपर्क चलाकर अपने पक्ष में समर्थन मांग रहे है ।

मत क्यों, किसे, कब जैसे प्रश्नों से अभी भी अनभिज्ञ हैं युवा

## 'लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका अहम'



**लोक को लेकर युवाओं को जागना होगा, मतदान के अधिकार को समझना होगा**

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
लोकतंत्र में युवाओं की महत्ती भूमिका मानी जाती है. युवा ही ऐसे ताकत है जो सत्ता परिवर्तन के मुख्य भागीदार होते हैं. बावजूद बरही विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान को लेकर अधिकांशतः युवाओं में रुचि और उद्देश्य का नहीं देखा जाना लोकतंत्र के लिए गंभीर मामला है. देश के नवनिर्माण की जिम्मेवारी निभाने को तैयार युवाओं के लिए मतदान के उद्देश्य, क्यों और कब जैसे शब्दों से अपरिचित होना एक चिंता का विषय है. रविवार को जनमत संग्रह के दौरान विधानसभा के करसो और पंचमाधव पंचायत के कई युवाओं में ऐसा ही कुछ देखने को मिला. पंचमाधव पंचायत के पडीरमा के नवयुवक श्रीकांत यादव, नितेश पासवान, रवि कुमार, दीपक गिरी, धीरज गिरी, सचिन यादव आदि ने अपने मस्ती भरे अंदाज में बताया कि जिस ओर सभी मतदान करेंगे, वही हम सभी भी वोट दे देंगे. इन युवाओं के पास मतदान संबंधित विजन व रीजन की स्पष्ट कमी दिखी. ऐसा ही कुछ तुरी टोला, मल्होर टोला, हरिला आदि के नवयुवकों ने बताया. इनके लिए मतदान तो सिर्फ मनोरंजन का साधन है. जो लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण पर्व के लिए चिंता का विषय है. युवाओं को मतदान का उद्देश्य और लक्ष्य से अनभिज्ञ होना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरनाक संकेत है. इसी का फायदा उठाकर हमारे राजनेता चंद पैसों की लालच देकर गांव के भोले भाले युवाओं को अपने पक्ष में कर उसका उपयोग प्रारंभ कर देते है. युवाओं को जागना होगा, मतदान के अधिकार को समझना होगा.

## आजादी के दिनों से ही आधारभूत सुविधाओं से वंचित है बिलेईगाढ़ा और पतरा टोली



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**
प्रखंड मुख्यालय से महज 9 किलोमीटर दूर पतिअम्बा पंचायत अंतर्गत गट्टीगढ़ा के बिलेईगाढ़ा और पतरा टोली गांव जंगल, रेलवे लाईन और नदी से घिरा हुआ है। यह गांव सिर्फ नक्शे में दिखाई देती है। विकास की बात करें तो इस गांव टोला में रहने वाले लोग आजादी के दिनों से ही आधारभूत सुविधाओं से वंचित हैं। यहां बिजली, पानी और आवगमन के रास्ते की घोर समस्या है। गांव में आवगमन का एकमात्र रेलवे पुलिया है। ग्रामीण सॉट कट के चक्कर में पुलिया के बजाय रेलवे लाईन पार कर गांव आते जाते हैं। यही स्थिति गांव के स्कुली बच्चों की भी है जो रोजाना गांव से रेलवे लाईन पार कर गटीगढा मध्य विद्यालय स्कूल के लिए आते एवं जाते हैं। ग्रामीण रंगलाल प्रधान, दुर्गा प्रधान, सुखलाल प्रधान, गणेश प्रधान, दिलीप प्रधान, अर्जुन प्रधान, इतवारी देवी, लाली देवी, गीता देवी, जगर प्रधान, पूर्णिमा देवी, रामदास प्रधान, अघनी देवी, फुलमनी देवी, भुनेश्वर प्रधान, रूपधर प्रधान, राऊ प्रधान, पदमुनि देवी, दीपक प्रधान, राजू प्रधान, कृपा प्रधान, गोवा देवी, लली देवी, भोदो बागे, कांति सुरीन, साबित्री देवी, बुधवा लोहरा आदि ने बताया कि गांव में स्वच्छ पेयजल, बिजली और आवागमन हेतु रास्ते की घोर समस्या है।

विश्व हिंदू परिषद की मासिक बैठक संपन्न, संगठन के कार्यों की हुई समीक्षा

## राष्ट्रहित के लिए सभी लोग संगठित होकर करें मतदान : चंद्रकांत रायपत



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा की मासिक बैठक विश्व हिंदू परिषद जिला कार्यालय में रविवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विहिप जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव के द्वारा की गई। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत जी रायपत, प्रांत मंत्री देवी सिंह सह मंत्री रंगनाथ महतो मुख्य रूप से उपस्थित। बैठक की शुरूआत ओंकार ध्वनि विजय महामंत्र एवं भगवान श्री राम एवं भगवान श्री कृष्ण के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने जिले के विश्व हिंदू परिषद द्वारा किए गए क्रियाकलाप रामजन्मोत्सव ,सामाजिक समरसता दिवस एवं हनुमान जन्मोत्सव के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी तथा आगे भी सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं को आगे आने का आवाहन किया। उन्होंने प्रत्येक गांव में रामराज्य स्थापना करते हुए सभी लोगों को भगवान राम के आदर्शों पर चलने की बात कही।मौके पर प्रांत के सह मंत्री रंगनाथ महतो ने विस्तार पूर्वक कार्यक्रमों की जानकारी ली तथा उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 8 जून से 16 जून तक गिरिडीह जिले के पारसनाथ के मधुबन में विश्व हिंदू परिषद का प्रशिक्षण सत्र तथा बजरंग दल का 6 जून से 16 जून तक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन होगी।इसके अलावा मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की प्रशिक्षण गुमला में 5 जून से शुरू होगी जिसमें सिमडेगा से अधिक से अधिक लोग प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। वही इस मौके पर प्रांत मंत्री देवी सिंह ने विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए आगामी कार्यक्रम सीता नवमी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी तथा माता सीता के जीवन चरित्र के बारे में प्रकाश डाला।

## एक नजर

### 105 लीटर अवैध शराब व 2160 किलो महुआ जब्त



**बोकारो।** बोकारो जिला उत्पाद विभाग की टीम ने शनिवार को बालीडीह थाना क्षेत्र के चिमनगोड़ा जंगल में अवैध शराब की भट्ठी पर छापेमारी की. टीम ने वहां से 105 लीटर चुलाई शराब व 2160 किलो जावा महुआ जब्त किया। शराब, महुआ सहित शराब निर्माण में इस्तेमाल होने वाली सामग्री को नष्ट कर दिया गया। धंधेबाजों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। छापेमारी टीम में उत्पाद निरीक्षक संजीत देव, अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति, अवर निरीक्षक तेनुघाट दीपिका कुमारी सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### बीडीओ ने राशन डीलर एवं होटल एसोसिएशन के साथ की बैठक

**घाटशिला ।** स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रखंड कार्यालय सभागार में रविवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी युनिका शर्मा ने जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों होटल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों संग बैठक की। बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों को बीडीओ युनिका शर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मतदान सत प्रतिशत हो इसके लिए अपने-अपने संस्थान में मतदान जागरूकता बैनर पोस्टर सेल्फी प्वाइंट आदि लगाकर हर आने जाने वाले लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करें। खासकर राशन डीलरों को निर्देश दिया कि अपनी दुकान में राशन लेने आने वाले उपभोक्ताओं को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें ताकि प्रखंड क्षेत्र के हर बुथ पर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें यह उनका अधिकार एवं कर्तव्य है। बैठक में मुख्य रूप से सहकारिता पदाधिकारी सत्येंद्र कुमार, बीपीओ जय प्रकाश पंडित सहित काफी संख्या में होटल एसोसिएशन के पदाधिकारी तथा डीलर उपस्थित थे।

### धूमधाम से मनाई गई पंडित रघुनाथ मुर्मू की जयंती

**बहरागोड़ा ।** भूतिया पंचायत के चंद्रपुर में रविवार को ग्राम प्रधान कुंवर लाल मंडी के अगुवाई में ओलचिकी के गुरु पंडित रघुनाथ मुर्मू जन्म जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर ग्राम प्रधान ने चंद्रपुर चौक में अवस्थित पंडित रघुनाथ मुर्मू के स्टैचू पर माल्यापर्ण तथा पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।इसके साथ ही उनके जीवनी पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। इस मौके पर कालीचरण बास्के, दीपक मांडी, बाबूलाल मांडी, खुदीराम हांसदा, रघुनाथ मुर्मू, कालीपद सोरेन, दुर्गा मांडी व सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### कार ने पहले स्कूटी सवार को मारी टक्कर फिर क्वार्टर में घुसी



**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर थाना अंतर्गत ओ रोड स्थित जी टाउन क्लब के पास रविवार सुबह एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर स्कूटी सवार महिला को अपनी चपेट में लेकर क्वार्टर में जा घुसी। इस घटना में स्कूटी सवार महिला घायल हो गई। वहीं क्वार्टर की दीवार भी टूट गई। इधर, घटना के बाद स्थानीय लोगों ने कार चालक को पकड़ लिया और घायल महिला को इलाज के लिए टीएमएच में भर्ती कराया। सूचना पाकर बिष्टुपुर पुलिस भी मौके पर पहुंची और कार चालक को हिरासत में लेकर थाने चली गई। पुलिस ने कार और स्कूटी को भी जब्त कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार कार ओ रोड से होते हुए जी टाउन मैदान की ओर जा रही थी जबकि स्कूटी सवार महिला जी टाउन मैदान से होते हुए ओ रोड की तरफ जा रही थी।

# धूप से बचने के लिए ट्रैफिक पुलिस को दिया छाता, चश्मा और ओआरएस



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में इन दिनों प्रचंड गर्मी से लोग परेशान है. एक ओर जहां लोगों को घरों में रहने की सलाह दी जाती है वहीं दूसरी ओर जमशेदपुर ट्रैफिक पुलिस के जवान कड़ी धूप में ड्यूटी निभाते है। इसे देखते हुए रविवार को जमशेदपुर पुलिस और सामाजिक संस्था ‘मित्र हेल्दी ह्यूमैनिटी’ के संयुक्त तत्वाधान में सीसीआर परिसर में ट्रैफिक जवानों के बीच छतरी, घड़ा, तोलिया और ओआरएस का वितरण किया गया। एसएसपी किशोर कौशल और संस्था ने मिलकर जवानों के बीच सामग्री का वितरण किया गया। इधर, धूप से राहत दिलाने वाली सामग्री पाकर जवानों के भी चेहरे खिल उठे।

मौके पर एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि इस प्रचंड गर्मी में ट्रैफिक पुलिस के जवान लगातार धूप में खड़े होकर ड्यूटी करते हैं। ऐसे में उनकी तबीयत का ख्याल रखते हुए जमशेदपुर पुलिस और सामाजिक संस्था ‘मित्र हेल्दी ह्यूमैनिटी’ के द्वारा यह पहल किया गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजसेवी आशु दोदराजका का भी बहुत योगदान रहा। इस मौके पर सिटी एसपी मुकेश कुमार लुनायत, ट्रैफिक डीएसपी संजय कुमार, मित्र संस्था के प्रभात कुमार, राकेश प्रसाद, आदर्श वर्मा, आयुष कांत, देवेंद्र कुमार, चंद्रशेखर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### मतदाता जागरूकता को लेकर सोशल मीडिया कैंपेनिंग ‘मैं भी इलेक्शन एंबेसडर’ 7 को

**आदित्यपुर ।** अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला सुनील कुमार प्रजापति ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में व्यापक रूप से मतदाता जागरूकता हेतु 7 मई को संध्या 6 से 8 बजे मध्य सभी सोशल मीडिया हैंडल पर ‘मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर’ सोशल मीडिया कैंपेनिंग संचालित होगा। कार्यक्रम स्वीप के तहत विभिन्न विद्यालय के विद्यार्थी, जिला आईकॉन, सोशल मीडिया प्रभावक, चेंबर ऑफ कॉमर्स, मजदूर यूनियन, कॉरपोरेट्स आदि के माध्यम से गतिविधि संचालित किया जाएगा। इस गतिविधि के अंतर्गत संगीत, कविता, रंगोली, फोटोग्राफ्स, एवं अन्य प्रचार सामग्रियों को फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, यूट्यूब आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हैसटैग के साथ आधिकारिक एवं निजी सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से अपलोड किया जा सकता है।

### पश्चिमी सिंहभूम में पीएलएफआई के दो उग्रवादी गिरफ्तार



**पश्चिम सिंहभूम।** जिले की टेबो थाना पुलिस ने पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से मोबाइल फोन, बन्दूक की गोली, 17500 नकदी, पीएलएफआई का पर्चा, लेवी वसूलने का चंदा रसीद सहित अन्य चीजें बरामद की गयी हैं। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि टेबो थाना क्षेत्र के इचागुटु के पास जंगल में पीएलएफआई उग्रवादी हथियार के साथ बैठक कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के इलियास सुरिन उर्फ जोटो और बिमल बरजो उर्फ लम्बू को गिरफ्तार किया।

## गिरफ्तार हुए गांडेय विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी अवधेश सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गांडेय विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश सिंह को बेंगाबाद थाना पुलिस ने रविवार की अहले सुबह गिरफ्तार कर लिया। निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश सिंह की गिरफ्तारी के दौरान एस डीपीओ बिनोद रवानी, नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद, मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो और इंस्पेक्टर ममता कुमारी के साथ बेंगाबाद थाना प्रभारी जित्तेंद कुमार समेत पुलिस जवान इस दौरान शामिल थे। अहले सुबह पुलिस ने इसके शहर के झंडा मैदान के समीप आवास में धावा बोला, और इसे बेंगाबाद थाना कांड संख्या 122/22 के मामले में गिरफ्तार किया है। हालाकि आरोपी अवधेश सिंह इस दौरान पुलिस को चकमा देकर फरार होने के प्रयास में था। लेकिन तीन थानों की पुलिस ने इस आरोपी को फरार होने का मौका नहीं दिया। और इसे इसके घर से दबोचने में सफल रही। फिलहाल आरोपी निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश सिंह को गिरफ्तार कर पुलिस बेंगाबाद थाना ले गई। जानकारी के अनुशार प्रखर किसान संघर्ष मोर्चा के बैनर तले आरोपी अवधेश सिंह ने दो साल पहले बेंगाबाद अंचल में घुस कर जमीन के कागजात में छेड़छाड़ किया था। उस वक्त इसके खिलाफ बेंगाबाद थाना में अंचल अधिकारी के आवेदन पर केस दर्ज किया गया था। जबकि कुछ दिन पहले इसके खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद इसे पुलिस ने गिरफ्तार किया। वही इसके खिलाफ नगर थाना, मुफ्फसिल थाना और पचम्बा थाना में केस दर्ज है। हालाकि पुलिस सूत्रों की माने तो मुफ्फसिल थाना के एक मामले में इसके जमानत होने की बात कही जा रही है। लेकिन पुलिस मुफ्फसिल और पचम्बा थाना मामले में इसे रिमांड पर ले सकती है।

## गर्मी में अधिसंख्य नदी-तालाब सूखे पशुओं को नहीं मिल रहा पीने का पानी

**सुबह सात बजे ही तेज धूप हो जा रही है जिससे तापमान में वृद्धि के साथ ही गर्म हवा चलने से लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गर्मी में गावां प्रखंड के अधिकांश तालाब सूख गए हैं. इससे पशुओं के समक्ष भी पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। वहीं गावां का तापमान रविवार को 42 डिग्री सेल्सियस पर टिका रहा। तेज धूप के साथ ही लू के थपेड़ों से लोग दिनभर परेशान रहे। सुबह सात बजे के बाद से ही घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। वहीं गर्म हवाओं के थपेड़े से राहगीर पूरे दिन परेशान रहे। तेज धूप और लू के चलते दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ नहीं जुट रही है। वहीं शाम को छह बजे के करीब तापमान जब गिर रहा है। तब गावां के बाजारों में चहल-पहल बढ़ रही है। मौसम का मिजाज बीते 15 दिनों से बदला हुआ है। सुबह सात बजे ही तेज धूप हो जा रही है। जिससे तापमान में वृद्धि के साथ ही गर्म हवा चलने से लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। इधर 15 दिनों से गावां के तापमान में प्रतिदिन एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो रही है। रविवार को गावां का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। तेज धूप के चलते प्रखंड के अधिकांश तालाब व नदी सूख गए हैं। इससे पशुओं के समक्ष पेयजल की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। पशु पालक भी परेशान हैं। गांवों में हैंड पंपों के जवाब दे देने से लोग बोतल का पानी खरीद कर घरेलू कार्य कर रहे हैं। वे पशुओं के लिए पीने के पानी का जुगाड़ कैसे करें, यह समझ में नहीं आ रहा है। वहीं नदियों का जलस्तर भी काफी घट गया है। गावां की सबसे बड़ी नदी सकरी नदी भी इस समय सूख गई है। वहीं अधिकांश पहाड़ी नदियां नाले में तब्दील हो गई है। कुछ नदियों का जलस्तर काफी घट जाने से कई स्थानों पर सूख गई है। जिन स्थानों पर नदी गहरी है उसी स्थान पर पानी रूका हुआ है। वहीं तालाबों के सूख जाने से पशुओं के समक्ष पेयजल की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है ।

## 160 पुड़िया गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो** गोमिया थाना क्षेत्र के ग्राम होसिर मे गुप्त सूचना के आधार पर अवैध रूप से गांजा तस्करी ले जाते हुए महेन्द्र प्रसाद (59) के पास से 160 पुड़िया गांजा जब्त किया गया। गिरफ्तार महेन्द्र प्रसाद साडम बाजार में खैनी का दुकान चलता है। आज उसी खैनी दुकान मे बेचने के लिए गांजा अपने दुकान ले जा रहा था उसी क्रम मे गोमिया थाना प्रभारी नित्यानंद भोकता ने अनुमंडल पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह के निर्देश पर छापा मारी कर गिरफ्तार किया। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो तेनुघाट ने रविवार को अपने कार्यालय में प्रेस कांफ्रेस कर छापेमारी मे गिरफ़्तारी की जानकारी दी। सिंह ने बताया की एक थैले में कुल छोटा बड़ा 160 गांजा का पुड़िया जिसका कुल वजन 870 ग्राम के साथ एक इलेक्ट्रोनिक तराजू और दो चिलम बरामद किया गया।

### पंचमाधव पंचायत प्रभारी ने बूथ कमिटी सदस्यों के साथ की बैठक

**बरही।** लोकसभा चुनाव में हजारीबाग संसदीय सीट से कांग्रेस समर्थित इंडी उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल को जिताने को लेकर पंचमाधव पंचायत प्रभारी ने बूथ संख्या 337 पर बैठक किया। जिसमें बूथ प्रभारी प्रेमचंद यादव सहित बूथ कमिटी के सदस्य उपस्थित रहे. पंचायत प्रभारी ने गठबंधन के मैनिफिस्टों के तहत नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय, युवा न्याय व हिस्सेदारी न्याय को विस्तार से बताया. साथ ही कांग्रेस के गारंटी कार्ड को भरकर मतदाताओं को लिखित आश्वासन भी देने की बात कही. पार्टी के उद्देश्यों को बताते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन के सरकार बनने पर हर शिक्षित युवा को 1 लाख का वेतन युक्त नौकरी मनरेगा में न्यूनतम 400 दिन के रोजगार की गारंटी सहित समाजिक व आर्थिक समानता के लिए हर वर्ग व हर व्यक्ति की गिनती की जाएगी।

## कई महिलाओं व कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह विधानसभा अंतर्गत सिरसिया पंचायत के शीतलपुर से रविवार को दर्जनों की संख्या में वहां के स्थानीय महिला ,पुरुष एवं युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी के नीति सिद्धांतों को अपनाते हुए एवं देश की यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व और उनके विकास कार्यों से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। गिरिडीह विधानसभा का निवर्तमान विधायक निर्भय शाहाबादी के आवासीय कार्यालय में एक कार्यक्रम के तहत सभी नए सदस्यों का नेतागण, पदाधिकारीगण एवं कार्यकताओं की उपस्थिति में सभी का अभिनंदन किया। मौके पर पूर्व विधायक श्री शाहाबादी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व उनके विकसित भारत के संकल्प और विकास कार्यों से अभिभूत होकर एवम भारतीय जनता पार्टी के नीति एवं सिद्धांतों को अपनाते हुए वहां के स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता चौधरी जी के नेतृत्व मे भारतीय जनता पार्टी की संस्था ग्रहण किया। सदस्यता ग्रहण करने में विशेष रूप से महिलाएं सबसे आगे रही। कहा को पंचायत से और नए साथी भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे । आज जिनलोगों ने सदस्यता ग्रहण किया सभी को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा की चुनावी वर्ष में और चुनाव के समय मे नए साथियों के आने ए हमारा एनडीए गठबंधन निश्चित रूप से मजबूत होगा।

## जमशेदपुर में बंधुआ मजदूर बने साधोबाद के रूपलाल की घर वापसी हो : रंजीत महतो



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

धनबाद जिला अंतर्गत गोविंदपुर प्रखंड के बरवाअड्डा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों के शिक्षित बेरोजगारों को ठेकेदार बिचौलियों द्वारा बंधुआ मजदूर बनाने का एक ताजा मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार, बरवाअड्डा थाना क्षेत्र की खरनी पंचायत के साधोबाद के रूपलाल महतो (उम्र लगभग 24 वर्ष) और आसपास के कई बेरोजगार शिक्षित युवाओं को ठेकेदार बिचौलियों द्वारा अच्छे वेतन का प्रलोभन देकर जमशेदपुर ले जाया गया।

वहां उन्हें घाटशिला क्षेत्र के मेसर्स रीया इंटरप्राइजेज व रॉयल हेल्थ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नाम की नन बैंकिंग नेटवर्किंग कंपनी ले जाया गया। ज्वाइनिंग के नाम पर सभी व्यक्तियों से पंद्रह हजार रुपये भी ले लिये गए। बंधुआ मजदूर के पिता शनिचर महतो और उनके माता ने कहा कि उनके बेटे रूपलाल महतो के साथ साथ आसपास के कई युवाओं को बंधक बना लिया गया है। घर भी आने नहीं दिया जा रहा है और ना ही वेतन दिया जा रहा है। वहां पर बंधुआ मजदूर बने व्यक्तियों में से साधोबाद की एक लड़की किसी तरह भागकर गांव पहूंची और अपनी आपबीती परिजनों को बताई।

ग्रामीणों से सूचना मिलते ही झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के धनबाद जिला मीडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो साधोबाद जाकर रूपलाल महतो के परिजनों से मिले और समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने धनबाद जिला प्रशासन, जिला प्रवासी नियंत्रण कक्ष और श्रम अधीक्षक धनबाद और जमशेदपुर जिला प्रशासन को सूचना देकर साधोबाद गांव के बंधुआ मजदूरों को अतिशीघ्र सकुशल घर वापसी के लिए आग्रह किया है।

## गिरिडीह सदर प्रखंड क्षेत्र में चलाया गया जनसंपर्क अभियान




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

भाजपा सरकार ने देश की जनता को बबार्दी के सिवा कुछ भी नहीं दिया। देश की जनता मोदी सरकार की नीतियों से 10 सालों की तबाही झेलने के बाद अब इसे उखाड़ फेंककर बदला लेने को तैयार है। उक्त बातें आज भाकपा माले नेता राजेश यादव ने कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के इंडिया प्रत्याशी कॉमरेड विनोद सिंह तथा गांडेय उपचुनाव के लिए कल्पना सोरेन के समर्थन में गिरिडीह सदर प्रखंड क्षेत्र में जन संपर्क अभियान चलाने के दौरान कही। गिरिडीह प्रखंड के कोदयडीह उपर टोला, कोदयडीह नीचे टोला, अलगुंदा सिंह टोला, अलगुंदा आदिवासी टोला, कोवाड़ आदि जगहों पर जन संपर्क के दौरान माले नेता ने स्थानीय लोगों से उनकी बातें भी सुनीं। वहीं, इस क्रम में लोगों ने भाकपा माले के इंडिया समर्थित प्रत्याशी कॉमरेड विनोद सिंह के लिए घर-घर से आर्थिक सहयोग के साथ मतदान का ऐलान किया।

माले नेता ने कोडरमा लोकसभा तथा गांडेय विधानसभा उपचुनाव में इंडिया प्रत्याशी विनोद सिंह और श्रीमती कल्पना सोरेन के लिए मतदान करने की अपील की। कहा कि, इस राज्य को अस्थिर करने की भाजपा की साजिश का मुंहतोड़ जबाव वोट से दिया जाएगा। दोनों ही सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत होगी।

## न्यूज बॉक्स

### गिरिडीह लोकसभा सीट से दो प्रमुख उम्मीदवार सोमवार को करेंगे नामांकन



**गिरिडीह।** भीषण गर्मी के बीच लोकसभा चुनाव को लेकर भी चुनावी तपिश बढ़ती जा रही है। कोडरमा लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन समाप्त होने के बाद गिरिडीह लोकसभा को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। सोमवार को गिरिडीह लोकसभा से दो प्रमुख दलों के प्रत्याशी बोकारो में नामांकन करेंगे। राजग गठबंधन से जहां वर्तमान सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी अपने सैंकड़ों समर्थकों के साथ बोकारो समाहरणालय पहुंचेंगे और नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। इस बाबत आजसू के जिलाध्यक्ष गुड्डु यादव ने बताया कि एनडीए प्रत्याशी श्री चौधरी के नामांकन में शामिल होने के लिए गिरिडीह से भी सैंकड़ो भाजपा, आजसू व लोजपा कार्यकताओं का काफिला सोमवार की सुबह बोकारो के लिए रवाना होगा। कहा कि श्री चौधरी का नामांकन में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक शामिल होंगे।

### कोटेर्वा एग्री साइंस कंपनी के ग्राम समृद्धि केंद्र का हुआ उद्घाटन



**दारु।** कोटेवा एग्री साइंस (पायोनियर) ब्रांड कंपनी किसानों को सक्षम और समृद्ध बनाने के लिए सदैव प्रयासरत है, इसी दिशा में दारू प्रखंड के ग्राम बरवार गांव में ग्राम समृद्धि केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में गांव के सैकड़ों किसानों ने अपनी उपस्थिति दी, गांव वालों ने कंपनी के इस काम का तहेदिल से स्वागत किया, कंपनी के क्षेत्रीय अधिकारी समित कुमार और जोनल एग्रोनॉमिस्ट मनीष पाटिल इनके द्वारा ग्राम के किसानों को कोटवा( पायोनियर) ग्राम समृद्धि केंद्र पर मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई, जिसमें पायोनियर शंकर धान, मक्का एवं सरसों फसल से संबंधित सही बीज की जानकारी एवं उपज को बढ़ाने की उन्नत तकनीक के बारे में जानकारी दी गई ।

### कोडरमा लोस सीट से इस बार धनबल की बजाय जनबल की होगी जीत : बिनोद सिंह



**बरकट्ठा।** भाकपा माले बरकट्ठा विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम रविवार को बरकट्ठा बाजार रोड स्थित बुढ़िया माता मंदिर के इंडिया गठबंधन कार्यालय में संपन्न हुआ।वहीं कोडरमा लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के लिए गठबंधन के कार्यकताओं का संवाद कार्यक्रम हुआ। जिसमे महागठबंधन के प्रत्यासी विनोद कुमार सिंह ने कहा कि 10 साल का हिसाब देने के बजाय एक बार फिर झूठ की गारंटी देश की जनता को दी जा रही है। झारखंड के जंगल ,जमीन और खनिज को बड़े कारपोरेट घरानों को सौंपी जा रही है। देश के रेल, तेल, सेल, हवाई अड्डा, बंदरगाहों को भी अपने दो मित्रों अंबानी और अदानी को दे दी गई है। देश की संपति को निजी हाथों में बेचना देशभक्ति नही बल्कि देश के साथ गद्दारी है। युवाओं को रोजगार की गारंटी के बजाय पलायन और मौत की गारंटी मिल रही है । हर दूसरे दिन झारखंड के प्रवासी मजदूरों की मौत इस बात के ताज उदाहरण है।

### निजी विद्यालयों में शिक्षा के नाम पर चल रहा है करोबार

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड में निजी (प्राइवेट) विद्यालयों , कॉलेजों में शिक्षा के नाम पर व्यवसाय चलाया जा रहा है। नया सत्र आरंभ होते ही चार पहिया वाहनों से आम जनता को दिग्भ्रमित करने के लिए विद्यालय कॉलेज संचालकों द्वारा डीजे साउंड या वाहनों में लगे साउंड द्वारा कम शुल्क में बेहतर शिक्षा देने की घोषणा करते हैं। जिनके झांसे में आकर अपने बच्चो का नामांकन अभिभावक गण विद्यालय में करवा लेते है। बाद में क्षेत्र के स्कूली छात्र छात्राओं के अभिभावक अखबार में नाम प्रकाशित नही करने के शर्त पर बताते है की निजी विद्यालयों में पढ़ाई - लिखाई, केश फेस ड्रेस के नाम पर सिर्फ लूट होता है। विद्यालय में बेहतर शिक्षा के नाम पर व्यवसाय के दृष्टि से हरेक एक दो वर्ष में पुस्तक का परिवर्तन अलग अलग प्रकाशन में किया जाना जिसका मूल्य पुस्तकों में अधिक होता है। फाइल परिवर्तन , लेखन डायरी,आइडी कार्ड,वार्षिक विद्यालय विकास फंड , खेल सामग्री शुल्क,परीक्षा शुल्क , बच्चो के लिए हेतु आवागमन वाहन समेत अन्य कई शुल्क वशुली कर अपना व्यवसाय चला रहे है।

### कान्यकुब्ज ज्योतिषि ब्राह्मण संघ की हुई बैठक



**हजारीबाग।** इचाक प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लुंदरु ग्राम के देवी मंडप में ज्योतिषी कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासंघ की बैठक गिरिजानंद पांडेय की अध्यक्षता में बैठक की गयी। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष केदारनाथ पंडा के साथ प्रदेश और जिला के पदाधिकारीगण शामिल हुए। बैठक में उपस्थित सभी विप्रगण भगवान परशुराम के तस्वीर पर माल्यार्पण कर पूजा किये। सभी ने बारी - बारी से भगवान परशुराम को पुष्प अर्पित किया। उसके बाद सलाहकार समिति के सदस्य दिवंगत मदन तिवारी को एक मिनट का मौन रखा गया। प्रदेश अध्यक्ष श्री पंडा ने कहा की ब्राह्मणों की एकता और उनके समस्या को लेकर मैं तात्पर्य हूं, जहां हमारी जरूरत पड़ेगा मैं हर समय आप सबों के साथ हूं , मुझे आप सबों ने जो दायित्व सौंपा है। मैं उसे पूरा करूंगा सिर्फ आप सभी का साथ और हौसला चाहिए। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र पांडेय ने कहा की इचाक के लुंदरू में के बैठक में उपस्थित सभी विप्र गण को कहता हूं, यदि ब्रह्मण समाज में एकता का परिचय देना है तो प्रदेश अध्यक्ष के हाथो को मजबूत करे और कोई भी कार्य करने से पहले बैठक कर निर्णय ले इस बैठक में प्रदेश सचिव महेंद्र शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता मदन पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र पांडेय जिला अध्यक्ष अजय पांडेय, सत्यनारायण शर्मा, श्रीनिवास पांडेय , धनेश्वर तिवारी, राजेंद्र पांडेय, सीताराम पांडेय, सीताराम मिश्रा, देवशरण पांडेय, मनोज पांडेय, बिरेंद्र पांडेय, कृष्णा पांडेय, अरुण पांडेय, बंशी पांडेय, राजेंद्र पांडेय, अनिरुद्ध पांडेय, आदित्य पांडेय, कैलाश पांडेय, भुनेश्वर पांडेय, जगरनाथ पांडेय सहित प्रदेश, जिला और प्रखंड क्षेत्र से सैकड़ों ब्रह्मण उपस्थित रहे।

**जीवन में जो भी प्राणी भजन- सुमिरन नहीं करता उसे दुख के कांटे चुभते ही रहेंगे : वेद व्यास**

# कोरोना में जान बचाने वाले टीके पर राजनीति

***चुनाव*** के मौसम में राजनीति का कोई भी अवसर नेता लपकने के लिए तैयार रहते हैं और भारत के विकास से ईर्ष्या भाव रखने वाले देश इन्हें ऐसे अवसर देते रहते हैं। कभी भारत पर राज करने वाले इंग्लैंड से निकले ताजा विवाद का मामला कुछ ऐसा ही है। कोविशील्ड वैक्सीन के 'साइड इफेक्ट्स' को लेकर उठे विवाद में समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव भी कूद पड़े हैं और मांग की कि इसकी हाई लेवल ज्यूडिशियल जांच की जानी चाहिए। भी करने लगे हैं। इस विवाद के बीच भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. रमन गंगाखेड़कर ने कहा है कि बहुत कम लोगों को ही कोविड-19 वैक्सीन कोविशील्ड से खतरा हो सकता है। **10 लाख में से केवल सात से आठ लोगों पर साइड इफेक्ट**

गंगाखेडकर ने एक न्यूज चैनल से बातचीत में कहा कि कोविशील्ड वैक्सीन लेने वाले 10 लाख में से केवल सात से आठ लोगों को थ्रोम्बोसिस थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम के दुर्लभ दुष्प्रभाव का जोखिम होता है। महामारी विशेषज्ञ ने कहा कि जब आपको पहली खुराक मिलती है तो जोखिम सबसे अधिक होता है। यह दूसरी खुराक के साथ कम हो जाता है और तीसरी के साथ सबसे कम होता है। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी दुष्प्रभाव शुरूआती दो से तीन महीनों के भीतर दिखाई देने की संभावना होती है। उन्होंने कहा कि लाखों टीका लेनेवालों पर इस टीके के सकारात्मक असर को देखते हुए, इससे जुड़ा जोखिम न्यूनतम है। पारस अस्पताल के न्यूरोलॉजी विभाग की अध्यक्ष और एम्स में न्यूरोलॉजी विभाग की पूर्व एचओडी डॉ. एमवी पद्मा श्रीवास्तव ने बताया कि एस्ट्राजेनेका के कुछ दुष्प्रभाव रक्त के थक्के के रूप में हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि कई बार खून का थक्का जमने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं, लेकिन ऐसी संभावना बहुत कम होती है। उन्होंने बताया, 'टीटीएस थ्रोम्बोसिस थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम है जो उन स्थितियों में से एक है, जहां रक्त वाहिकाओं में थक्के बन सकते हैं। यह विभिन्न परिस्थितियों के कारण हो सकता है। स्ट्रोक और दिल के दौरे के मामले में इसका खतरनाक परिणाम हो सकता है। वास्तव में इसका मतलब यह है कि कटे हुए हिस्सों में रक्त की आपूर्ति बंद हो जाती है। मस्तिष्क और हृदय में रक्त की आपूर्ति में अचानक कमी के परिणामस्वरूप क्रमशः स्ट्रोक और दिल का दौरा पड़ता है। टीके बुखार का कारण बनते हैं और कभी-कभी गंभीर बुखार भी हो जाता है, लेकिन बदले में वे हमें अधिक हानिकारक बीमारियों से बचाते हैं। 'सभी दवाई के होते हैं साइड इफेक्ट, घबराएं नहीं'। इस बारे में एम्स के प्रोफेसर डॉ. संजय राय ने बताया कि इस विवाद में पड़ने की कोई आवश्यकता नहीं है। किसी भी दवाई के साइड इफेक्ट्स होते हैं, लेकिन उसके लाभ ज्यादा और नुकसान बेहद कम होते हैं। इसलिए इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। आईएमए के पूर्व महासचिव डॉ. नरेन्द्र सैनी बताते हैं कि सभी दवाइयों के साइड इफेक्ट होते हैं लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम सभी दवाएं लेना बंद कर दें। कोविशील्ड ने उस समय कोरोना से बचाव में काम किया, तो कुछ साइड इफेक्ट्स भी सामने आए हैं। लेकिन इसके फायदे अधिक हैं और नुकसान कम है। कोई भी वैक्सीन को बनाने में सालों लगते हैं। अमूमन करीब दस साल में जा कर वैक्सीन ट्रायल पूरे होते हैं, तब जाकर मार्केट में आती है लेकिन कोरोना काल ऐसा काल था, जहां लोगों की जान को देखते हुए वैक्सीन तैयार की गई और करोड़ों लोगों की जान बची। उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है कि वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स का पता चला है। अब चिकित्सक इस तरह से भी बीमार का इलाज करने में सक्षम होगा और आगे शोध किए जा सकेंगे।फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने कोविशील्ड के गंभीर साइड इफेक्ट्स में टीटीएसआई यानी थ्रोम्बोसिस के साथ थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम का जिक्र किया। कंपनी के कहा कि उसका टीका बहुत ही दुर्लभ मामलों में, टीटीएस का कारण बन सकता है। इस स्थिति में प्लेटलेट काउंट घटने और खून के थक्के जमने जैसी समस्याएं आ सकती हैं। भारत में इस वैक्सीन को कोविशील्ड के नाम से जानते हैं, जिसका भारत में निर्माण पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा किया गया था। टीके पर ओछी राजनीति करने वाले इसे भाजपा का टीका बता रहे थे जबकि भारत में बने टीके से विदेशों के करोड़ों की जान बची और पाकिस्तान तक ने आभार व्यक्त किया था।

राजनीति

# अस्तित्व के संकट से जूझती कम्युनिस्ट पार्टियां



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा




***देश*** की कम्यूनिस्ट पार्टियों के सामने अस्तित्व का संकट है। साल 2004 के बाद लोकसभा में वामदलों का प्रतिनिधित्व लगातार कम होता जा रहा है। अब 18 वीं लोकसभा के चुनाव में वामदलों के सामने अस्तित्व बचाए रखने का संकट है। आजादी से पहले और उसके बाद के दौर में एक समय पूरे देश में वामदल काफी प्रभावी थे। सरकार भले कम ही राज्यों में रही हो पर वामदल और उसके अनुशांगिक संगठन चाहे वह स्टूडेंट फेडरेशन हो या मजदूर संगठन या लेखक संघ सभी की अपनी पहचान थी। पर कुछ समय के बदलाव तो कुछ अपने धत्कर्मों की वजह से वामदलों के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया है। प. बंगाल में वामदलों ने तीन दशक से भी अधिक समय तक एकछत्र राज किया। वहीं, त्रिपुरा, केरल में भी वामदलों की सरकार रही है। पर 2019 के लोकसभा के चुनाव आते-आते हालात यह हो गई कि वामदलों के गढ़ प. बंगाल में वामदलों को एक भी सीट नहीं मिली, वहीं त्रिपुरा में भी खाता खोलने में विफल रही। दरअसल, समय की मांग को समझना और उसके अनुसार समयानुकूल बदलाव करना अपने आप में बड़ी बात होती है। जनभावना को भी समझना जरूरी हो जाता है। केवल विचारधारा और एग्रेसिव होने से काम नहीं चल सकता। फिर समय पर सही निर्णय नहीं लेने का परिणाम देर-सबेर भुगतना पड़ता है। ज्योति बसु के पास तीन बार प्रधानमंत्री बनने के अवसर आये पर पोलित ब्यूरो ने उन्हें प्रधानमंत्री बनने पर सहमति नहीं दी। कल्पना कीजिए कि ज्योति बसु तीन में से किसी एक अवसर पर प्रधानमंत्री बनते तो उसका लाभ अंततोगत्वा वामदलों को ही मिलता पर आपसी मतभेदों के चलते सही विकल्प नहीं चुनने का परिणाम आज सामने है। गत 2019 के लोकसभा चुनाव की ही बात की जाए तो वामदलों को लोकसभा के लिए छह सीटें मिली। इसमें भी एक समय कम्यूनिस्टों के गढ़ रहे प. बंगाल और त्रिपुरा में तो वामदलों का खाता भी नहीं खुल सका। तमिलनाडू में गठबंधन के सहारे माकपा और भाकपा को दो-दो सीटे मिल गई। वहीं, केरल में माकपा और आरएसपी एक-एक सीटें जीतने में सफल हो सकी। जैसे-तैसे केवल माकपा राष्ट्रीय दल के रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल रही है। यह भी कोई ज्यादा पुरानी बात नहीं है कि लोकसभा के इससे पहले के तीन चुनावों के पहले 2004 के चुनाव में वामदलों के पास 59 सीटें थी। कांग्रेस-भाजपा के बाद लोकसभा की तीसरी बड़ी ताकत वामदल थे। कांग्रेस के साथ गठबंधन कर वामदल सरकार में भी शामिल हुए। लोकसभा स्पीकर का पद भी वामदलों के पास ही गया। देखा जाए तो न्यूनतम साझा कार्यक्रम के तहत सरकार भी ठीक ही चली पर परमाणु समझौते के चलते बाद में वामदल सरकार से बाहर हो गए। ममता के चलते प. बंगाल में वामदल लगभग अप्रासंगिक होता जा रहा है और प. बंगाल में वामदल के स्थान पर भारतीय जनता पार्टी उभर रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि वायनाड से राहुल गांधी का चुनाव लड़ना भी वामदल को हानि पहुंचाने वाला ही रहा है। एक समय था जब ज्योति बसु को केन्द्र की राजनीति में लाने के प्रयास हुए पर आपसी मतभेदों के चलते वामदलों ने इसे सिरे से चढ़ने ही नहीं दिया। वामदलों के अस्तित्व के संकट को यों भी समझा जा सकता है कि किसी समय विपक्षी दलों में वामदलों की तूती बोलती थी आज कोई बड़ा नाम सामने नहीं आ पा रहा है। प्रकाश करात या सीताराम येचुरी आदि के नाम यदाकदा ही सामने आ पाते हैं। एक समय था जब सोम दा, इन्द्रजीत गुप्त, एबी वर्द्धन, ज्योति बसु और उससे पहले की भारतीय राजनीति पर दृष्टिगोचर किया जाए तो पी. सुन्दरैया, सी. राजेश्वर राव, ईएमएस नंबुदरीपाद, एके गोपालन, बीटी रणदीव जैसे अनेक नाम थे जिनका भारतीय राजनीति में अपनी पहचान रही। वामदलों के लिए चुनावों में सूखा 2009 से लगातार बढ़ता गया है। 2004 में जहां 59 सीटें थी जो 2009 में कम होकर 24 रह गई, 2014 के चुनाव में उसकी भी आधी यानी 12 और 2019 के चुनावों में उसकी आधी यानी कि 6 रह गई। अब 2024 के लोकसभा के चुनाव में वामदलों के सामने पहचान बनाये रखने का संकट आ गया है। प. बंगाल, त्रिपुरा से कोई खास लगता नहीं है, केरल में भी हालात ज्यादा नहीं बदले हैं। दरअसल वामदलों के हाशिये में जाने के अन्य कारणों के साथ ममता का प. बंगाल में पकड़ बनाये रखना है तो बीजेपी वहां अपनी पैठ लगातार बढ़ाने के प्रयास कर रही है। दूसरी ओर मोदी को सत्ता से हटाने के लिए विपक्षी दलों द्वारा आपसी सहमति या यूं कहें कि इंडी का कंसेप्ट भी चल नहीं पाया। तस्वीर का एक पहलू यह भी है कि वामदल जिसे अपना वोटबैंक मान कर चलता रहा है उस वोटबैंक पर सेंधमारी भी उन्हीं के साथ समझौता कर रही कांग्रेस पार्टी कर रही है। केरल में अल्पसंख्यकों के साथ हिन्दुओं के वामदलों के वोट कांग्रेस अपनी ओर करने में सफल रही है। फिर वामदलों के नेताओं की जो यूएसपी अच्छे वक्ता के रूप में होती थी वह आज दिखाई नहीं देती। समय के साथ बदलाव को आत्मसात नहीं करने के कारण ही सोशिल मीडिया जो आज प्रमुख माध्यम बन गया है, उस क्षेत्र में वामदल कहीं पिछड़ गए हैं। ऐसे में वामदलों को 18 वीं लोकसभा में अपनी पहचान बनाये रखने के लिए कठोर परिश्रम करना होगा। वामदलों के सामने दरअसल विकल्प कम ही है। वामदल के कमिटेड वोटर्स छिटक गए हैं तो नेतृत्व द्वारा ना तो दूसरी लाइन के नेता तैयार किये गए और ना ही कैडर को मजबूत करने के प्रयास किये गये। जन आंदोलन जो कभी वामदल की पहचान थे, कहीं नेपथ्य में चले गए। 2024 के चुनाव नतीजे जो भी हों पर आगे के लिए वामदलों को भारतीय राजनीति में प्रासंगिक बने रहने के लिए ठोस रणनीति बनानी होगी, अन्यथा ऐसे दलों को गंभीर संकट का सामना करना पड़ेगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## काव्य कोना

### हिमनद संभालो अपने

**हे** हिमाच्छादित हिमालय,  
उतंग शिखर तुम्हारा  
प्रतीत होता  
पृथ्वी को छाया देता शेषनाग का फन  
स्मरण में लाता, बचपन का  
विष्णु और शेषनाग का चित्र  
पुकारा तुम्हें  
हे हिमपति, हे विराट  
घायलः लहूलुहान तुम  
क्यों, कब, कैसे  
क्षत्र किसका था  
पांडू सरीखे वीर भी आये थे  
महाप्रयाण को अस्त्र-शस्त्र विहीन ।  
फिर,  
क्षत्रिय कौन वह  
बाहुबल किसका  
क्षत-विक्षत कर  
हिम विहीन - वन विहीन कर  
रूप रेखा बदल  
तुम्हें बचाव रहित कर  
कुंभकर्णी नींद से जगाया  
कृतज्ञता ज्ञापन करो  
समय नहीं है, दुःखी होने का  
अब तो बस एक ही आवाज है  
फिर एक बार  
हिमनद सँभालो अपने  
हरा-भरा करों देवदार वनों को  
हे हिमाच्छादित हिमालय  
उतंग शिखर तुम्हारा ।

**- नाग मणि**

## आपकी बात

### 'राहती नैतिकता'



पंकज कुमार सिंह

***हमारे*** धर्म शास्त्रों में नैतिकता को काफी महत्व दिया गया है। जितने भी धर्म प्रवर्तक या उपदेशक हुए हैं, वे नैतिकवान थे। इसलिए वे अमरता का प्रतीक बने और दुनिया उन्हें अपना आदर्श मानी। वे तब भी प्रासंगिक थे और अभी भी प्रासंगिक हैं। विश्व स्तर पर जितने भी श्रेष्ठ जन हुए हैं, उन्होंने नैतिकता को वरण किया और युग द्दष्टा साबित हुए। नैतिक वान व्यक्ति सर्वगुण संपन्न होता है। वह सत्यवादी ,सदाचारी, कर्तव्यनिष्ठ, वचनवध एवं प्रीत- प्रवाहक होता है। अतीत के कई कालखंड नैतिकता का धारक रहे हैं इसलिए उस काल के लोग वीर,साहसी एवं सदाचारी रहे। इस द्दष्टिकोण से हमें अतीत के अच्छाइयों का वरण करना चाहिए। अगर हमें अतीत का बोध नहीं है तो वर्तमान का बोध करना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन हो जाएगा। स्वयं को निर्मित करने के लिए अतीत को प्रश्रय देना ही होगा। मेरे विचार में एक प्रश्न बार-बार उमड़ता घुमड़ता है की दुनिया के कई रेटिंग एजेंसियां जो मानवीय संस्कारों की गणना करती हैं वह भारत को भ्रष्टतम देश की श्रेणी में डाल रखी हैं। जबकि प्राचीनतम काल से भारत ऋषि- मुनियों का देश रहा है। यहां धर्म प्रवर्तक , उपासक ,उपदेशक ,साधु -महात्मा साहित्यकार आदि ने हमारे सामाजिक संरचना पर अपनी छाप छोड़ी है ।फिर भी हम भ्रष्ट हैं क्यों? क्या हमारे लिए राम ,कृष्ण, बुद्ध ,महावीर, पैगंबर, नानक ,ईशा मसीह सभी असरहिन रहे ? क्या ये हमारे आदर्श के लायक नहीं थे? यह विश्लेषण का विषय है और गंभीर भी है। आधुनिक काल पर द्दष्टिपात करें तो विश्व स्तर पर कई ऐसे लोग हुए जिन्हें महापुरुष कहा गया।जैसे कि मार्टिन लूथर, महात्मा गांधी ,नेल्सन मंडेला, मदर टेरेसा आदि। उनका कोई भी कार्य हमें प्रभावित नहीं किया? इसका तात्पर्य है कि हमने केवल उन्हें किताबों में देखा, पढ़ा नहीं और उनके गुणोंको खुद तक पहुंचने ही नहीं दिया।

**अगर हमें अतीत का बोध नहीं है तो वर्तमान का बोध करना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन हो जाएगा। स्वयं को निर्मित करने के लिए अतीत को प्रश्रय देना ही होगा। मेरे विचार में एक प्रश्न बार-बार उमड़ता घुमड़ता है की दुनिया के कई रेटिंग एजेंसियां जो मानवीय संस्कारों की गणना करती हैं वह भारत को भ्रष्टतम देश की श्रेणी में डाल रखी हैं।**

इतिहास

# 6 मई सन 1532 : रायसेन किले में रानी दुर्गावती का जौहर



रमेश शर्मा

***सल्तनत*** काल के इतिहास में भारत का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जहाँ हमलावरों से अपने स्वत्व और स्वाभिमान की रक्षा के लिये भारतीय नारियों ने अग्नि प्रवेश न किया हो। फिर कुछ ऐसे जौहर हैं जिनकी गाथा से आज भी रोंगटे खड़े होते हैं। ऐसा ही एक जौहर रायसेन के किले में 6 मई 1532 को हुआ, जिसमें सात सौ से अधिक महिलाओं ने अपने छोटे बच्चों के साथ अग्नि में प्रवेश किया था। इसकी लपटें मीलों दूर तक देखीं गईं। यह जौहर महारानी दुर्गावती की अगुवाई में हुआ। महारानी दुर्गावती मेवाड़ के सुप्रसिद्ध योद्धा राणा संग्राम सिंह की बेटी थी। इतिहास की कुछ पुस्तकों में उनकी बहन भी लिखा है। वे चित्तौड़ के सिसोदिया वंश की बेटी थी। स्वाभिमान और स्वत्व रक्षा उनके रक्त की प्रत्येक बूँद में था। शस्त्र चलाना भी जानती थीं। चित्तौड़ में उन्होंने वीराँगनाओं की टोली गठित की थी। उनका विवाह रायसेन के शासक शीलादित्य के साथ हुआ था। शीलादित्य ग्वालियर के राजा मानसिंह तोमर के भाई थे। शीलादित्य ने खानवा के युद्ध में राणा संग्राम सिंह के साथ बाबर का मुकाबला किया था। खानवा के युद्ध में भारतीय शासकों का भारी नुकसान हुआ था। खानवा युद्ध के बाद बाबर ने कालिंजर पर धावा बोला और गुजरात के सुल्तानों ने मालवा और रायसेन पर। गुजरात के हमलावर रायसेन के किले को जीत तो न सके पर सैन्य शक्ति बहुत कमजोर हो गई थी। कमजोर शक्ति के बाद भी रायसेन में शीलादित्य की सत्ता बनी रही। तब रायसेन जीतने और लूटने के लिये गुजरात के सुल्तान बहादुरशाह ने कुटिल योजना बनाई। वह धार आया। उसने नालछा में कैंप किया और अनेक भेंट रायसेन भेजी। महाराजा शीलादित्य को मित्रता संदेश भेजकर धार आमंत्रित किया और धोखे से कैद कर लिया। उन दिनों रायसेन की सीमा उज्जैन तक लगती थी। उज्जैन में शीलादित्य के भाई लक्ष्मण सिंह किलेदार थे। उन्हें यह समाचार मिला तो वे अपनी सेना लेकर रायसेन की रक्षा के लिये चल दिये। यह समाचार बहादुरशाह को मिला। वह बंदी शीलादित्य को साथ लेकर उज्जैन आया और बंदी शालादित्य को आगे करके उज्जैन पर धावा बोल दिया। यह घटना दिसम्बर 1531 की है। उज्जैन के रक्षकों ने शीलादित्य को बंदी देखा तो बिना संघर्ष के समर्पण कर दिया।

**महारानी दुर्गावती मेवाड़ के सुप्रसिद्ध योद्धा राणा संग्राम सिंह की बेटी थी। इतिहास की कुछ पुस्तकों में उनकी बहन भी लिखा है। वे चित्तौड़ के सिसोदिया वंश की बेटी थी।**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

बोधि वृक्ष

# हनुमानगढ़ी के इतिहास की 5 खास रोचक बातें



***अयोध्या*** की सरयू नदी के दाहिने तट पर ऊंचे टीले पर स्थित हनुमानगढ़ी सबसे प्राचीन मंदिर माना जाता है। अयोध्या में राम जन्मभूमि के दर्शन करने से पूर्व यहां पर हनुमानजी के ही दर्शन करना होते हैं। आओ जानते हैं इसका संक्षिप्त इतिहास। 1. माना जाता है कि लंका विजय करने के बाद हनुमान यहां एक गुफा में रहते थे और राम जन्मभूमि और रामकोट की रक्षा करते थे। इसी कारण इसका नाम हनुमानगढ़ या हनुमान कोट पड़ा। इसे ही हनुमानजी का घर भी कहा गया। हनुमानगढ़ी में सुल्तान ने झुकाया जब सिर तो हुआ चमत्कार।

2. साहित्यरत्न व साहित्य सुधाकर से विभूषित रायबहादुर लाला सीताराम ने 1933 में अपनी पुस्तक श्रीअवध की झांकी में विस्तार से हनुमानगढ़ी का प्रामाणिक वर्णन किया है। रामनगरी के जीर्णोद्धार के समय महाराजा विक्रमादित्य ने यहां 360 मंदिर बनवाए थे। औरंगजेब के समय इसमें से कई तहस-नहस हो गए।

3. तहस-नहस के बाद 17वीं शताब्दी में हनुमानगढ़ी एक टीला के रूप में विद्यामान था। यहीं एक पेड़ के नीचे हनुमानजी की छोटी मूर्ति की पूजा की जाती थी जो आजकर बड़ी मूर्ति के आगे रखी नजर आती है। अयोध्या में हनुमान गढ़ी से नजर रखते हैं हनुमानजी इस रामकोट पर

**(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से

झावेन्द्र कुमार ध्रुव added a new photo.  
2 h ·  
दूरदर्शन की एंकर को हीटवेव की खबर पढ़ते समय आया चक्कर, कुर्सी पर गिरी... See more




झावेन्द्र कुमार ध्रुव and 2 others · 1 comment  
Like · Comment · Send · Share

झावेन्द्र कुमार ध्रुव



Like · Reply

## X - से

NBT Hindi News  
@NavbharatTimes

रायबरेली लोकसभा सीट से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की उम्मीदवारी पर पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा, "राहुल गांधी को अमेठी लड़ना चाहिए था। अमेठी से भागने से कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और पूरे देश में ये संदेश जाएगा कि जो आदमी रोज पीएम नरेंद्र मोदी को चुनौती देता था, रोज अपने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और देश की जनता से कहता था कि डरो मत, वो खुद डर गया। मुझे लगता है कि ये कांग्रेस का दुर्भाग्य है।"

Translate post




12:24 PM · 03/05/24 From Earth · 11K Views

16 Reposts 2 Quotes 50 Likes 1 Bookmark

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# हेल्थ सिस्टम में नर्सिंग पेशे का योगदान अतुलनीय



डॉ. रमेश ठाकुर

***बिना*** नर्स के समूचा चिकित्सा तंत्र अधूरा है क्योंकि वह अस्पतालों की रीढ़ होती हैं। वे अपने कर्तव्य, समर्पण और प्रतिबद्धता से चिकित्सीय पेशे का संचालन करती हैं। सालाना 6 मई को 'राष्ट्रीय नर्स दिवस' मनाया जाता है। पिछले वर्ष यानी 2023 को इस दिवस की थीम थी 'हमारी नर्सें, हमारा भविष्य'। राष्ट्रीय नर्स दिवस की स्थापना किसी एक व्यक्ति द्वारा नहीं की गई थी, बल्कि 1982 में संयुक्त राज्य कांग्रेस द्वारा की गई। ये दिवस नर्सिंग की संस्थापिका फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिन की स्मृति में मनाया जाता है। राष्ट्रीय नर्स दिवस ऐसा दिन है, जो नर्सों के योगदान और उनकी कड़ी मेहनत का सम्मान और जश्न मनाने के लिए होता है। वैसे इस दिवस को पूरे एक सप्ताह के लिए मनाया जाता है। यानी 6 से 12 मई तक। गौरतलब है कि ये पेशा स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, बीमारियों को रोकने और विभिन्न प्रकार की चिकित्सीय स्थितियों वाले रोगियों की देखभाल प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नर्सें देश के विभिन्न अस्पतालों, क्लीनिकों, नर्सिंग होम व अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं में काम करती हैं। दवाइयां देने, मरीजों के महत्वपूर्ण संकेतों की निगरानी करने, मरीजों और उनके परिवारों को भावनात्मक समर्थन प्रदान करने और मरीजों की देखभाल के बारे में अन्य स्वास्थ्य देखभाल और संवाद स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बड़ा अस्पताल हो, या फिर कोई प्रसिद्ध चिकित्सक, बिना नर्सिंग स्टॉफ के कोई भी मरीजों का इलाज नहीं कर सकता। सामान्य दिनों के मुकाबले कोविड काल में पूरे संसार ने नर्सों के योगदान को करीब से देखा था। वो ऐसा वक्त जब संक्रमितों के नजदीक जाने मात्र से लोग कतराते थे। तब, नर्सें ही मरीजों की देखरेख में लगी थीं। नर्सिंग क्षेत्र के योगदान को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र और उनके समकक्ष स्वास्थ्य संगठनों ने हेल्थ कर्मियों पर अधिक निवेश करने की वकालत की है। वैश्विक स्वास्थ्य कर्मचारियों की कुल में एक तिहाई आबादी नर्सों की होती है। इसलिए तकरीबन पूरा का पूरा हेल्थ सिस्टम उन्हीं के कंधों पर टिका है। भारत में नर्सों की संख्या करीब 28 लाख के करीब है जिसमें प्रति वर्ष इजाफा हो रहा है। आज पूरे भारत में लाखों की संख्या में नर्सिंग कॉलेज-स्कूल संचालित हैं। क्योंकि नर्सों की डिमाडं दिनोंदिन बढ़ जो रही है। नर्सों के काम की जितनी भी प्रशंसा की जाए, कम है। आज उनके साहस और निष्ठा प्रयाण कर्तव्य की प्रशंसा करने का दिन है। भारत में नर्सों के साहस की सराहना न सिर्फ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर चुके हैं, बल्कि हाल ही में डब्ल्यूएचओ ने भी इसे सराहा है। इंजेक्शन लगाने से लेकर, मरहम-पट्टी आदि की जिम्मेदारी सिस्टरों के सिर होती है। हालांकि नर्सिंग क्षेत्र में पुरुष स्टाफ भी हैं, लेकिन महिलाओं के मुकाबले काफी कम हैं। कमी के दो मूल कारण हैं। अव्वल, महिला नर्स में मरीजों को ममता की करुणा दिखती हैं। दूसरा, वह अपनी ड्यूटी को जिम्मेदारी से निभाती हैं। यही कारण है नर्सों को अच्छे से प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वह मरीजों को मनोवैज्ञानिक, सामाजिक और चिकित्सकीय तौर पर मदद कर सकें।

**(लेखक के निजी विचार हैं।)**

## टेक वर्ल्ड

### जी बोर्ड टिप्स और ट्रिक्स जो टाइपिंग को आसान बनाते है

**इमोजी को मिक्स एंड मैच करें**

क्या आप ऐसा इमोजी ढूंढने में असमर्थ हैं जो आपके टेक्स्ट संदेश के अनुकूल हो? जी बोर्ड का इमोजी किचन काम आ सकता है। यह फीचर एक नया स्टिकर बनाने के लिए दो इमोजी को जोड़ता है। सुविधा का उपयोग करने के लिए, सुनिश्चित करें कि ऐप सेटिंग्स में 'इमोजी, स्टिकर और जीआईएफ' अनुभाग में इमोजी स्टिकर टॉगल चालू है। अब, आप जिस भी ऐप में टेक्स्ट भेजना चाहते हैं उसमें दो इमोजी डालें और जी बोड एक नया स्टिकर तैयार करेगा जो दोनों इमोजी को जोड़ता है। आप बस उस पर टैप करके नए जेनरेट किए गए स्टिकर को भेज सकते हैं।

**कर्सर के रूप में स्पेसबार का उपयोग करें**

स्मार्टफोन पर टेक्स्ट संपादित करना कभी-कभी चुनौतीपूर्ण हो सकता है, खासकर यदि आप व्याकरण संबंधी गलतियों को ठीक करने का प्रयास कर रहे हैं। हालाँकि, जी बोड में एक बेहतरीन सुविधा है जो उपयोगकर्ताओं को टाइप करते समय कर्सर को स्थानांतरित करने के लिए स्पेसबार का उपयोग करने में सक्षम बनाती है। इसका उपयोग करने के लिए, टाइप करते समय बस स्पेसबार को देर तक दबाएं और कर्सर को तुरंत उस स्थान पर ले जाने के लिए बाएं या दाएं स्वाइप करें जहां आप जाना चाहते हैं। हालांकि यह कुछ लोगों के लिए उपयोगी नहीं हो सकता है, लेकिन यदि आप लंबे संदेशों को संपादित कर रहे हैं या सटीक स्थान पर टैप किए बिना कर्सर को किसी स्थिति में ले जाना चाहते हैं तो यह कार्यक्षमता काम आ सकती है।

**फ्लोटिंग कीबोर्ड सक्षम करें**

जबकि स्प्लिट स्क्रीन और सामान्य कीबोर्ड लेआउट व्यावहारिक हैं, यदि आप टैबलेट जैसी बड़ी स्क्रीन डिवाइस का उपयोग कर रहे हैं, तो टाइपिंग का अनुभव काफी बोझिल हो सकता है क्योंकि आपको डिवाइस को अपने हाथों में पकड़ना होगा और ऑन-स्क्रीन बटन एक साथ दबाना होगा।

**(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बाबा बर्फानी की इस वर्ष की पहली तस्वीर जारी




**एजेंसी। जम्मू**

जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने रविवार को बाबा बर्फानी के धाम की इस वर्ष की पहली तस्वीर जारी की है। श्री अमरनाथ की पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी हिमशिविलिंग के रूप में विराजमान हो चुके हैं और गुफा के चारों ओर बर्फ जमी हुई है। इस बार यात्रा 29 जून से शुरू हो रही है।

बाबा बर्फानी की इस वर्ष यात्रा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा को देखते हुए हर तरह के इंतजाम किये जा रहे हैं। यात्रा मार्ग को सुचारू बनाने के लिए कार्य जारी है। इस वर्ष की यात्रा के लिए 20 दिन में 2.38 लाख शिवभक्तों ने ऑफलाइन और ऑनलाइन अग्रिम यात्री पंजीकरण करवा लिया है। दूसरी ओर पारंपरिक पहलगाम मार्ग पर बर्फ हटाने का काम भी जारी है। यात्रा संबंधी महत्वपूर्ण कार्यों के लिए निविदाएं जारी की गई हैं, जिसमें मई के मध्य या आखिरी सप्ताह में युद्धस्तर पर काम शुरू करवा दिए जाएंगे। तीर्थयात्रियों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए कड़ी सुरक्षा और यातायात प्रबंधन को मजबूत किया जा रहा है। जिला उपायुक्त सचिन कुमार वैश्य ने अधिकारियों के साथ जम्मू में स्थित यात्री निवास भगवती नगर दौरा भी किया है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी जम्मू को सभी उचित स्वास्थ्य सुविधाएं स्थापित करने को कहा है। उन्होंने यात्री भवन में यात्रियों को मार्गदर्शन और महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने के लिए सार्वजनिक संबोधन प्रणाली और समय पर घोषणाओं सहित मजबूत संचार प्रणाली स्थापित करने को कहा है। इस बार यात्रियों की संख्या बढ़ने की संभावना को देखते हुए उन्हें आपात स्थिति में ठहराने की उचित व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए जम्मू, रामबन और श्रीनगर में यात्री निवास का विस्तार किया जा रहा है। इसके साथ ही सामाजिक व धार्मिक भवनों में भी यात्रियों के ठहरने की सुविधाओं को जांचा जा रहा है।

# चारधाम यात्रा : कपाट खुलने के दिन की होगी पुष्प वर्षा



**एजेंसी। देहरादून**

धामी सरकार 10 मई से शुरू हो रही चारधाम यात्रा की सभी तैयारियों को लेकर मुस्तैदी के साथ काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने पिछले वर्ष की चारधाम यात्रा के अनुभवों से सीख लेकर यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए हैं। धामों के कपाट खुलने के दिन हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा की जायेगी। इस बार भी यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह है। रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तराखंड सदन, नई दिल्ली से वर्चुअल रूप से बाबा केदारनाथ डोली यात्रा के साथ चलने वाले 'मुख्य सेवक के भंडारा कार्यक्रम' के 300 सेवादारों की टीम को मुख्य सेवक सदन मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय,देहरादून में हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने बाबा केदारनाथ डोली यात्रा के साथ चलने वाले 'मुख्य सेवक के भंडारा कार्यक्रम' की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 10 मई से हमारी चारधाम यात्रा प्रारम्भ होने वाली है, जो हमारे लिये उत्सव का वातावरण तैयार करती है। साथ ही हम सब चारधाम यात्रा जल्दी से जल्दी प्रारम्भ हो, इसका इन्तजार बेसब्री से करते हैं।

## मध्यप्रदेश में अवैध रेत से लदे ट्रैक्टर से कुचलकर एएसआई की हत्या

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में रेत माफिया के एक ट्रैक्टर ने एक सहायक उप-निरीक्षक (एएसआई) की कुचलकर हत्या कर दी। मृतक एएसआई की पहचान महेंद्र बागरी के रूप में हुई है। बागरी एक बदमाश को पकड़ने गए थे। इसी दौरान अवैध रूप से खनन किए गए रेत से लदे ट्रैक्टर ने उन्हें कुचल दिया। बागरी के साथ जा रहे दो अन्य पुलिसकर्मी अपनी जान बचाने के लिए मौके से चले गए और वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी।

**कर्नाटक अश्लील वीडियो कांड**

# तीन और पीड़िता एसआईटी के पास पहुंची



**एचडी रेवन्ना गिरफ्तार पुत्र प्रज्वल रेवन्ना भी शीघ्र करेंगे सरेंडर**

**एजेंसी। बेंगलुरु**

विशेष जांच दल (एसआईटी) ने जेडी-एस के फरार सांसद और हासन से उम्मीदवार प्रज्वल रेवन्ना की विदेश में तलाश तेज कर दी है। इस बीच अश्लील वीडियो कांड की तीन और पीड़ितों ने एसआईटी से संपर्क किया है। सूत्रों ने कहा कि एचडी रेवन्ना की गिरफ्तारी के बाद पीड़ितों ने एसआईटी से संपर्क किया है। अधिकारी जल्द ही उनके बयान दर्ज कर सकते हैं। इस संबंध में अभी और जानकारी सामने आना बाकी है। ऐसी अफवाहें हैं कि अपने पिता जेडी-एस विधायक एचडी रेवन्ना की गिरफ्तारी के बाद प्रज्वल रेवन्ना जल्द ही अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर सकते हैं। सूत्रों ने कहा कि एसआईटी की एक टीम प्रज्वल रेवन्ना की गतिविधियों के बारे में जुटाई जानकारी के आधार पर पहले ही एक विदेशी स्थान पर पहुंच चुकी है। टीम स्थानीय एजेंसियों और सीबीआई के समन्वय से उसे गिरफ्तार करेगी। ट्रैक किया गया स्थान हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट था। प्रज्वल रेवन्ना अपना स्थान बदल रहा है। सूत्रों के अनुसार, प्रज्वल रेवन्ना रविवार को मंगलुरु अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंच सकते हैं। हालांकि, एसआईटी सूत्रों का कहना है कि उनके पास यह भी जानकारी है कि प्रज्वल रेवन्ना लोकसभा चुनाव के बाद ही वापस आएंगे। एसआईटी ने भी कोई जोखिम न लेते हुए देश के सभी एयरपोर्टों पर हाई अलर्ट रखा है। प्रज्वल रेवन्ना द्वारा कथित तौर पर यौन उत्पीड़न की शिकार अपहत बुजुर्ग महिला के बयान के आधार पर एसआईटी के एक और एफआईआर दर्ज करने की संभावना है। रेस्क्यू की गई महिला से जुड़े कथित वीडियो से पता चलता है कि वह जोर-जोर से रोने और बार-बार ऐसा कृत्य न करने की अपील कर रही है। इसके बाद भी प्रज्वल रेवन्ना ने कथित तौर पर उसका यौन उत्पीड़न किया। वीडियो में दिखाया गया है कि महिला उसके पैर पकड़ने का प्रयास कर रही।

## राजभवनकर्मी पुलिस के साथ संपर्क से बचें : राज्यपाल आनंद बोस

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने रविवार को कोलकाता में राजभवन के स्टाफ सदस्यों को एक अस्थायी महिला कर्मचारी द्वारा उनके खिलाफ पुलिस में दर्ज कराई शिकायत के मामले में पुलिस के साथ किसी भी प्रकार के संपर्क से बचने को कहा। राजभवन के एक्स हैंडल पर शेयर की गई एक अधिसूचना में स्टाफ सदस्यों को मामले में ऑनलाइन, ऑफलाइन, व्यक्तिगत रूप से, फोन पर या किसी अन्य तरीके से कोई भी बयान देने से बचने को कहा गया है।

## पीएम मोदी को मणिपुर जाने की फुर्सत नहीं : मुकेश सहनी



**दरभंगा।** विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के सुप्रीमो मुकेश सहनी ने प्रधानमंत्री मोदी के चुनावी सभा पर चुटकी लेते हुए कहा कि वह पूरे देश में घूम रहे हैं। लेकिन, अपने बगल में मणिपुर नहीं गए। क्या मणिपुर हमारे देश का हिस्सा नहीं है? यह उनका डबल स्टैंडर्ड है। उन्हें जहां जनता का विरोध फेस करना पड़ता है, वहां नहीं जाते। बीते दस सालों में हमारे प्रधानमंत्री ने एक भी प्रेस कॉन्फ्रेंस नही किया है।

## वेमुला प्रकरण में न्याय सुनिश्चित करेगी कांग्रेस: केसी वेणुगोपाल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी रोहित वेमुला प्रकरण में न्याय सुनिश्चित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि तेलंगाना पुलिस पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि जून 2023 में क्लोजर रिपोर्ट तैयार की गई थी। पुलिस ने अपनी क्लोजर रिपोर्ट में कहा था कि रोहित वेमुला दलित नहीं था और उसे डर था कि इसका खुलासा न हो जाए। इस कारण उसने आत्महत्या की।

## बिहार में भाजपा का खाता भी नहीं खुलेगा : अखिलेश प्रसाद सिंह



**पटना।** बिहार कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह से आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर एक बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि बिहार में भाजपा को एक भी सीट नहीं मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस उन सभी तीन सीटों पर भारी मतों से जीत हासिल करेगी, जहां दूसरे चरण में वोट डाले गए हैं। बाकी बची 6 सीटों पर भी कांग्रेस बेहतर प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस किसी एक जाति-धर्म की पार्टी नहीं है। देश में परिवर्तन की लहर चल रही है, यही कारण है कि भाजपा की परेशानी बढ़ गई है।

## देवेंद्र यादव ने दिल्ली कांग्रेस के अंतरिम अध्यक्ष का पद संभाला



नई दिल्ली। कांग्रेस नेता देवेंद्र यादव ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अंतरिम अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया है। इस दौरान अजय माकन, पूर्व दिल्ली अध्यक्ष अनिल चौधरी, हारून युसूफ समेत कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकताओं के साथ मिलकर वह सभी वर्ग के लोगों तक पहुंचेंगे। केंद्रीय नेतृत्व का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्हें जिस विश्वास के साथ जिम्मेदारी दी गई है, उसे वह पूरी ईमानदारी से निभाएंगे।

# सीएम की हुंकार, ललन सिंह को जीत दिलाने की अपील



**एजेंसी। लखीसराय**

बिहार की मुंगेर लोकसभा सीट पर चौथे चरण में 13 मई को वोट डाले जाएंगे। इससे पहले तमाम राजनीतिक दलों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में रविवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लखीसराय के सूर्यगढ़ा प्रखंड में एक जनसभा को संबोधित किया। सीएम नीतीश कुमार के अलावा इस जनसभा में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, मंत्री विजय कुमार चौधरी समेत कई विधायक और नेता मौजूद रहे। जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम नीतीश कुमार ने केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाई और लोगों से एनडीए उम्मीदवार ललन सिंह के समर्थन में मतदान करने की अपील की। इस दौरान ललन सिंह ने सीएम के सामने मंच से नल-जल योजना एवं ग्रामीण सड़क में गड़बड़ी का मुद्दा उठाया। जिस पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि चुनाव के बाद मामले की जांच कराई जाएगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## जेल से बाहर आए अनंत सिंह कहा, ललन सिंह को चार लाख से जिताएंग

**पटना।** देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के बीच बिहार में मोकामा के पूर्व विधायक एवं बाहुबली अनंत सिंह 15 दिनों के पेरोल पर रविवार सुबह जेल से बाहर आ गये। बेऊर जेल अधीक्षक जीतेंद्र कुमार ने बताया कि गृह विभाग से मिले आदेश की कॉपी जेल प्रशासन के पास आयी है। पूर्व विधायक अनंत सिंह को सुबह एम्बुलेंस से जेल से बाहर लाया गया। एम्बुलेंस से उतरकर वह निजी वाहन से आगे गये। जेल से बाहर आने की खुशी में सैकड़ों समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। मौके पर काफी भीड़ रही। वहां से वह रोड शो में शामिल हुए। जगह-जगह पर जेसीबी से उनके ऊपर फूलों की बारिश की गई और नारे लगाये गए। पटना से लेकर मोकामा के बीच कई जगहों पर उनका स्वागत किया गया। जेल से बाहर आने के बाद पहली बार मीडिया के सामने आए अनंत सिंह ने कहा कि जेल से निकलने के बाद बाहर की खुली हवा में बहुत अच्छा लग रहा है।

# हमास के बंधकों की रिहाई की मांग को लेकर इजराइल में प्रदर्शन

**पहले दिन संघर्ष विराम वार्ता बेनतीजा रहने के बाद आज भी जारी**

**एजेंसी। तेल अवीव**

हमास आतंकियों की तरफ से गजा में बंधक बनाए गए इजराइलियों की रिहाई की मांग को लेकर शनिवार देर रात इजराइल में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने देश के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू पर देश को युद्ध की आग में झोंकने का आरोप लगाया। यह प्रदर्शन उस समय हो रहा है जबकि शनिवार को ही काहिरा में मिस्त्र और कतर की मध्यस्थता में गजा में संघर्ष विराम को लेकर समझौता वार्ता शुरू हुई जो पहले दिन बेनतीजा रहने के बाद रविवार को भी जारी रहेगी। इस वार्ता में हमास के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। समझौता वार्ता में इजराइल ने अपने बंधकों की रिहाई के बदले 40 दिनों के संघर्ष विराम की पेशकश की है। इस दौरान इजराइल भी फिलिस्तीनी बंधकों को रिहा करेगा। इजराइल और हमास के बीच पिछले करीब सात माह से संघर्ष चल रहा है। हमास ने 7 अक्टूबर को इजराइली शहरों पर हजारों रॉकेट दागकर हमले की शुरूआत की थी। इसके बाद हमास आतंकियों ने इजराइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इजराइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया। अब तक इजराइल और गाजा में कुल मिलाकर 30000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर अमेरिका के बाद कई दूसरे देशों में भी इजराइल के खिलाफ नाराजगी देखी जा रही है। अमेरिकी विश्वविद्यालयों से शुरू हुआ प्रदर्शन का यह सिलसिला फ्रांस, जर्मनी, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड व स्वीट्जरलैंड तक पहुंच गया।

## चुनाव आयोग की सतर्कता टीम ने बीड़ और ठाणे में ढाई करोड़

**मुंबई।** चुनाव आयोग की सतर्कता टीम ने शनिवार को देर रात बीड और ठाणे जिले में ढाई करोड़ रुपये बरामद किये हैं। इन दोनों मामलों की गहन छानबीन चुनाव आयोग की टीम और स्थानीय पुलिस की टीम कर रही है। राज्य में इस समय लोकसभा चुनाव का महासंग्राम जारी है और तीसरे चरण का मतदान 7 अप्रैल को होगा। इस दौरान अवैध धन का इस्तेमाल रोकने के लिए चुनाव आयोग की सतर्कता टीम ने पुलिस की मदद से सख्त नाकाबंदी शुरू की है। इसी तरह की नाकाबंदी चुनाव आयोग की सतर्कता टीम ने पुलिस के सहयोग से बीड जिले में खामगांव चेक पोस्ट पर शनिवार को देर रात में कर रखी थी। इस दौरान रात में एक कार को रोककर तलाशी ली गई। जांच के दौरान कार में लोहे के बक्से में 1 करोड़ रुपये मिले। इस रकम को ले जाने वाले शख्स ने बताया कि यह रकम द्वारकादास मंत्री बैंक की है लेकिन उनके पास जरूरी दस्तावेज नहीं थे। इसलिए चुनाव आयोग की टीम और पुलिस ने इस रकम को जब्त कर लिया और आगे की छानबीन कर रही है।

## आज का राशिफल

**मेष:** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा।

**वृषभ:** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**मिथुन:** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**कर्क:** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढने. में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें व परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा।

**सिंह:** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**कन्या:** आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

**तुला:** अपने काम पर नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**वृश्चिक:** पर-प्रपंच में ना पडकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**धनु:** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। पारिवारिक विवाद टालें। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। यात्रा से लाभ।

**मकर:** खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। संतान-स्त्री पक्ष से लाभ होगा।

**कुम्भ:** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। आय के योग बनेंगे। यात्रा का योग है।

**मीन:** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

# वायु सेना के काफिले पर आतंकवादी हमले के बाद कड़ी की चौकसी



**वायु सेना ने कॉर्पोरल विक्की पहाड़े के बलिदान को सलाम करके गहरी संवेदना व्यक्त की**

**चार अन्य घायल वायु सेना कर्मियों का उधमपुर के कमांड अस्पताल में चल रहा है इलाज**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में शनिवार को भारतीय वायु सेना के काफिले पर आतंकवादी हमले के बाद रविवार को सुरक्षाकर्मियों ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया है। वायु सेना ने आतंकी हमले में वायु सेना कर्मी कॉर्पोरल विक्की पहाड़े के बलिदान को सलाम करते हुए रविवार को गहरी संवेदना व्यक्त की है। चार अन्य घायल वायु सेना कर्मियों का इलाज उधमपुर के कमांड अस्पताल में चल रहा है। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में शाहसितार के पास शनिवार को आतंकवादियों ने भारतीय वायु सेना के वाहन काफिले पर हमला कर दिया। भारतीय सेना के अतिरिक्त बल शनिवार देर रात पुंछ में जर्रा वली गली (जेडब्ल्यूजी) पहुंचे। पुंछ सेक्टर के सनाई गांव में हुए हमले के बाद घायल पांच जवानों को उधमपुर के कमांड अस्पताल ले जाया गया, जहां घायल वायु सैनिकों में से कॉर्पोरल विक्की पहाड़े ने दम तोड़ दिया। स्थानीय सैन्य इकाइयों ने क्षेत्र में रविवार को जगह-जगह नाकाबंदी करके फिलहाल घेराबंदी और तलाशी अभियान चला रखा है। भारतीय वायु सेना ने शनिवार शाम को हमले में लगी चोटों के कारण दम तोड़ने वाले कॉर्पोरल विक्की पहाड़े के प्रति शोक व्यक्त किया है। वायु सेना की ओर से रविवार को एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और भारतीय वायु सेना के सभी कर्मियों ने कॉर्पोरल पहाड़े को उनकी बहादुरी और सर्वोच्च बलिदान के लिए सलाम करते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, ₹इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवार के साथ हैं और हम दुख की इस घड़ी में आपके साथ मजबूती से खड़े हैं।₹एक बयान में कहा गया है कि काफिले की सुरक्षा से अब कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सैन्य और जांच इकाइयां हमले की बारीकियों को निर्धारित करने और सैन्यकर्मियों एवं स्थानीय निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गहन जांच कर रही है। काफिले पर घात लगाकर किए गए हमले के पीछे के आतंकवादियों का पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाया जा रहा है। भारतीय वायु सेना के वाहनों को शाहसितार के पास सामान्य क्षेत्र में हवाई अड्डे के अंदर सुरक्षित कर दिया गया है। छिंदवाड़ा के नोनिया करबल निवासी 33 वर्षीय कॉर्पोरल विक्की पहाड़े साल 2011 में वायु सेना में भर्ती हुए थे। उनके परिवार में मां दुलारी बाई, पत्नी रीना और पांच साल का बेटा हार्दिक है। पिता दिमाक चंद का निधन हो चुका है। तीन बहनों की शादी हो चुकी है। 10 दिन पहले ही उनकी छोटी बहन की गोद भराई की रस्म थी। इसलिए वह एक महीने की छुट्टी लेकर गांव आए थे और 18 अप्रैल को ही वे ड्यूटी पर लौटे थे। विक्की अपने पांच साल के बेटे का जन्मदिन मनाने के लिए 7 मई को छिंदवाड़ा आने वाले थे लेकिन इससे पहले ही उनके बलिदान की खबर गांव पहुंच गई।

# न्यूज | बॉक्स

## राष्ट्रपति मुर्मू ने पूर्व राष्ट्रपति जैल सिंह के जन्मदिन पर पुष्पांजलि अर्पित की




**शिमला/नई दिल्ली।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह को उनकी जयंती पर नमन किया। हिमाचल प्रदेश के मशोबरा (छरबड़ा) स्थित राष्ट्रपति भवन में रविवार को उन्होंने ज्ञानी जैल सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। ज्ञानी जैल सिंह भारत के सातवें राष्ट्रपति थे। 5 मई, 1916 को जन्मे ज्ञानी जैल सिंह 25 जुलाई, 1982 से 25 जुलाई, 1987 तक भारत के राष्ट्रपति रहे। 25 दिसंबर, 1994 को उनका निधन हो गया था। उल्लेखनीय है कि भारत की राष्ट्रपति 5 दिवसीय राजकीय यात्रा पर हिमाचल प्रदेश गयी हैं। हिमाचल प्रदेश में शिमला के निकट छरबड़ा में राष्ट्रपति निवास है, जहां राष्ट्रपति का अवकाश के दिनों में प्रवास होता है। राष्ट्रपति मुर्मु 5 दिवसीय प्रवास में अनेक समारोहों और आयोजनों में हिस्सा लेंगी।

## नकली मसाला बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने करावल नगर इलाके में नकली मसाला बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों की पहचान दिलीप सिंह उर्फ बंटी (46), सरफराज (32) और आपूर्तिकर्ता खुर्शीद मलिक (42) के रूप में हुई। इनके कब्जे से 15 टन मिलावटी मसालों के साथ कच्चा माल भी बरामद किया गया है। मसालों में पिसा हुआ धनिया, हल्दी, अमचूर और सूखी लाल मिर्च शामिल हैं। पुलिस के अनुसार उन्?हें सूचना मिली थी कि उत्तर पूर्वी दिल्ली में कुछ निमार्ता/दुकानदार विभिन्न ब्रांडों के नाम पर मिलावटी मसाले बनाकर दिल्ली-एनसीआर में बेच रहे हैं। पुलिस उपायुक्त (अपराध) राकेश पावरिया ने कहा, जानकारी मिलने के बाद एक मई को इस संबंध में जानकारी जुटाने के लिए साइबर सेल, क्राइम ब्रांच दिल्ली से इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह की देखरेख में एक टीम तैनात की गई। जानकारी जुटाने पर सूचना मिली कि करावल नगर इलाके में दो नकली मसाला बनाने वाले गिरोह सक्रिय हैं। पुलिस टीमों ने छापेमारी की और दिलीप और खुर्शीद को पकड़ लिया गया। दिलीप ने पुलिस को बताया कि वह इस इकाई का मालिक है। खुर्शीद ने बताया कि वह इन मिलावटी मसालों का आपूर्तिकर्ता है।

## इस्कॉन के गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज का निधन, सिनर्जी अस्पताल में ली अंतिम सांस



**देहरादून।** देहरादून के सिनर्जी अस्पताल में रविवार को इस्कॉन के गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज का निधन हो गया। उनके निधन की खबर से भक्तों में शोक की लहर है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज दो मई को दूधली स्थित मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां वह अचानक फिसलकर गिर गए थे। इससे उन्हें चोट लगी थी। उनका तीन दिनों से सिनर्जी अस्पताल में इलाज चल रहा था। भक्त उनके आखिरी दर्शन दिल्ली के इस्कॉन मंदिर में कर सकेंगे। सोमवार को उनकी देह को वृंदावन ले जाया जाएगा। इसका समय अभी तय नहीं हुआ है।

## 25,753 स्कूली नौकरियां खत्म करने के आदेश के खिलाफ एससी में सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** डब्ल्यूबीएसएससी द्वारा 2016 में शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों पर की गई 25,753 नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर प्रकाशित विवरण के अनुसार, सीजेआई डी.वाई.चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ इस मामले की सुनवाई 6 मई को जारी रखेगी। पीठ में जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। पिछली सुनवाई के दौरान पीठ ने 22 अप्रैल को कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

## हेमंत करकरे की हत्या कसाब या आतंकियों की गोली से नहीं हुई : विजय वडेट्टीवार

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष विजय वडेट्टीवार ने मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार और वकील उज्ज्वल निकम को एक बार फिर आड़े हाथों लिया है। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि एटीएस के पूर्व प्रमुख हेमंत करकरे की हत्या जिस गोली से हुई थी, वह कसाब या आतंकियों की बंदूक से नहीं चलाई गई थी। यह बात एसएम मुश्रीफ की किताब में लिखी गई है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि उज्ज्वल निकम ने कोर्ट के सामने यह बात क्यों नहीं रखी। उन्होंने कहा कि एसएम मुश्रीफ (शमशुद्दीन मुश्रीफ) ने अपनी किताब में लिखा है कि हेमंत करकरे की हत्या जिस गोली से हुई है, वह गोली अतिरेकों (आतंकियों) की नहीं है। उज्जवल निकम भाजपा का काम करते आ रहे हैं। अजमल कसाब को फांसी दिलाना कोई बड़ी बात नहीं है। कोर्ट से जमानत दिलाने वाला कोई भी सामान्य वकील यह काम कर सकता था।

## साड़ी को वैश्विक पहचान: 'टाइम्स स्क्वायर' पर पांच सौ महिलाओं ने भिन्न शैलियों की साड़ियों का प्रदर्शन किया

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क के मशहूर टाइम्स स्क्वायर पर साड़ियों में सजी सैकड़ों महिलाओं ने साड़ी की वैश्विक पहचान को प्रदर्शित करने के मकसद से एक विशेष कार्यक्रम में साड़ियों की खूबसूरती, विरासत और सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन किया। इसमें भारतीय-अमेरिकी समुदाय की महिलाओं के साथ करीब 9 देशों की महिलाओं ने हिस्सा लिया। टाइम्स स्क्वायर पर शनिवार को आयोजित साड़ी गोज ग्लोबल कार्यक्रम में भारतीय समुदाय सहित उन नौ देशों की 500 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया जहां साड़ी लोकप्रिय परिधान है। इन देशों में भारत के साथ-साथ बांग्लादेश, नेपाल, ब्रिटेन, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, युगांडा, त्रिनिदाद और गुयाना शामिल हैं। इस कार्यक्रम के दौरान खादी सहित विभिन्न प्रकार के कपड़ों पर उत्कृष्ट कढ़ाई एवं शैलियों वाली रंग-बिरंगी साड़ियां पहनी हुई महिलाओं ने अपने संग्रह का प्रदर्शन किया, राष्ट्रीय ध्वज लहराए, एक साथ नृत्य किया और इसकी तस्वीरें विभिन्न सोशल मीडिया पर साझा कर साड़ी की खूबसूरती और उसकी सांस्कृतिक पहचान की बातें कीं। यह कार्यक्रम ब्रिटिश वुमेन इन साड़ी ने उमा संगठन के साथ मिलकर आयोजित किया।







## बेल्जियम के डेनियल दारदा नें जीता सर्दिनिया विश्व शतरंज फेस्टिवल का खिताब



**ओलबिया।** सर्दिनिया विश्व शतरंज फेस्टिवल का खिताब एक बेहद ही रोमांचक फाइनल मुकाबले में बेल्जियम के ग्रांड मास्टर डेनियल दारदा नें अपने नाम कर लिया, दरअसल नौवे राउंड में एक दिन पहले तक 6.5 अंक बनाकर सबसे आगे चल रहे दोनों ग्रांड मास्टर स्पेन के एलन पीचोट और इजराइल के ग्रांडमास्टर यैर पारखोव अंक अपने मुकाबले हार गए और चार खिलाड़ी 7 अंक बनाकर सयुंक्त पहले स्थान पर आ गए पर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर बेल्जियम के डेनियल दारदा, रोमानिया के किरिल सावचेंकों , फीडे के मुरजिन वोलोदर और नीदरलैंड के वांन फॉरेस्ट क्रमशः पहले से चौंथे स्थान पर रहे अंतिम राउंड में डेनियल नें एलन को काले मोहरो से खेलते हुए पराजित किया।

# 6 अक्टूबर को होगी भारत और पाकिस्तान की टक्कर

**ढाका।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार को टूर्नामेंट शेड्यूल जारी करते हुए कहा कि भारत 4 अक्टूबर को सिलहट में न्यूजीलैंड के खिलाफ महिला टी20 विश्व कप 2024 अभियान की शुरूआत करेगा।

पाकिस्तान के खिलाफ भारत का बहुप्रतीक्षित मैच 6 अक्टूबर को सिलहट में होगा। भारत ग्रुप ए में न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, क्वालीफायर 1 और ऑस्ट्रेलिया के साथ है, जिनसे उसका सामना 13 अक्टूबर को सिलहट में होगा।

भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने आईसीसी के एक बयान में कहा, मैं इस साल के अंत में बांग्लादेश में आईसीसी

### महिला टी20 विश्व कप 2024



महिला टी20 विश्व कप में प्रतिस्पर्धा करने की संभावना से रोमांचित हूं। पिछले कुछ वर्षों में महिला क्रिकेट और विशेष रूप से महिला विश्व कप का विकास अविश्वसनीय रहा है। ग्रुप बी में मेजबान बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और क्वालीफायर 2 शामिल हैं। महिला टी20 विश्व कप 3-20 अक्टूबर तक बांग्लादेश में आयोजित किया जाएगा, यह 2014 के बाद दूसरी बार टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है।

10 टीमें 18 दिनों में दो स्थानों पर 23 मैच खेलेंगी, जिनमें ढाका में शेरे बांग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और सिलहट में सिलहट अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम शामिल है। विश्व कप 2023 उपविजेता दक्षिण अफ्रीका टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में इंग्लैंड से खेलेगा।

मौजूदा चैंपियन और इवेंट के इतिहास की सबसे सफल टीम ऑस्ट्रेलिया 4 अक्टूबर को सिलहट में क्वालीफायर 1 के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी।

ग्रुप ए और ग्रुप बी से शीर्ष दो टीमें 17 अक्टूबर को सिलहट में और 18 अक्टूबर को ढाका में होने वाले सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। टी20 विश्व कप चैंपियन की ताजपोशी 20 अक्टूबर को ढाका के शेरे बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में की जाएगी। 27 सितंबर से 1 अक्टूबर तक 10 अभ्यास मैच होंगे, जो सभी ढाका के बीकेएसपी में होंगे। मेगा इवेंट के लिए क्वालीफायर 1 और 2 संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में चल रहे आईसीसी महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर से सामने आएंगे, जिसका फाइनल 7 मई को खेला जाएगा।

## ट्रैप निशानेबाज विवान फाइनल में चूके, शूट-ऑफ में हारे

**नई दिल्ली।** विवान कपूर टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ग्रेट ब्रिटेन के मैथ्यू जॉन कावर्ड-होली के साथ शूट-ऑफ में 2-3 से हार गए, क्योंकि कोई भी भारतीय ट्रैप निशानेबाज मौजूदा अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) विश्व कप बाकू, अजरबैजान में खिताबी दौर में नहीं पहुंच पाया। विवान ने क्वालीफिकेशन में 120 का स्कोर किया और छठे और अंतिम क्वालीफाइंग स्थान के लिए आयरलैंड के पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन इयान ओ'सुलिवान के अलावा कावर्ड-होली के साथ तीन-तरफा शूट-ऑफ में प्रवेश किया। जहां इयान शूट-ऑफ में पहले बाहर निकलने के अपने शुरूआती प्रयास में चूक गए, वहीं विवान ने संघर्ष किया और अपना तीसरा शूट-ऑफ शॉट चूक गए, क्योंकि कावर्ड-होली ने सभी तीन लक्ष्यों को हासिल कर लिया।

# पंजाब को हराकर टॉप थ्री में चेन्नई की टीम



**एजेंसी। नई दिल्ली**

रविंद्र जडेजा के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने धर्मशाला में खेले गए आईपीएल 2024 के 53वें मैच में जीत दर्ज की। जडेजा ने पहले बल्लेबाजी के दौरान 26 गेंदों पर 3 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 43 रन के बाद 20 रन देकर 3 विकेट झटके। चेन्नई ने टॉस हारने के बाद पंजाब को 168 रन का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में पंजाब की टीम 139 रन ही बना सकी।



### बल्लेबाजी करते हुए जडेजा ने 26 गेंदों पर 3 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 43 रनों की शानदार पारी खेली

शानदार लय में चल रहे कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने 21 गेंद में 32 जबकि डेरिल मिचेल ने 19 गेंद में 30 रन का योगदान दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 32 गेंद में 57 रन की साझेदारी की। अर्शदीप ने पारी के दूसरे ओवर में अजिंक्य रहाणे (नौ) को आउट कर सीएसके को पहला झटका दिया। क्रीज पर आये डेरिल मिचेल ने इस गेंदबाज के अगले ओवर में चौका और छक्का लगाकर हाथ खोला तो वहीं कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने हरप्रीत बराड़ के खिलाफ छठे ओवर में लगातार गेंदों पर छक्का और दो चौके जड़े। इस ओवर से 19 रन बटोर कर सीएसके ने पावरप्ले में एक विकेट पर 60 रन बना लिये। आठवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आये चाहर ने अपनी शुरूआती दो गेंदों पर गायकवाड़ और शिवम दुबे (शून्य) को पवेलियन की राह दिखाई। दोनो का कैच विकेटकीपर जितेश शर्मा ने पकड़ा।

दुबे लगातार दूसरी बार खाता खोले बगैर आउट हुए। अगले ओवर में हर्षल पटेल ने मचेल को पगबाधा कर सीएसके को दो ओवर के अंदर तीसरा झटका दिया। जडेजा और मोईन अली ने इसके बाद पारी को संवारने की कोशिश की। क्रीज पर कुछ समय बिताने के बाद जडेजा ने हर्षल तो वही मोईन ने रबाडा के ओवर में दो-दो चौके लगाये। यह जोड़ी खतरनाक होती उससे पहले ही कप्तान सैम कुरेन ने धीमी गेंद पर मोईन को फंसा कर उनकी 20 गेंद में 17 रन की पारी को खत्म किया। कम होती रनगति को बढ़ाने की कोशिश में मिचेल सेंटनर (11) चाहर की गेंद को लांगआन पर खड़े कुरेन के हाथों में खेल गए।

## मैं टीम में आत्मविश्वास महसूस कर सकता हूं: फाफ

**एजेंसी। बेंगलुरु**

आईपीएल 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की लगातार तीसरी जीत के बाद, कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने पिछले दो हफ्तों में टीम द्वारा की गई कड़ी मेहनत की गति को बनाए रखने पर जोर दिया।

25 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) पर अपनी जीत के बाद, आरसीबी ने अपने छह मैचों की हार का सिलसिला तोड़ दिया। उन्होंने 28 अप्रैल को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत के साथ अपनी जीत की गति जारी रखी। इसके बाद शनिवार को रिवर्स मैच में एक और जीत हासिल की। लगातार तीन जीतों ने उन्हें तालिका में नीचे से सातवें स्थान पर पहुंचा दिया। फाफ डु प्लेसिस ने कहा, सभी खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया, अविश्वसनीय प्रदर्शन। मेरी तरफ से मैं समूह में आत्मविश्वास महसूस कर सकता हूं, जब हम मैदान में होते हैं। मुझे उम्मीद है कि



समूह के माध्यम से यह विश्वास छनने लगा है कि जब हम मैदान में होते हैं तो हम कितनी अच्छी टीम होते हैं। डु प्लेसिस ने आरसीबी ड्रेसिंग रूम चैट पर कहा, हम जिस शैली में क्रिकेट खेलना चाहते हैं, उस पर अविश्वसनीय प्रयास। यश दयाल, वैशाख विजयकुमार और मोहम्मद सिराज ने शानदार गेंदबाजी करते हुए विकेट 2-2 चटकाए और जीटी को 147 रन पर समेट दिया।

## नाडा अधिकारियों को नमूना देने से कभी इनकार नहीं किया : पुनिया

**नई दिल्ली।** रविवार को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा निलंबन के बाद पहलवान बजरंग पुनिया ने इस मुद्दे पर कहा कि उन्होंने डोपिंग परीक्षण के लिए नाडा अधिकारियों को अपने नमूने देने से कभी इनकार नहीं किया। बजरंग ने अपने एक्स हैंडल से पोस्ट किया, मुझे डोप टेस्ट के लिए कहे जाने की खबर पर मैं स्पष्टीकरण देना चाहता हूं! मैंने नाडा अधिकारियों को अपना नमूना देने से कभी इनकार नहीं किया, मैंने उनसे अनुरोध किया कि वे पहले मुझे जवाब दें कि उन्होंने मेरा नमूना लेने के लिए जो एक्सपायरी किट लाई थी, उस पर उन्होंने क्या कार्रवाई की और फिर मेरा डोप टेस्ट लें। मेरे वकील विदुष सिंघानिया समय पर इस पत्र का जवाब देंगे।बता दें कि नाडा ने पहलवान बजरंग पुनिया को अनिश्चित काल के लिए निलंबित कर दिया है। यह कदम संभावित रूप से पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने की उनकी उम्मीदों पर पानी फेर सकता है।



## काउंटी चैंपियनशिप में पुजारा का जलवा

**लंदन :** काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन टू के मैच में दूसरे दिन ससेक्स के लिए खेलते हुए भारतीय दिग्गज बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने नाबाद (104) रनों की शतकीय पारी खेली। यह तीन सत्र में ससेक्स के लिए उनका नौवां शतक है। मैच में पुजारा के अलावा टॉम हेंस, टॉम एल्सॉप और जेम्स कोल्स ने भी अर्धशतक लगाए। ससेक्स ने डबीर्शायर के साथ खेले जा रहे मुकाबले में अब तक पांच विकेट पर 357 रन बना लिया है और उन्हें पहली पारी में 111 रनों की बढ़त मिल चुकी है। दिन के आखिर में लुईस रीस ने ससेक्स के दो विकेट लेकर डबीर्शायर को मैच में बनाए रखा है। ससेक्स को शुरूआत में एक विकेट गवां दिया था, लेकिन उसके बाद डबीर्शायर की गेंदबाजी में निरंतरता की कमी साफ तौर पर दिखी।

## मथीशा पथिराना हैमस्ट्रिंग चोट से उबरने के लिए श्रीलंका लौटेंगे

**एजेंसी। धर्मशाला**

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने रविवार को कहा कि तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना हैमस्ट्रिंग की चोट से उबरने के लिए श्रीलंका लौटेंगे। पथिराना ने आईपीएल 2022 सीजन में सीएसके के लिए पदार्पण किया और 2023 में उनके खिताब जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। फ्रेंचाइजी ने एक बयान में कहा, चेन्नई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझ रहे हैं और आगे की रिकवरी के लिए श्रीलंका लौटेंगे। चेन्नई सुपर किंग्स पथिराना के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है। पथिराना ने इस सीजन में सीएसके के लिए छह मैच खेले, जिसमें 7.68 की इकॉनमी से 13 विकेट लिए, जिसमें मुंबई इंडियंस के खिलाफ चार विकेट भी शामिल थे। वह वर्तमान में मुस्तफिजुर रहमान के 14 विकेट के बाद आईपीएल 2024 में सीएसके के दूसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।



## व्यापार/लाइफ व साइंस

## रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकल की अप्रैल में खूब हुई बिक्री

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार में 350 सीसी से लेकर 650 सीसी की मोटरसाइकल सेगमेंट में रॉयल एनफील्ड का दबदबा है और समय के साथ यह बढ़ता ही जा रहा है। पिछले महीने, यानी अप्रैल 2024 की सेल्स रिपोर्ट ही देख लें तो इस महीने रॉयल एनफील्ड ने 81,870 मोटरसाइकल बेचे, जो कि एक साल पहले अप्रैल 2023 की 73,136 यूनिट के मुकाबले 12 पर्सेंट ज्यादा है। रॉयल एनफील्ड ने बीते अप्रैल में घरेलू बाजार में 75,038 यूनिट बेचे और एक्सपोर्ट का नंबर 6,832 यूनिट रहा। मेड इन इंडिया रॉयल एनफील्ड बाइक्स की विदेशों में मांग काफी तेजी से बढ़ रही है। रॉयल एनफील्ड के सीईओ बी. गोविंदराजन का कहना है कि इस साल हम बिक्री के नंबर्स को बढ़ाने की पूरी कोशिश में है। चलिए, आज हम आपको रॉयल एनफील्ड की सभी मोटरसाइकल्स के दाम और हालिया लॉन्च राइडिंग जैकेट निर्भिक 2 के बारे में विस्तार से बताते हैं।

**रॉयल एनफील्ड की सबसे ज्यादा बिकने वाली मोटरसाइकल क्लासिक 350 की एक्स शोरूम प्राइस 1.93 लाख रुपये से शुरू होकर 2.25 लाख रुपये तक जाती है।**

**रॉयल एनफील्ड बुलेट 350**

**रॉयल एनफील्ड हंटर 350**

रॉयल एनफील्ड हंटर 350 की एक्स शोरूम प्राइस 1.50 लाख रुपये से शुरू होकर 1.75 लाख रुपये तक जाती है।



**रॉयल एनफील्ड मीटियॉर 350**

रॉयल एनफील्ड मीटियॉर 350 की एक्स शोरूम प्राइस 2.04 लाख रुपये से शुरू होकर 2.26 लाख रुपये तक जाती है।

**रॉयल एनफील्ड हिमालयन**

रॉयल एनफील्ड हिमालयन 450 की एक्स शोरूम प्राइस 2.85 लाख रुपये से शुरू होकर 2.98 लाख रुपये तक जाती है। वहीं, स्क्रैम 411 की एक्स शोरूम प्राइस 2.06 लाख रुपये से लेकर 2.12 लाख रुपये तक है।

**रॉयल एनफील्ड कंटीनेंटल जीटी 650**

रॉयल एनफील्ड कंटीनेंटल जीटी 650 की एक्स शोरूम प्राइस 1.74 लाख रुपये ले लेकर 2.16 लाख रुपये तक है।

**रॉयल एनफील्ड इंटरसेप्टर 650**

रॉयल एनफील्ड इंटरसेप्टर 650 की एक्स शोरूम प्राइस 3.03 लाख रुपये से लेकर 3.31 लाख रुपये तक है।

**रॉयल एनफील्ड शॉटगन 650**

रॉयल एनफील्ड शॉटगन 650 की एक्स शोरूम प्राइस 3.59 लाख रुपये से लेकर 3.73 लाख रुपये तक है।

# क्यूं जरूरी है कार की छत पर एंटिना



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कारों में अक्सर आप छत पर एक शार्क फिन या छोटे से स्टंप जैसा एंटिना देखते होंगे। ज्यादातर लोग इसे कार के एक्सटीरियर का लुक बेहतर करने के लिए जरूरी हिस्सा मानते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसका असल काम क्या होता है? कार की छत पर लगा एंटिना सिर्फ सजावट का सामान नहीं, बल्कि अलग-अलग कामों के लिए है। आइए, आपको एक-एक करके बताते हैं कि कार में एंटिना के क्या-क्या काम होते हैं?

**▶▶ रेडियो सिग्नल मिलता है**

यह एंटिना का सबसे आम और पहचाना जाने वाला काम है। यह एफएम और एएम रेडियो स्टेशनों से सिग्नल को ग्रहण करता है, जिससे आप गाड़ी चलाते समय मनोरंजन का आनंद ले सकते हैं।

**▶▶ जीपीएस नेविगेशन**

आधुनिक कारों में जीपीएस नैविगेशन सिस्टम होता है, जो आपको रास्ता खोजने में मदद करता है। यह एंटिना जीपीएस सैटलाइट से सिग्नल प्राप्त करता है, जिससे आपकी कार को अपनी पोजिशन और डायरेक्शन का पता चलता है।

**▶▶ की-लेस एंट्री और स्टार्ट**

कुछ कारों में की-लेस एंट्री और स्टार्ट सिस्टम होता है। यह एंटिना आपके कार की चाबी से सिग्नल को ग्रहण करता है, जिससे आप बिना चाबी डाले दरवाजे खोल सकते हैं और गाड़ी स्टार्ट कर सकते हैं।

**▶▶ टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम**

यह एंटिना टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम का हिस्सा होता है। यह प्रत्येक टायर में लगे सेंसर से सिग्नल प्राप्त करता है, जिससे आपको टायरों के दबाव की जानकारी मिलती रहती है।

**▶▶ ब्लूटूथ कनेक्टिविटी**

कुछ कारों में ब्लूटूथ कनेक्टिविटी होती है, जिससे आप अपने फोन को कार से जोड़ सकते हैं। यह एंटिना ब्लूटूथ डिवाइस से सिग्नल प्राप्त करता है, जिससे आप हैंड्स-फ्री कॉल कर सकते हैं या म्यूजिक सुन सकते हैं।

**▶▶ मोबाइल सिग्नल**

कुछ कारों में मोबाइल सिग्नल बूस्टर लगा होता है। यह एंटिना मोबाइल टावरों से सिग्नल को मजबूत करता है, जिससे आपको गाड़ी चलाते समय बेहतर कनेक्टिविटी मिलती है।

**▶▶ वाई-फाई**

कुछ कारों में वाई-फाई हॉटस्पॉट भी होता है। यह एंटिना वाई-फाई डिवाइस से सिग्नल प्राप्त करता है, जिससे आप अपनी कार में इंटरनेट का उपयोग कर सकते हैं।

## दो साल में देश में सेमीकंडक्टरों की मांग 100 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन के क्षेत्र में वित्त वर्ष 2025-26 तक 300 अरब डॉलर पर पहुंचने का लक्ष्य रखा है। इससे सेमीकंडक्टरों की मांग बढ़कर 90-100 अरब डॉलर पर पहुंच जायेगी, जिसमें घरेलू मोबाइल विनिर्माण का सबसे ज्यादा योगदान होगा - एक ऐसा अवसर जिसे हाथ से जाने नहीं देना चाहिये। इंडिया सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) ने एक रिपोर्ट में बताया कि आम तौर पर किसी इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद की लागत का 25 से 30 प्रतिशत चिप के मद में खर्च होता है। वर्तमान में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण उद्योग का आकार 103 अरब डॉलर का है जिसके लिए करीब 26-31 अरब डॉलर के सेमीकंडक्टर की जरूरत होती है। रिपोर्ट के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में संभावित बढ़ोतरी (वित्त वर्ष 2025-26 तक 300 अरब डॉलर) के मद्देनजर यह आंकड़ा बढ़कर 90-100 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। पिछले सात साल में देश के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में मोबाइल फोन की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत बढ़कर 44 प्रतिशत पर पहुंच गई है। वित्त वर्ष 2022-23 में इंटीग्रेटेड सर्किट (आईसी) का आयात 16.14 अरब डॉलर रहा था जिसमें 12 अरब डॉलर के आईसी का आयात मोबाइल फोन विनिर्माण के लिए किया गया था। आईसीईए ने बताया कि हाई एंड फोनों में इस्तेमाल होने वाले प्रोसेसर चिप के प्रतिस्पर्द्धी स्तर पर देश में विनिर्माण के लिए अभी कुछ और इंतजार करना पड़ सकता है। उसने कहा, हालांकि कम कीमत वाले स्मार्टफोनों के लिए देश में प्रोसेसर चिप के विनिर्माण में काफी संभावनाएं हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि सेमीकंडक्टर का घरेलू विनिर्माण बढ़ाकर आयात पर निर्भरता कम करने की जरूरत है।

# सावधानी से यूज करें गूगल क्रोम ब्राउजर, सरकार ने जारी किया अलर्ट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार की एजेंसी कंप्यूटर इमर्जेंसी रेस्पांस टीम यानी CERT-IN की ओर से एक अलर्ट जारी किया गया है, जो गूगल क्रोम यूजर्स के लिए है। अगर आप भी कंप्यूटर या मोबाइल फोन में गूगल क्रोम का इस्तेमाल करते हैं, तो आपको सावधान हो जाना चाहिए, क्योंकि गूगल क्रोम ब्राउजर में कई तरह की खामियां देखने को मिली हैं, जिसकी मदद से हैकर्स आपके फोन, टैबलेट और कंप्यूटर में सेंधमारी कर सकते हैं।

**हो सकता है बैंकिंग फ्रॉड**

रिपोर्ट की मानें, तो गूगल क्रोम की खामियों की वजह से हैकर्स आपके लैपटॉप, कंप्यूटर और मोबाइल में मनमाने कोड जनरेट कर सकते हैं।



साधारण शब्दों में कहें, तो आपके मोबाइल में मौजूद गूगल क्रोम की कमजोरी का फायदा उठाकर हैकर्स आपके मोबाइल डेटा तक पहुंच हासिल कर सकते हैं। कहने का मतलब है कि संवेदनशील डेटा की मदद से फाइनेंशियल डिटेल चोरी करके बैंकिंग फ्रॉड जैसी घटनाओं को अंजाम दे सकते हैं।

**किन डिवाइस को है खतरा**

रिपोर्ट की मानें, तो गूगल क्रोम की खामियों का सबसे ज्यादा असर विंडोज और मैक के 124.0.6357.78/.79 के पहले के गूगल क्रोम वर्जन और लाइनेक्स का 124.0.6367.78 से पहले के क्रोम वर्जन पर देखा जा रहा है।

### क्या करना होगा

- **सबसे पहले कंप्यूटर या पीसी पर गूगल क्रोम ब्राउजर को अपडेट करना होगा।**
- **इसके लिए आपको गूगल क्रोम ओपन करना होगा।**
- **उसके टॉप राइट कॉर्नर पर दिए गए थ्री डॉट पर क्लिक करना होगा।**
- **फिर आपको मेन्यू से हेल्प ऑप्शन को सेलेक्ट करना होगा।**
- **फिर सबमेन्यू से About Google Chrome ऑप्सन को सेलेक्ट करना होगा।**
- **फिर गूगल क्रोम ऑटोमेटिकली अपडेट चेक करना होगा।**
- **अगर कोई अपडेट होगा तो अपडेट अपने आप शुरू हो जाएगा।**
- **इसके बाद गूगल क्रोम के नए वर्जन को रिलॉन्च करें।**
- **गूगल क्रोम का इस्तेमाल स्मार्टफोन में करते हैं, तो आपको गूगल क्रोम**
- **ब्राउजर अपडेट करने के लिए गूगल प्ले स्टोर पर विजिट करना होगा।**

### पांकी में आज तक नहीं बना बस स्टैंड,सरकारी यात्री शेड भी खंडहर में तब्दील

# चिलचिलाती धूप में सड़कों पर खड़े रहने को विवश हैं यात्री




**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** पांकी आज भी विकास से कोसो दूर है। एक ओर जहां केंद्र और राज्य सरकार लोगों को डिजिटल इंडिया के सपने दिखा रही है। वहीं दूसरी ओर पांकी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। अभी तक परिवहन विभाग ने यहां बस स्टैंड का निर्माण नहीं कराया है। बस स्टैंड नहीं होने के कारण बस सड़क पर ही रुकती है। जिसकी वजह से सड़क अक्सर जाम होते रहता है। साथ ही यात्रियों को चिलचिलाती धूप में सड़कों पर खड़ा रहना पड़ता है। एक यात्री सरकारी शेड है, लेकिन वो भी खंडहर में तब्दील हो चुका है। वहीं पांकी कपूरी ठाकुर चौक स्थित प्रतीक्षालय भवन अब दाल-भात योजना केंद्र में तब्दील हो चुका है। इस योजना का लाभ दिहाड़ी मजदूर उठा रहे हैं।

## पांकी मुख्यालय में रूकती है कई जगहों की बसें

बता दें कि पांकी मुख्यालय से बनारस, रांची, मेदिनीनगर, चतरा और हजारीबाग, गया जाने के लिए यात्रियों की भीड़ लगी रहती है। लोहरसी, पगार, लावालौंग, कुंदा प्रतापपुर सहित कई जगहों की बसें यहां रूकती है। शहीद भगत सिंह चौक और कर्पूरी ठाकुर चौक से भी हर दिन सैकड़ों बसें गुजरती हैं। शहीद भगत सिंह चौक पर शौचालय भी नहीं है, जिससे महिला यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं पांकी चौक पर ऑटो रिक्शा जहां-तहां खड़ी रहती है। जिसकी वजह से अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में आवागमन काफी प्रभावित होता है।

## टाल में आग लगने से लाखों की लकड़ी जलकर राख

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन के रेलवे कॉलोनी स्थित रिंकू दुबे के लकड़ी टाल में रविवार की सुबह अचानक आग लग गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी टिंबर मालिक रिंकू दुबे को दी। आग लगने की सूचना मिलने पर रिंकू दुबे तुरंत अपने टाल पर पहुंचे और उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, टीओपी 2 प्रभारी अनिल सिंह टाइगर मोबाइल के जवान सूर्यनाथ सिंह, सहायक पुलिस के जवान जयंत दुबे सहित अन्य टाइगर मोबाइल के जवान घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की वाहन घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस कर्मियों के सहयोग से लकड़ी टाल में लगी आग को बुझाया। आग लगने की वजह से लाखों रुपए की कीमती लकड़ी जल कर राख हो गई। जहां पर आग लगी थी वहां लकड़ी के बोटों का ढेर लगा हुआ था। टिंबर मालिक और पुलिस कर्मियों ने तत्परता दिखाई और मौके से अन्य लकड़ी को हटा कर उसे जलने से बचाया। ऐसे में कई लकड़ी के बोटे जलने से बच गए और आर्थिक नुकसान भी काफी बड़ा होने से बच गया। टिंबर मालिक रिंकू दुबे ने बताया कि रविवार की सुबह अचानक आसपास के लोगों ने फोन पर आग लगने की जानकारी दी। जानकारी मिलने पर तुरंत वह वहां पहुंचे। उन्होंने बताया है कि आग लगने की वजह से लाखों रूपए की कीमती लकड़ी इस घटना में जलकर नष्ट हो गई है, जिसमें उन्हें लाखो का नुकसान हुआ है।



## कांग्रेस ने महागठबंधन प्रत्याशी की जीत को लेकर चर्चा

**मेदिनीनगर।** रविवार पांच मई को इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार ममता भुइयां की जीत सुनिश्चित करने हेतु डाल्टनगंज विधानसभा के सदर प्रखंड में कांग्रेस जनों की बैठक पलामू जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बिट्टू पाठक की नेतृत्व में की गई। बैठक की अध्यक्षता सदर प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र तिवारी एवं संचालन ललित कुमार सिंह के द्वारा किया गया। मौके पर महागठबंधन के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए विचार-विमर्श किया। पाठक ने कहा कि भाजपा के सांसद पिछले दो बार से संसद का कार्यकाल ना के बराबर रहा है। सभा में देश के प्रधानमंत्री हताश और निराश थे। वे भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यों पर वोट नहीं मांग रहे थे।

## एक नजर

### परिषद का ध्येय, अधिक मतदान हो : विनीत

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा पलामू जिला अंतर्गत मेदिनीनगर में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नितीश दुबे की अध्यक्षता में पलामू जिले की मतदाता जागरूकता अभियान के नियमित बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक मे मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश के प्रदेश संगठन मंत्री राजीव रंजन उपस्थित थे। सर्वप्रथम बैठक की शुरूआत मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प गुच्छ अर्पण कर और दीपक प्रज्वलित कर बैठक की शुरूआत की गई। तत्पश्चात इस बैठक में झारखंड प्रदेश के प्रदेश संगठन मंत्री राजीव रंजन के द्वारा छात्रों को परिषद के कार्य प्रणाली के बारे में विशेष रूप से जानकारी दी गई। तत्पश्चात परिषद के द्वारा पूरे पलामू जिले में मतदाता जागरूकता अभियान का सर्वेक्षण किया गया एवं आगे की योजना बनाई गई। उक्त अवसर पर उपस्थित राजीव रंजन ने कहा कि भारत के चुनाव प्रक्रिया ही हमें और मजबूती देगी हम अपना वोट डालकर केवल सरकार या प्रतिनिधि नहीं, बल्कि भारत की दिशा तय करते हैं। हम सब अपना मत का प्रयोग करते हुए सशक्त सरकार के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करेंगे। राष्ट्रीय विश्वविद्यालय सह संयोजक विनीत पांडे ने कहा कि पूरे जिले में परिषद के कार्यकर्ता मतदाता जागरूकता अभियान के नियमित शत प्रतिशत मतदान हेतु निरंतर गांव एवं शहरी क्षेत्र में लगे हूए हैं।

### हुसैनाबाद अनुमंडल गेट के समीप से हुई बाइक की चोरी

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल गेट के समीप एक दुकान के सामने खड़ी टीभीएस कम्पनी की अपाची बाइक की चोरी हो गई। भुक्तभोगी मोहम्मदाबाद गांव निवासी मोहम्मद तबरेज आलम ने इस सबंध में हुसैनाबाद थाना को एक लिखित आवेदन देकर सनहा दर्ज कराया है। आवेदन में कहा है कि अनुमंडल गेट के समीप दुकान के सामने अपना टीभीएस अपाची मोटरसाईकल जेच 03 जेड 0375 खड़ा कर खाना खा रहे थे। इसी दौरान मेरी बाइक चोरी हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चल सका। पुलिस ने आवेदन के आलोक में बाइक चोरों को पता लगाने के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

### वार्ड सदस्या के निधन पर पंचायत में शोक

**पाटन।** प्रखण्ड के राजहारा पंचायत के वार्ड सदस्या सह प्रखण्ड वार्ड सदस्य संघ की 75 वर्षीय अध्यक्ष सरस्वती देवी का निधन हो गया। सरस्वती देवी बाल कल्याण संरक्षण समिति लातेहार के अध्यक्ष उपेन्द्रनाथ दुबे की मां तथा पलामू जिला पुलिस मेंस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष विक्रांत दुबे की दादी थी।

### पाटन में बीजेपी कार्यालय खोला गया

**पाटन।** पलामू लोक सभा चुनाव को लेकर पाटन में वीडी राम के निर्देशानुसार भाजपा मंडलअध्यक्ष संजय सिंह ने चुनाव संबंधित कार्यालय का फिता काट कर उद्घाटन किया। चुनाव में प्रचार प्रसार कर रहे हैं कार्यकर्ताओं को कार्यालय खुलने से सहूलियत मिलेगी। चुनाव से संबंधित जानकारी मिल सके। मौके पर बीजेपी कार्यकर्ता पशुपति नाथ शर्मा, राधेश्याम मेहता, अर्जुन तिवारी, जीतेन्द्र सोनी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## कोयला लदे वैगन में लगी आग, डालटनगंज स्टेशन पर दमकलकर्मियों ने आधे घंटे के अंदर पाया काबू

### भूदान कार्यालय में लगी आग

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के आबादगंज भूदान कार्यालय में रविवार की दोपहर आग लग गई। कार्यालय में आग लगते देख स्थानीय लोगो ने इसकी जानकारी शहर थाना की पुलिस को दी।घटना की जानकारी मिलते ही टीओपी वन टाइगर मोबाइल के जवान रोहित कुमार,राकेश सिंह,रामजी दास सिपाही घटना स्थल पर पहुंच कर आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड के कर्मचारी घटना स्थल पर पहुंच कर भूदान कार्यालय में लगी आग को बुझाया। स्थानीय लोगों ने बताया की यदि समय पर फायर ब्रिगेड की वाहन घटना स्थल पर नहीं पहुंचती तो और भी क्षति हो सकती थी। उन्होंने यह भी बताया कि कार्यालय के बाहर कूड़े कचरे का ढेर लगा हुआ है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन के कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद दमकल को बुलाकर कोयला लदी एक वैगन में लगी आग पर 30 मिनट के अंदर काबू पा लिया। यह वैगन ब्रेक वैन से 27वे नंबर पर था। इस वैगन में लगभग 80 टन से भी ज्यादा कोयला लगा था। इस घटना के बारे में डालटनगंज रेलवे स्टेशन केअधीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि एक मालगाड़ी बुकरू टोरी कॉल साइडिंग से रवाना हुई थी। मालगाड़ी में 58 वैगन थे । ब्रेक वैन से 27 नंबर के वैगन में लदे कोयले में खुद आग लग गई थी, जब यह मालगाड़ी डाल्टनगंज स्टेशन पहुंची तो इस आग को जलते हुए देखा गया। मालगाड़ी डालटनगंज रेलवे स्टेशन के लाइन नंबर 5 पर लगाई गई । दमकल ने इस आग को 9:45 से बुझाना शुरू किया और 10: 15 होते-होते तक आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया था । तीव्र गति से आग बुझाने के कारण वैगन में रखे कोयला पूरी तरह सुरक्षित रह गया। यह मालगाड़ी बुकरु टोरी से अपने 58 वैगन में कोयला लेकर टनडा पंजाब जा रही थी। दिन के 10:35 बजे मालगाड़ी अपने गंतव्य स्थान के लिए रवाना हो गई। स्टेशन अधीक्षक ने बताया कि वैगन में लगे कोयले में खुद आग लग जाती है। इस आग के लगने की वजह कोयले की आपसी घर्षण का कारण है। उमेश कुमार ने बताया के प्रायः गर्मियों के मौसम में ऐसी घटना हो जाती है। जिसे समय रहते नियंत्रण कर लिया जाता है।इस वर्ष की एक सप्ताह में यह दूसरी घटना है।

## नीट 2024 की प्रवेश परीक्षा संपन्न , 97.01 छात्र रहे उपस्थित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** 5 मई 2024 को पलामू जिले के तीन परीक्षा केन्द्रों पर एन.टी.ए. द्वारा आयोजित नीट ( यू.जी ) 2024 प्रवेश परीक्षा कदाचार मुक्त,तनाव रहित वातावरण में संपन्न हो गई। पलामू जिले के एमके. डीएवी पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर केंद्र पर 928 छात्र पंजीकृत थे, जिसमें 900 उपस्थित थे। वहीं 28 अनुपस्थित थे। रोटरी पब्लिक स्कूल चैनपुर केंद्र पर 312 छात्र पंजीकृत थे, जिसमें 301 उपस्थित छात्र 11 अनुपस्थित थे। ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल बायपास रोड रेड़मा केंद्र पर 312 छात्र पंजीकृत थे, जिसमें 306 उपस्थित 6 अनुपस्थित थे ।

एमके डीएवी पब्लिक स्कूल केंद्र पर दंडाधिकारी के रूप में संजय कुमार रवि बीएफटी मनरेगा चैनपुर, पर्यवेक्षक के रूप में शैलेश कुमार मिश्रा असिस्टेंट प्रोफेसर जीएलए. कॉलेज डाल्टनगंज, पी.पी.गुप्ता प्राचार्य जीजीपीएस पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर, मनोहर पांडे प्राचार्य बीपीएम ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल नियुक्त किए गए थे। इस केंद्र के केंद्राधीक्षक आलोक कुमार, केंद्र उपाधीक्षक सी.एस पांडे, नीरज कुमार श्रीवास्तव, नितिन राज थे। रोटरी स्कूल चैनपुर केंद्र पर दंडाधिकारी के रूप में अमित मेहता अस्सिटेंट इंजीनियर मनरेगा चैनपुर ,पर्यवेक्षक रजनीश कुमार पांडे प्राचार्य डी.ए.वी. इंजीनियरिंग कॉलेज डाल्टनगंज थे । इस केंद्र के केंद्राधीक्षक अश्लेश पांडे प्राचार्य रोटरी पब्लिक स्कूल एवं उपाधीक्षक उमाकांत मिश्रा थे। ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल रेड़मा केंद्र पर दंडाधिकारी के रूप में वीरेंद्र कुमार जन सेवक सदर मेदिनीनगर ,पर्यवेक्षक रविशंकर कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर जीएलए कॉलेज डाल्टनगंज नियुक्त थे। इस केंद्र के केंद्राधीक्षक राहुल कुमार सिंह प्राचार्य ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल रेड़मा एवं केंद्र उपाधीक्षक नीरज कुमार दुबे थे । इन सभी केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था थी, जिसमें एक ए.एस.आई के साथ चार महिला और पुरूष सिपाही तैनात थे।

### परीक्षा का केंद्र बनना हम सबके लिए गौरव की बात: डॉ. खान

एन.टी.ए. के सिटी कोऑर्डिनेटर पलामू सह प्राचार्य एम.के.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर पलामू डॉक्टर जी.एन. खान ने बताया कि एन.टी.ए. भारत सरकार के उच्च शिक्षा मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त शासी संस्था है, जो 2019 से नीट (यू.जी) की प्रवेश परीक्षा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित करती है और परीक्षा की शुचिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखने में सक्षम है। यह परीक्षा देश की अति विश्वसनीय प्रतिष्ठित परीक्षा है।

## हुसैनाबाद के बराही धाम महोत्सव की तैयारी पूरी, दो दिवसीय आयोजन आज से



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से पलामू जिला का चर्चित बराही धाम परिसर में हनुमान जी की प्रतिमा स्थापना के दो वर्ष पूरे होने को लेकर सोमवार से दो दिवसीय वार्षिक उत्सव मनाया जाएगा। महोत्सव की तैयारी को लेकर शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट और बराही धाम परिवार के लोग धाम परिसर की साफ सफाई व्यवस्था और फूलों से सजाया जा रहा है। वहीं धाम परिसर स्थित दक्षिणमुखी हनुमान जी की 105 फीट उच्ची प्रतिमा को रंगीन बल्ब से सजाया गया है। सोमवार की पहले दिन धाम के पूजारी दिलीप मिश्रा और अजित चौबे की देख रेख में पुजा अनुष्ठान शुरू होगा। दोपहर में हवन के बाद मंदिर परिसर में दीप प्रज्वलित कर वार्षिक महोत्सव का अतिथियों द्वारा उदघाटन किया जाएगा। इसके बाद महाआरती होगी। सात मई को अखंड कीर्तन के साथ भव्य भंडारा का अयोजन कर लोगों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

## 40-40 के समूह में 2080 मतदानकर्मियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू शशिरंजन के आदेशानुसार हेरिटेज स्कूल मेदिनीनगर में मतदानकर्मियों का तृतीय चरण का प्रशिक्षण जारी है। अब तक 5200 मतदानकर्मियों को अर्थात 1300 पोलिंग पार्टी को चुनाव का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण के तीसरे दिन चालीस-चालीस के समूह में दो हजार अस्सी मतदानकर्मियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण को सुलभ बनाने के लिए पीपीटी का सहारा लिया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशिरंजन ने गुणवत्तायुक्त चुनाव प्रशिक्षण के लिए सख्त निर्देश दिये हैं। वहीं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने सफल प्रशिक्षण के लिए समुचित प्रबंधन किया है। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद,अमरेन्द्र पाठक व अशोक सिंह,प्रशिक्षण कोषांग के प्रधान सहायक रामलखन राम, सहायक सौरभ कुमार व कनीय अभियंता विपिन कुमार पटेल के द्वारा कमरों में घूम-घूम कर शंकाओं का समाधान किया गया। तीसरे चरण के प्रशिक्षण के दौरान मतदानकर्मी अपनी पोलिंग पार्टी के सदस्यों के साथ घूले-मिले तथा आत्मविश्वास से भरे दिखे। वहीं दूसरी ओर इसी परिसर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदानकर्मियों को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान भी कराया जा रहा है।

## भाजपा प्रत्याशी ने जनसंपर्क कर समर्थन मांगा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पलामू संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी वीडी राम ने रविवार को हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर अपने पक्ष में जनसमर्थन मांगा। मौके पर उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल में पलामू लोकसभा क्षेत्र में अनेकों विकास कार्य कराया है। क्षेत्र की जनता के लिए हर समय वह उपलब्ध रहे हैं। तीसरी बार जनता का आशीर्वाद मिलता है तो विकास का कार्यों को आगे भी जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि जब से देश में भाजपा की सरकार नरेंद्र मोदी की अगुवाई में बनी है तब से अनेकों विकास के कार्य निरंतर जारी है। भारत तेज गति के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने भाजपा को जीताकर नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने की अपील की। मौके पर भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, एनसीपी जिला अध्यक्ष संदीप पासवान, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, प्रफुल्ल सिंह, मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, रामजी पासवान, अरविंद पासवान, सत्येंद्र पासवान, मुन्ना विश्वकर्मा, मुखिया जितेंद्र पासवान, गोपाल गुप्ता, शंभू सिंह, इंद्रदेव राम, दिनेश पासवान, विकास पासवान, रामेश्वर चौधरी, गिरवर चौधरी, शंकर चौधरी, धनंजय, मृत्युंजय पासवान, जितेंद्र पासवान, पिंटू चौधरी, रविंद्र चौधरी, शंकर पासवान सहित कई कार्यकर्ता व लोग मौजूद थे।

## घर से निकली युवती प्रेमी संग हुई फरार, मामला दर्ज

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र की एक युवती घर से निकलकर प्रेमी संग भाग जानें का मामला सामने आया है। इस संबंध में युवती के भाई ने हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन दिया है। थाने में दिये गए आवेदन में लिखा है की मेरी बहन जिसकी उम्र करीब 24 वर्ष है। घर से बोल कर निकली कि मैं अपने कुछ कागजात का फोटो कॉपी कराने बाजार जा रहीं हूं। शाम तक जब वह घर वापस नहीं लौटने पर काफी खोजबीन की, परंतु उसका कुछ भी पता नहीं चला पाया। उसी दिन देर शाम मेरे मोबाइल फोन पर कॉल आया। जब मैं कॉल रिसीव किया तो मेरी बहन बोली की मैं अब घर वापस नहीं आऊंगी। उस मोबाइल नंबर का जांच करवाया तो वह उतर प्रदेश के मोहल्ला राजेंद्रनगर, बलिया उत्तर प्रदेश निवासी तन्मय सिंह का नाम आया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि उसने ही मेरी बहन को शादी का झांसा देकर फरार हो गया है। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि युवती के भाई के लिखित आवेदन के अधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## बिजली विभाग की लापरवाही, टूटे खंभे के सहारे झूल रहा ट्रांसफॉर्मर

### दो दिन में सब ठीक कर दिया जाएगा : कनीय अभियंता



**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी रोड।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र मे बिजली विभाग भगवान भरोसे ही चल रहा है। प्रखंड में पहले कई बार घट चुकी है घटना, ताजा मामला जोगा पंचायत के जोगा गांव से है जहां 63 केबी का ट्रांसफॉर्मर टूटे पोल के सहारे लटक रहा है। विभाग को लिखित सूचना देने के बाद भी अभी तक इस पर ध्यान नहीं देना बड़ी लापरवाही को दशार्ता है,। पंचायत के मुखिया कमला देवी ने बताया कि जोगा में दो जगह पोल क्षतिग्रस्त हुआ है। इसकी जानकारी विभाग के जेई को दी गई तो उन्होंने कहा कि लिखित दीजिए ,जब लेटर पैड पर लिखित दिया गया, फिर भी अभी तक पोल को बदला नहीं गया है। अगर यही स्थिति रही तो कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है। इस संबंध में जानकारी हेतु विभाग के कनीय अभियंता विकास कुमार से फोन पर सम्पर्क करने पर उन्होंने बताया कि एक दो दिन में सब ठीक कर दिया जाएगा।

## पेज एक के शेष

**भाजपा झारखंड की संपदा लूटकर ...**

अपनी मातृभाषा से हम अपने बच्चों को शिक्षित करेंगे। हर प्रखंड में मॉडल स्कूल का निर्माण कराया जाएगा। जनसभा के दौरान संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि झारखंड शहीदों की धरती है, इसे लूटने नहीं दिया जाएगा। भाजपा भारतीय जुमलाबाज पार्टी बन गई है। झारखंडी सीधी लड़ाई लड़ना जानते हैं लेकिन भाजपा पीठ पर छुरा भोकने का काम करती है।

**जातीय जनगणना और विकास की...**

जातीय आरक्षण से इस प्रकार एक और संभ्रांत वर्ग तैयार होगा जो सिर्फ किसी जाति विशेष में जन्म लेने के कारण नेतृत्व से लेकर नौकरी तक में सुविधाजनक हिस्सेदारी लेगा, जबकि आर्थिक आधार पर आरक्षण की मांग सदियों पुरानी है क्योंकि सैंकड़ों वर्ष पहले के राजे रजवाड़े या उनके मंत्री कारिंदे इस आधार पर सार्वजनिक धन से संचालित सुविधाओं या अवसर से इस आधार पर वंचित किए जा रहे हैं कि उनके पुरखों की जाति संपन्न थी और शक्तिशाली थी. संविधान की रचना इस मूल भावना के साथ की गई है जिसमें समतामूलक,बिना भेदभाव के समान अवसर के सिद्धांत निरोपित हैं और न्यायालयों में ऐसे मामले भी जाते रहते हैं जिसमें सिर्फ राजनैतिक लाभ के लिए असीमित आरक्षण नहीं दिया जा सकता . इसकी 50 प्रतिशत की सीमा भी तय की गई है. आज भारत की पहचान 140 करोड़ की आबादी वाले सबसे बड़े बाजार ही नहीं एक शक्तिशाली देश के रूप में बन रही है जिसमें विकसित देशों की तरह पेशेवर युवाओं की आवश्यकता है न कि संदिग्ध,दागी और सत्तालोलुप नेताओं की. अब अगले चुनाव के परिणाम तक यह तय हो जाएगा कि भारत को विकसित देशों की तरह वैश्विक अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करना है या जाति,धर्म,क्षेत्रीयता के आधार पर विवादों को उभार कर पड़ोसी देशों की तरह विश्व बैंक और आइएमएफ के आगे कटोरा फैलाने की ?

वैसे चुनावी माहौल में जनता से लोक लुभावन वादे करना और जीत जाने के बाद उन्हें भूल जाना या कानूनी दांव पेंच में उलझाना एक परंपरा का रूप ले चुका है . फ्री बिजली, फ्री लोन के बाद शत प्रतिशत आरक्षण जैसे असंभव या अव्यवहारिक वादे करने वालों को सुप्रीम कोर्ट भी चेतावनी दे चुका है .गांधी जी जैसे व्यक्तित्व की जयंती मनाने में जातीय गौरव दिखाने वाले लोग न तो गंधीजी को पढ़ते हैं न समझते हैं और आजादी के बाद उनके नाम का इस्तेमाल करने वाले लोगों ने उनका कद भी छोटा कर दिया .नेताओं को याद रखना चाहिए कि वे ग्राम स्वराज्य और अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की बात करते थे .मानव मात्र को एक मानने वाले उनके नए समर्थक बापू के सत्य अहिंसा और अस्तेय के विचारों को मानते नहीं इसके उलट उन्हें जातीय जंजाल में शामिल कर रहे हैं ।

**पहले प्रधानमंत्री के घर में प्रधानमंत्री पैदा होता था...**

तो यहां की जनता भी विकसित होगी। मुंडा ने कहा कि मुझे कृषि मंत्री के तौर पर भी काम करने अवसर मिला है। इस क्षेत्र में खेती-किसानी की अपार संभावनाएं हैं और इसको लेकर हम सभी मिलकर भविष्य में काम करेंगे। साथ ही मुझे जब से कृषि मंत्रालय का कार्यभार मिला है, तब से लेकर चुनाव घोषणा होने के पहले तक खूंटी लोकसभा में कई कृषि मेले का आयोजन किया जा चुका है। जिसका लाभ यहां के किसानों को मिला है। क्षेत्र के कई किसानों को दिल्ली औ? बैंगलौर में प्रशिक्षण भी दिया गया है, जिससे यहां उन्नत खेती की संभावना बढ़े। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि मोदी की गारंटी से ही देश विकसित बनेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 60 साल तक जनता से झूठे वादे करती रही। इस चुनाव में भी व लोगों से झूठे वादे कर वोट लेना चाहती है, परन्तु देश झूठे वादों से नहीं चलती। उन्होंने कहा कि झूठे वादों को नहीं बल्कि नरेंद्र मोदी के द्वारा किये गये कार्यों को देखकर वोट करें। देश अगर चलेगा तो मोदी की गारंटी से चलेगा। उन्होंने कहा कि देश को सुरक्षित व मजबूत बनाने के लिए वोट करना है। देश में कोई भूखा ना रहे यही मोदी का संकल्प है। मुंडा ने कहा कि पहले प्रधानमंत्री के घर में प्रधानमंत्री पैदा लेता था, अब गरीब के घर में प्रधानमंत्री पैदा लेता है। नरेन्द मोदी गरीब का बेटा है, इसलिए वे गरीबों की चिंता करते हैं. उन्होंने कहा की कांग्रेस के लोग अपवाह फैला रहे हैं कि मोदी संविधान बदल देगा.आरक्षण खत्म कर देगा. इस तरह का अपवाह फैलाकर तथा लोगों को डराकर वोट लेना ठीक नहीं हैं। अतः इस तरह के झूठ में ना पड़ें. चुनाव प्रचार के दौरान,पंडरा, डोड़मा, तपकारा, तोरपा में कई लोगों ने भाजपा का दामन थामा।






## माधवी राजे की तबीयत बिगड़ी सिंधिया दिल्ली रवाना

**भोपाल।** केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की माताजी माधवी राजे सिंधिया की रविवार दोपहर तबीयत और ज्यादा बिगड़ गई। इसकी जानकारी मिलने के बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने सारे कार्यक्रम रद्द कर दिए और भोपाल से विशेष विमान से दिल्ली रवाना हो गए। वहीं, उनके बेटे महान आर्यमन एक रूटीन फ्लाइट से दिल्ली रवाना हुए। ज्योतिरादित्य की पत्नी पहले ही दिल्ली पहुंच चुकी हैं। दरअसल, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। सिंधिया परिवार चुनाव प्रचार में लगा हुआ है। जानकारी के मुताबिक, ज्योतिरादित्य की माताजी माधवी राजे सिंधिया पिछले करीब डेढ़ मरीने से दिल्ली के एम्स में भर्ती हैं। दो दिन पूर्व ही उनकी सर्जरी हुई है। दो दिन पहले भी माधवी राजे सिंधिया की तबियत बिगड़ने की सूचना मिली थी। तब प्रियदर्शनी राजे सभी कार्यक्रम रद्द कर दिल्ली पहुंच गईं थीं। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में शामिल गुना संसदीय सीट पर मंगलवार, 07 मई को मतदान होना है। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन रविवार को दोपहर में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ मुंगावली में चुनावी सभा कर रहे थे।

## पीएम को आरक्षण की सीमा हटाने की चुनौती : राहुल

**एजेंसी। निर्मल / तेलंगाना**

*कांग्रेस सत्ता में आई तो इस सीमा को समाप्त करेगी*

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाने की चुनौती देते हुए रविवार को कहा कि यदि कांग्रेस सत्ता में आई तो वह इस सीमा को समाप्त कर देगी। तेलंगाना के आदिलाबाद लोकसभा क्षेत्र के निर्मल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी आरक्षण के खिलाफ हैं और इसे समाप्त करना चाहते हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा, नरेंद्र मोदी को देश से यह वादा करना चाहिए कि वह 50 प्रतिशत की सीमा हटा देंगे क्योंकि कांग्रेस ऐसा करने वाली है। नरेंद्र मोदी ने अब तक अपने किसी भी भाषण में नहीं कहा है कि वह आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा समाप्त करेंगे। आरक्षण की सीमा 50 फीसदी से ज्यादा करने को देश के समक्ष सबसे बड़ा मुद्दा बताते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में ओबीसी, दलितों और जनजातीय लोगों के साथ न्याय करने का वादा किया है। उन्होंने दोहराया कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) संविधान को समाप्त करना चाहते हैं। संविधान की एक प्रति लहराते हुए उन्होंने कहा, यह चुनाव दो विचारधाराओं के बीच है। एक तरफ कांग्रेस संविधान को बचाने की कोशिश कर रही है तो दूसरी तरफ भाजपा और आरएसएस संविधान को समाप्त कर गरीबों को दिये गये अधिकार छीनना चाहती है।

## कांग्रेस ने ओडिशा की पांच विधानसभा सीटों पर उम्मीदवार बदले

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

कांग्रेस ने रविवार को ओडिशा की पांच विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार बदल दिये। साथ ही उसने एक और सीट पर उम्मीदवार के नाम की घोषणा की। पार्टी ने कटक जिले की अथागढ़, अंगूल जिले की अथमल्लिक, जाजपुर जिले की बारी, बालेश्वर जिले की जलेश्वर और पुरी विधानसभा सीटों के उम्मीदवार बदले हैं। पार्टी से नाराज चल रहे वरिष्ठ नेता सुदर्शन दास को जलेश्वर से देबी प्रसन्ना चंद की जगह और उमा बल्लभ रथ को पुरी सीट से सुजीत महापात्रा की जगह टिकट दिया गया है। भाजपा के पूर्व नेता देबाशीष नायक को शनिवार को कांग्रेस में शामिल होने के कुछ ही घंटे बाद बारी विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। इस सीट से पहले आरती देव को टिकट दिया गया था। नायक दो महीने पहले ही सत्तारूढ़ बीजू जनता दल छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। कांग्रेस ने अथमल्लिक से बीमार चल रहे विजयानंद चौलिया की जगह उनके भाई हिमांशु चौलिया को नया उम्मीदवार घोषित किया है।

## भारत के भविष्य के लिए करें वोट : इन्द्रेश कुमार

**लखनऊ** । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य इन्द्रेश कुमार ने रविवार को कहा कि शहाबुद्दीन, अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी और अब्बास हमारे आदर्श नहीं हो सकते। रसखान, रहीम, कबीर, डा.एपीजे अब्दुल कलाम, मोहम्मद करीम छागला और वीर अब्दुल हमीद हमारे आदर्श हैं। इसलिए दंगामुक्त हिन्दुस्तान के लिए और देश के भविष्य के लिए जाति एवं मजहब से ऊपर उठकर वोट करें। इन्द्रेश कुमार लखनऊ में अंतरराष्ट्र बौद्ध शोध संस्थान के सभागार में आयोजित सर्व धर्म समभाव संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

# रामलला दर्शन पर हुआ विरोध तो राधिका खेड़ा ने छोड़ी कांग्रेस

**अयोध्या में रामलला का दर्शन करने के बाद पार्टी में हुआ मेरा तीव्र विरोध | पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम लिखा पत्र, बताई अपनी पीड़ा**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस की नेशनल मीडिया कोऑर्डिनेटर राधिका खेड़ा ने रविवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अयोध्या में राम लला का दर्शन करने के बाद पार्टी में उनके साथ बेहद खराब व्यवहार किया गया। सनातन व अयोध्या में रामलला के विरोध के मुद्दे पर पार्टी से इस्तीफा देने वाली मीडिया सेल से जुड़ी राधिका तीसरी सदस्य है। मालूम हो कि पांच दिन पहले ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने भी कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। वहीं पार्टी के प्रखर राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने भी सनातन और राम मंदिर आमंत्रण के विरोध का हवाला देते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया था,वहीं पार्टी के एक और राष्ट्रीय प्रवक्ता रोहण गुप्ता ने भी सनातन के अपमान का आरोप लगा पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। राधिका ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम एक पत्र में लिखा कि आदिकाल से ये स्थापित



सत्य है कि धर्म का साथ देने वालों का विरोध होता रहा है। हिरण्यकश्यपु से लेकर रावण और कंस तक इसका उदाहरण हैं। वर्तमान में प्रभु श्रीराम का नाम लेने वालों का कुछ लोग इसी तरह विरोध कर रहे हैं। अयोध्या राम मंदिर का जिक्र करते हुए उन्होंने लिखा कि हर हिंदू के लिए प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली पवित्रता के साथ बहुत मायने रखती है और राम लला के दर्शन मात्र से जहां हर हिंदू अपना जीवन सफल मानता है, वहीं, कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं। मैंने जिस पार्टी को अपने 22 साल से ज्यादा दिए, जहां एनएसयूआई से लेकर एआईसीसी के मीडिया विभाग में पूरी ईमानदारी से काम किया, आज वहां ऐसे ही तीव्र विरोध का सामना मुझे करना पड़ा है क्योंकि मैं अयोध्या में राम लला के दर्शन करने से खुद को रोक नहीं पाई।

**प्राथमिक सदस्यता से दिया इस्तीफा**

### सागर में कांग्रेस विधायक भाजपा में शामिल

**सागर।** मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा है। सागर के बीना विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक निर्मला सप्रे ने रविवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष रविवार को सागर के राहतगढ में जनसभा के दौरान बीना से कांग्रेस विधायक निर्मला सप्रे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री ने उनका पार्टी में स्वागत किया। चुनाव के दौरान भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाली निर्मला सप्रे कांग्रेस की तीसरी विधायक हैं। बता दें कि कुछ दिन पहले ही कांग्रेस के विजयपुर से विधायक रामनिवास रावत ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। वहीं, चुनाव के पहले चरण से पूर्व छिंदवाड़ा जिले के कांग्रेस विधायक कमलेश शाह ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी।







## रामलला के दर्शन के बाद पीएम मोदी का मेगा रोड शो

**एजेंसी। अयोध्या**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अयोध्या में भगवान श्री रामलला का दर्शन पूजन करने के बाद सुग्रीव किला से रोड शो की शुरूआत की। प्रधानमंत्री मोदी इटावा और धौरहरा की जनसभाओं को संबोधित करने के बाद शाम को अयोध्या हवाई अड्डे पहुंचे जहां से सड़क मार्ग से भगवान श्रीराम के मंदिर पहुंचे। मोदी ने अयोध्या से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार व सांसद लल्लू सिंह के समर्थन में फूलों और बैनर से सजे एक खुले वाहन (रथ) पर सवार होकर रोड शो शुरू किया और वाहन पर उनके साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और लल्लू सिंह मौजूद थे। पीएम मोदी के रोड शो के दौरान भारी संख्या में लोगों का जमावड़ा देखा गया। इस दौरान लगातार '400 पार' के नारे लग रहे थे। प्रधानमंत्री के अभिनंदन व स्वागत के लिए राम पथ के दोनों तरफ जनता काफी पहले से उनका इंतजार कर रही थी। इस दौरान उनकी सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम किये गये हैं। सुग्रीव किला से लता मंगेशकर चौक तक करीब दो किलोमीटर की दूरी के बीच मोदी के रोड शो के लिए 75 ब्लॉक बनाये गये थे जहां हर वर्ग के लोग प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए मौजूद थे।

## पीएम मोदी ने देश को विकास की ऊंचाई पर पहुंचाया : मीनाक्षी लेखी

**शिमला।** भाजपा की वरिष्ठ नेत्री मीनाक्षी लेखी ने यहां रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा रिपोर्ट कार्ड लेकर जनता के बीच में गई है। वहीं, कांग्रेस पिछले 16 महीने का रिपोर्ट कार्ड नहीं दिखा पा रही है। प्रदेश में सुख की नहीं, दुख की सरकार है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में 2014 का पूरा बजट करीब 57 करोड़ था, जो आज करीब 59 करोड़ पहुंच गया। इससे साफ है कि हिमाचल प्रदेश को केंद्र से कितना पैसा आया है, क्योंकि यह सारा बजट केंद्र आधारित होता है। सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू से निवेदन है कि बजट बनाना महिलाओं से सीख ले, हम घर चलना भी जानते हैं और सरकार चलाना भी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में भारत को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। सभी क्षेत्रों में बदलाव दिखाई दे रहा है। 2004 से 2014 में जब केंद्र में यूपीए सरकार और 2014 से 2024 की सरकार में दो युगों को देखा जा सकता है। एक युग को विनाश काल की दृष्टि से और दूसरे को अमृत काल के युग से देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत ने 2021 और 2022 में दो वर्षों की मजबूत आर्थिक वृद्धि के बाद 2023 में भी अपनी निरंतर एवं तेज रफ्तार को कायम रखा है।

## अनंत हमारी पार्टी में अपराधी थे, जदयू में संत हो गए

**एजेंसी। दरभंगा**

बिहार के बाहुबली नेता और मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह के पैरोल पर बाहर निकलते ही सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एनडीए गठबंधन पर तंज कसा है। उन्होंने बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि जब तक अनंत सिंह हमारे साथ थे, तब तक वे अपराधी थे। अब, अनंत सिंह जनता दल यूनाइटेड में चले गए हैं, तो संत हो गए हैं। दरभंगा में चुनावी जनसभा के दौरान गोधरा कांड को लेकर लालू यादव पर किए गए कटाक्ष पर पलटवार करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि गोधरा कांड में अटल बिहारी वाजपेयी जी ने किस पर गुस्सा निकाला था। अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि राजधर्म का पालन करो। तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री मोदी पर चुटकी लेते हुए कहा कि कम से कम हमारी बात नहीं तो, अटल बिहारी वाजपेयी जी की बात को मान लें। तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि कर्नाटक में जाकर बलात्कारी, जिसने तीन हजार लोगों का शोषण किया था। वहां भी उनके समर्थन में यही बोले थे। बता दें कि राज्य सरकार के गृह मंत्रालय ने अनंत सिंह को अपनी पुश्तैनी जमीन-जायदाद के बंटवारे के लिए 15 दिनों की पैरोल पर रिहा करने का निर्देश दिया है।



## नामांकन के दौरान कन्हैया अपने ऊपर दर्ज केस के बारे में बताएंगे : मनोज तिवारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली उत्तर-पूर्वी सीट से कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार सोमवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन दाखिल करने से पहले भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने उन पर तीखा हमला बोला है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि सोमवार को कन्हैया कुमार नामांकन के दौरान बताएंगे कि उनके ऊपर कौन-कौन से मुकदमे चल रहे हैं, कौन सी धाराओं में वह जमानत पर बाहर हैं। उनके नामांकन करने से हमें कोई फर्क नहीं पड़ता, हमारा लक्ष्य पीएम मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। पार्टी के कार्यकर्ता खुद कह रहे हैं कि कन्हैया कुमार को कैसे वोट देंगे जो देश तोड़ने की बात करते हैं।

# वैश्विक लोकतांत्रिक व्यवस्था में भारतीय चुनाव और आयोग का महत्वपूर्ण स्थान

*'लोकतंत्र के महापर्व' को देखने भारत पहुंचे हैं 23 देशों के 75 प्रतिनिधि*

*प्रतिनिधियों को ईवीएम और वीवीपैट के कार्यप्रणाली की दी गई जानकारी*



**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंटरनेशनल इलेक्शन विजिटर्स प्रोग्राम (आईईवीपी) के हिस्से के रूप में भारतीय आम चुनावों को देखने के लिए 23 देशों के 75 प्रतिनिधि भारत में हैं। इस कार्यक्रम का उद्घाटन रविवार को नई दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार एवं सुखबीर सिंह संधू की उपस्थिति में किया गया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय चुनाव और चुनाव आयोग के प्रयास विश्व के लोकतांत्रिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। प्रक्रिया और क्षमता के संदर्भ में यह काफी बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारतीय चुनाव क्षेत्र अद्वितीय है। यहां चुनावी पंजीकरण और मतदान दोनों ही अनिवार्य नहीं हैं। ऐसे में चुनाव आयोग को पूरी तरह से प्रेरक के तौर पर काम करना होता है। नागरिकों को स्वेच्छा से मतदाता सूची का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करना और उसके बाद व्यवस्थित मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करना होता है। आयोजन से इतर आयोग ने कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान एवं नेपाल के मुख्य चुनाव आयुक्तों और उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ द्विपक्षीय बातचीत भी की। इससे पहले, दिन में प्रतिनिधियों को ईवीएम-वीवीपैट, आईटी पहल, मीडिया और सोशल मीडिया की भूमिका सहित भारतीय आम चुनाव 2024 के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी गई।

## ओपीएस को लेकर कर्मचारियों को गुमराह किया जा रहा है : कांग्रेस

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के दिग्गज नेता जगत सिंह नेगी ने ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) को लेकर केंद्र की मोदी सरकार को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि ओपीएस को लेकर कर्मचारियों को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार कह रही है कि अगर हम हिमाचल में सत्ता में आते हैं तो ओपीएस को बंद नहीं किया जाएगा। लेकिन, राजस्थान में भाजपा की सरकार बनते ही ओपीएस को बंद कर दिया गया। पीएम मोदी राज्यसभा सत्र के दौरान देश भर में ओपीएस को बंद करने की बात कह चुके हैं तो फिर क्या हिमाचल भाजपा के नेता पीएम मोदी से ऊपर का दर्जा रखते हैं, जो कह रहे हैं कि ओपीएस को बंद नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा हिमाचल में भी ओपीएस को बंद करने की मंशा रखती है।

## चुनाव के रंग




आम आदमी पार्टी (आप) के कई नेता रविवार को दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। भाजपा में जाने वाले 'आप' नेताओं में हरियाणा के सह-प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह भी शामिल हैं।



मैनपुरी में अखिलेश यादव के रोड शो के बाद सपा समर्थकों ने महाराणा प्रताप की मूर्ति पर चढ़कर पार्टी का झंडा लगा दिया।



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने रविवार को दक्षिणी दिल्ली में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने जनता से 'जेल का जवाब वोट से' देने की अपील की।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com